आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 19°C |

इनसाइड न्यूज

यूपी में पहली बार कानून व्यवस्था चुनाव का मुद्दा बनी, 2017 के...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शनिवार 07 मार्च, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 144 | www.janexpresslive.com/epaper

समुद्र बन रहे वैश्विक शक्ति संतुलन... 12

# ईरान के शिराज शहर पर हमले में 20 की मौत

## ईरान ने इजराइल-अमेरिका का ड्रोन गिराया, फारस की खाड़ी में 52 फ्रांसीसी जहाज फंसे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव/तेहरान

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज सातवां दिन है। इजराइल और अमेरिका ने ईरान के शिराज शहर पर हमला किया। ईरानी मीडिया के मुताबिक इस हमले में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 घायल हो गए। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक यह हमला शहर के जीबाशहर इलाके के रिहायशी क्षेत्र में हुआ, जिसमें कई आम लोग मारे गए। इस हमले में दो मेडिकल कर्मचारियों की भी मौत हो गई। वहीं ईरानी सेना ने लोरेस्तान इलाके में अमेरिका का एमक्यू-9 ड्रोन और इजराइल का एचईआरएमईएस-900 ड्रोन को मार गिराया है। जंग की वजह अंतरराष्ट्रीय व्यापार के रास्ते भी प्रभावित हुए हैं। फ्रांस के परिवहन मंत्री ने कहा कि फारस की खाड़ी में 52 फ्रांसीसी जहाज फंसे हुए हैं और 8 जहाज रेड सी में रुके हुए हैं।



### जंग से जुड़े बड़े अपडेट्स

- ट्रम्प ने खामेनेई के बेटे को उनका उत्तराधिकारी मानने से इनकार किया।
- अमेरिका-इजराइल हमलों में ईरान में 1332 लोगों की मौत।
- ईरान में अब तक 1300 हमले हुए, 14 मेडिकल सेंटर निशाना बने।
- ईरान में कई जगह पानी और बिजली सप्लाई ठप हुई।
- इजराइल ने ईरान के 300 मिसाइल लॉन्चर तबाह किए।
- ईरान बोला- कुवैत-बहरीन और यूएई में 20 अमेरिकी बेस को नुकसान हुआ।

### यूएन बोला, ईरान स्कूल हमले की जल्द जांच हो

संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने ईरान के गर्ल्स स्कूल पर हुए हमले की जल्द जांच कराने की मांग की है। इस हमले में 175 लोगों की मौत हुई थी। तुर्क ने जिनेवा में पत्रकारों से कहा कि इस हमले की जल्द, पारदर्शी और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इस मामले में जांच की घोषणा की है और इसे बहुत तेजी से पूरा किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जांच के साथ-साथ जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होना भी जरूरी है। साथ ही पीड़ितों और उनके परिवारों को उचित न्याय और मुआवजा मिलना चाहिए। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान के मिनाब में हुए इस हमले की जांच की जा रही है। इस हमले में एक गर्ल्स स्कूल को निशाना बनाया गया था।

### ट्रम्प बोले, ईरान मेरे बिना सुप्रीम लीडर न चुने

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान को उनके बिना नया सुप्रीम लीडर नहीं चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए नेता के चयन में अमेरिका की भूमिका जरूरी है और बिना अमेरिका की भागीदारी के ऐसा करना वक्त की बर्बादी होगी। एक्सिओस को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि ईरान अगर अमेरिका को शामिल किए बिना नया सुप्रीम लीडर चुनता है तो इसका कोई मतलब नहीं होगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा है, लेकिन वह इसे स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नया नेता भी पुराने नेतृत्व की नीतियां जारी रखता है तो अमेरिका और ईरान के बीच आने वाले वर्षों में फिर टकराव हो सकता है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ऐसा नेता चाहता है जो ईरान में शांति और स्थिरता ला सके।

### रूस बोला ईरान युद्ध से हमारे तेल-गैस की मांग बढ़ी

ईरान में जारी युद्ध का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दिखने लगा है। क्रेमलिन ने कहा है कि इस संघर्ष के कारण रूसी तेल और गैस की मांग में बढ़ोतरी हुई है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस तेल और गैस की आपूर्ति के मामले में दुनिया के लिए भरोसेमंद सप्लायर रहा है। ईरान युद्ध के चलते दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्गों में शामिल होर्मुज जलडमरूमध्य लगभग बंद हो गया है। यह मार्ग वैश्विक तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई का करीब पांचवां हिस्सा दुनिया तक पहुंचाता है। इसके बाधित होने से कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। पेस्कोव ने कहा कि ईरान में जारी युद्ध की वजह से रूसी ऊर्जा संसाधनों की मांग में बढ़ोतरी देखी जा रही है और कई देश ऊर्जा के लिए रूस की ओर रुख कर रहे हैं। इससे एक दिन पहले अमेरिकी ट्रेजरी ने भारत को 30 दिन की छूट दी है, जिसके तहत भारत समुद्र में फंसे रूसी तेल को खरीद सकता है।

### ईरान जंग के कारण रूस से सस्ता तेल खरीद सकेगा भारत

भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का संकट फिलहाल खत्म हो गया है, क्योंकि भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट मिल गई है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ये लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैलिड रहेगा। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने 6 मार्च को बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत यह अस्थायी कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण पार्टनर हैं और ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है।

### ईरान से अपने नागरिकों को वापस लाएगा इंडोनेशिया

इंडोनेशिया ने फैसला किया है कि वह आज से ईरान में रह रहे अपने नागरिकों को निकालना शुरू करेगा। सरकार के मुताबिक लोगों को धीरे-धीरे सुरक्षित बाहर लाया जाएगा और पहले चरण में उन्हें अजरबैजान के रास्ते निकाला जाएगा। पहले ग्रुप में 32 इंडोनेशियाई नागरिक अपने देश की राजधानी जकार्ता सोमवार या मंगलवार तक पहुंच सकते हैं। बताया गया है कि ईरान में कुल 329 इंडोनेशियाई लोग रह रहे हैं, जिनमें से ज्यादातर छात्र कोम शहर में पढ़ाई कर रहे हैं।

### ईरान के गर्ल्स स्कूल पर हमले में अमेरिका की भूमिका की आशंका

अमेरिकी जांच एजेंसियों को शक है कि ईरान के एक गर्ल्स स्कूल पर हुआ हमला शायद अमेरिकी सेना की कार्रवाई का नतीजा हो सकता है। हालांकि जांच अभी पूरी नहीं हुई है और आखिरी फैसला नहीं आया है। यह हमला दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर में उस दिन हुआ था, जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। ईरान के यूएन में राजदूत ने दावा किया है कि इस हमले में करीब 150 छात्राओं की मौत हुई। हालांकि इस संख्या की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि इस घटना की जांच की जा रही है और अमेरिका जानबूझकर नागरिक जगहों को निशाना नहीं बनाता। अधिकारियों का यह भी कहना है कि आगे जांच में कोई नया सबूत मिल सकता है, जिससे यह साबित हो कि इस हमले के पीछे कोई और जिम्मेदार था। अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक स्कूल, अस्पताल या किसी भी नागरिक इमारत पर जानबूझकर हमला करना युद्ध अपराध माना जाता है।

### ईरानी उप-विदेश मंत्री बोले- आखिरी गोली तक लड़ेंगे

दिल्ली में चल रहे रायसीना डायलॉग 2026 में शुक्रवार को ईरान के डिप्टी विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा- तेहरान के पास अमेरिकी-इजराइली हमले के खिलाफ देश की रक्षा के लिए बहादुरी से लड़ने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है, कसम खाई है कि देश आखिरी गोली और आखिरी सैनिक तक विरोध करेगा। उन्होंने कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान में नेतृत्व बदलने की बात करते हैं, जबकि वे अपने ही देश में न्यूयॉर्क के मेयर तक नियुक्त नहीं कर सकते। यह एक तरह का औपनिवेशिक नजरिया है। वे अपने देश में लोकतंत्र की बात करते हैं, लेकिन ईरान की लोकतांत्रिक सरकार को गिराना चाहते हैं। एएनआई से चर्चा के दौरान खतीबजादेह ने कहा- ईरान इस समय पूरी तरह से युद्ध की स्थिति से गुजर रहा है। जब हम बात कर रहे हैं, मेरे साथी नागरिकों पर अमेरिका-इजराइल का लगातार हमला हो रहा है। मुझे लगता है कि अभी ईरान के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि वह हमलावर के खिलाफ पूरी तरह से विरोध करे।

### फारस की खाड़ी में 52 फ्रांसीसी जहाज फंसे

फ्रांस के परिवहन मंत्री ने बताया कि ईरान जंग की वजह से फारस की खाड़ी में 52 फ्रांसीसी जहाज फंसे हुए हैं और 8 जहाज रेड सी में रुके हुए हैं। इलाके में बढ़ते तनाव की वजह से जहाज आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। फ्रांस सरकार जहाजों पर मौजूद क्रू से लगातार संपर्क में है, क्योंकि कई जहाजों पर फ्रांसीसी नाविक भी सवार हैं। फ्रांस अब इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा के लिए दूसरे देशों के साथ मिलकर कदम उठाने की कोशिश कर रहा है।

### ब्रिटेन में ईरान के लिए जासूसी के शक में 4 लोग गिरफ्तार

ब्रिटेन की पुलिस ने ईरान के लिए जासूसी करने के शक में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि ये लोग लंदन में यहूदी समुदाय से जुड़े लोगों और जगहों पर नजर रख रहे थे। जांच के बाद इन्हें बार्नेट और वॉटफोर्ड इलाके से पकड़ा गया। गिरफ्तार लोगों में एक ईरान का नागरिक है, जबकि तीन के पास ब्रिटेन और ईरान दोनों की नागरिकता है। इनकी उम्र 22 से 55 साल के बीच बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में छह और लोगों को भी हिरासत में लिया है, जिन पर आरोपियों की मदद करने का शक है। पुलिस का कहना है कि यह मामला लंबे समय से जांच में था और अभी भी जांच जारी है।

### अमेरिका-इजराइल हमले में ईरान के 3000 घर तबाह

ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल के हमलों से देशभर में 3000 से ज्यादा घरों और करीब 500 दुकानों को नुकसान पहुंचा है। इन हमलों का सबसे ज्यादा असर राजधानी तेहरान में हुआ है। संस्था के मुताबिक 14 अस्पताल और मेडिसिन सेंटर्स भी हमलों में क्षतिग्रस्त हुए हैं। संस्था ने यह भी बताया कि उसके 5 राहतकर्मी इन हमलों में घायल हुए हैं। इस जंग में अब तक ईरान के 1300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। इजराइली मीडिया वाईनेट के मुताबिक, इजराइली हमले में करीब 300 ईरानी मिसाइल लॉन्चर्स तबाह हो गए हैं। युद्ध की वजह से देश के ज्यादा हिस्सों में बिजली और पानी सप्लाई ठप हो गई है।

# ईरान जंग से हो सकती है रसोई गैस की किल्लत

## तेल कंपनियों को एलपीजी प्रोडक्शन बढ़ाने का आदेश, सरकार ने इमरजेंसी पावर इस्तेमाल किया



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग अगर बढ़ी तो भारत में रसोई गैस की किल्लत बढ़ सकती है। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने ये आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि अब रिफाइनरियां प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल सिर्फ रसोई गैस बनाने के लिए करेंगी।

### सिलेंडर की किल्लत रोकने के लिए सरकार का आदेश

सभी कंपनियों को प्रोपेन और ब्यूटेन की सप्लाई सरकारी तेल कंपनियों को करनी होगी। सरकारी तेल कंपनियों में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम शामिल है। इसका मकसद कंज्यूमर्स को बिना रुकावट गैस सिलेंडर की सप्लाई है।

### सीएनजी कंपनियों ने सरकार को लिखी चिट्ठी, संकट की चेतावनी

गैस की किल्लत को देखते हुए 'एसोसिएशन ऑफ सीजीडी एंटिटीज' ने सरकारी कंपनी गेल को पत्र लिखकर स्पष्टता मांगी है। कंपनियों का कहना है कि अगर कतर से आने वाली सस्ती गैस नहीं मिली, तो उन्हें 'स्पॉट मार्केट' से महंगी गैस खरीदनी पड़ेगी।

- **कीमतों में अंतर:** स्पॉट मार्केट में गैस की कीमत फिलहाल 25 डॉलर प्रति यूनिट पहुंच गई है, जो कॉन्ट्रैक्ट वाली गैस से दोगुनी से भी ज्यादा है।
- **ईवी में शिफ्ट होंगे लोग:** कंपनियों को डर है कि अगर सीएनजी के दाम बढ़े, तो लोग परमानेंटली ईवी की ओर शिफ्ट हो जाएंगे, जिससे गैस सेक्टर को नुकसान होगा।

### सप्लाई संकट की 2 वजह

**'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का लगभग बंद होना**

- भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50% कच्चा तेल और 54% एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। ईरान खुद इसी रूट से एक्सपोर्ट करता है।

**प्लांट पर ड्रोन हमले से एलएनजी का प्रोडक्शन रुका**

- पिछले हफ्ते अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर स्ट्राइक की थी। इसके जवाब में ईरान ने यूएआई, कतर, कुवैत और सऊदी जैसे देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और पोर्ट्स को निशाना बनाया है। ईरान के ड्रोन हमले के बाद भारत को गैस सप्लाई करने वाले सबसे बड़े देश कतर ने अपने रस्लान प्लांट का प्रोडक्शन रोक दिया है। इससे भारत में गैस की सप्लाई घट गई है। भारत अपनी जरूरत की 40% एलएनजी (करीब 2.7 करोड़ टन सालाना) कतर से ही आयात करता है।

### सरकार के आदेश का प्राइवेट कंपनियों पर असर

सरकार के इस फैसले का सीधा असर प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों, खासकर रिलायंस इंडस्ट्रीज पर पड़ सकता है। प्रोपेन और ब्यूटेन का डायवर्जन होने से अल्काइलेट्स के प्रोडक्शन में कमी आएगी, जिसका इस्तेमाल पेट्रोल की ग्रेडिंग सुधारने में किया जाता है। एक्सपर्ट्स और ट्रेड सोर्सेज का कहना है कि प्रोपेन और ब्यूटेन को पेट्रोकेमिकल के बजाय एलपीजी बनाने में इस्तेमाल करने से कंपनियों के मार्जिन पर असर पड़ेगा। पॉलीप्रोपाइलीन और अल्काइलेट्स जैसे पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट्स एलपीजी के मुकाबले बेहतर कीमत पर बिकते हैं।

- **राहत की बात:** अकेले होर्मुज रूट के भरोसे नहीं भारत हालात चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन सरकार ने स्पष्ट किया है कि घबराने की जरूरत नहीं है:
- **रूस पर निर्भरता:** भारत अब अपनी जरूरत का 20% कच्चा तेल रूस से मंगा रहा है (फरवरी में 10.4 लाख बैरल प्रतिदिन), जो होर्मुज रूट पर निर्भरता कम करता है।
- **पर्याप्त भंडार:** सूत्रों के अनुसार, देश के पास वर्तमान में पेट्रोलियम और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। एमआरपीएल जैसी रिफाइनरियों के बंद होने की खबरें महज अफवाह हैं।

# अयोध्या में अमिताभ बच्चन ने खरीदी 2.67 एकड़ जमीन, 35 करोड़ रुपये की हुई रजिस्ट्री

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

फिल्म जगत के महानायक अमिताभ बच्चन ने राम नगरी अयोध्या में बड़ा निवेश किया है। जानकारी के अनुसार, उन्होंने 'द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' से 2.67 एकड़ भूमि करीब 35 करोड़ में खरीदी है। इस जमीन की रजिस्ट्री शुक्रवार को पूरी हुई। बताया जा रहा है कि यह जमीन सरयू तट के पास विकसित हो रही लक्ज़री भूमि परियोजना के नजदीक स्थित है। इस पूरे लेनदेन की प्रक्रिया एबी कॉर्प लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश यादव के माध्यम से संपन्न कराई गई। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में लगातार बढ़ रहे पर्यटन, बेहतर कनेक्टिविटी और तेजी से हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के कारण बड़े निवेशक और सेलिब्रिटीज भी यहां निवेश करने में रुचि दिखा रहे हैं। इसी कड़ी में अमिताभ बच्चन का यह निवेश भी काफी चर्चा में है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में अयोध्या आध्यात्मिक ही नहीं बल्कि रियल एस्टेट निवेश का भी बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में 2.67 एकड़ जमीन करीब 35 करोड़ रुपये में खरीदी है। यह जमीन 'द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' की परियोजना के पास सरयू तट के नजदीक स्थित है।

# लखनऊ के सहारा शहर में ईडी की रेड

## कागजों का बंडल उठाकर ले गई टीम, खंगाले डॉक्यूमेंट



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के सहारा शहर में प्रवर्तन निदेशालय ने रेड मारी है। जमीनों के बैनामे और उनसे जुड़ी सभी संपत्तियों की डिटेल खंगालने के बाद अपने साथ इलेक्ट्रॉनिक डाटा और बंडलों में दस्तावेज को टीम साथ ले गई है। सहारा की तरफ से सहारा शहर में देश भर की संपत्तियों से जुड़े हुए डॉक्यूमेंट गोमतीनगर स्थित कैंपस में रखे हुए थे। सुबह करीब 11 बजे टीम परिसर में पहुंची। इसके बाद करीब 4 घंटे तक जांच पड़ताल हुई। इसमें सहारा के एचआर ऑफिस, हाउसिंग और सहाराश्री सुब्रत रॉय के ऑफिस पर जांच पड़ताल की। टीम को सबसे अधिक डॉक्यूमेंट एचआर ऑफिस पर मिले हैं। यहां पर जांच-पड़ताल के बाद टीम उन डॉक्यूमेंट अपने साथ में ले गई। दो गाड़ियों के साथ में श्रेष्ठ के करीब 4 अधिकारी आए हुए थे। सहारा प्रबंधन से जुड़े हुए दो लोग भी टीम के साथ में मौजूद थे। इन लोगों से पूछताछ के आधार पर टीम जांच-पड़ताल कर रही थी। इस दौरान नगर निगम की टीम भी मौजूद रही।

### नगर निगम से अनुमति मिलने के बाद टीम गई अंदर

लीज डीड की शर्तों का उल्लंघन करने के बाद नगर निगम की टीम ने सहारा शहर को 6 अक्टूबर को सील कर दिया था। इसके बाद से यह जमीन नगर निगम के कब्जे में है। यहां पर नगर निगम की ईटीएफ फोर्स सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात है। शुक्रवार को टीम के पहुंचने के समय नगर निगम के संपत्ति विभाग से जुड़े हुए अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। इसके बाद यह लोगों को अपने साथ में अंदर लेकर गए, जिसके बाद में जांच-पड़ताल हुई। फिलहाल, नगर निगम के अधिकारी टीम के आने की बात से संबंधित कोई जानकारी देने से बच रहे हैं।

### समूह से जुड़े लोगों की बढ़ रहीं मुश्किलें

समूह के संपत्तियों को बेचा जा रहा है। इसी को लेकर सहारा समूह से जुड़े लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इसका खुलासा ओडिशा समेत तीन राज्यों में ईडी की कार्रवाई से हुआ है। अंदेशा है कि और भी प्रदेशों की संपत्तियों को बेचा जा रहा है या फिर बेचने की कोशिश हो रही है। इसी के तहत टीम लखनऊ में जांच करने पहुंची थी। इसमें ईडी देशभर की संपत्तियों को लिस्ट कर जांच में जुटी है।

### नियमों की हुई है अनदेखी

ईडी ने 26 फरवरी को कोलकाता आंचलिक कार्यालय की टीम ने ओडिशा के बहरामपुर व भुवनेश्वर, आंध्र प्रदेश के अनंतपुर और कर्नाटक के बेल्लारी स्थित परिसरों में तलाशी अभियान चलाया था। इसमें पता चला था कि बहरामपुर स्थित सहारा प्राइम सिटी लिमिटेड की 43 एकड़ भूमि में से लगभग 32 एकड़ जमीन दिसंबर 2025 में बेच दी गई है। यह विक्रय एक निरस्त बोर्ड प्रस्ताव के आधार पर एक सहारा कर्मचारी के पक्ष में किया गया। इसमें कोर्ट के निर्देशों की अनदेखी की गई।

# चारधाम यात्रा 2026: अब 50 दिन से भी कम समय शेष, 6500 पुलिसकर्मी होंगे तैनात, 10-10 किलोमीटर में बंटेंगे सेक्टर

जन एक्सप्रेस। देहरादून

चारधाम यात्रा शुरू होने में 50 दिन से भी कम समय बचा है। शासन-प्रशासन स्तर पर इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। यात्रा मार्ग में 6500 पुलिसकर्मी तैनात होंगे। पूरे मार्ग को 10-10 किलोमीटर के सेक्टर में बांटा जाएगा। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे और आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं हैं। उसी आधार पर आगे की कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है। आईजी गढ़वाल ने बताया कि अप्रैल में शुरू होने वाली यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस संबंध में गढ़वाल कमिश्नर की अध्यक्षता में बैठक भी हुई है। सभी विभागों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

### सीसीटीवी और एनपीआर कैमरे लगाए गए

पुलिस चप्पे-चप्पे पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए बारीकी से योजना बना रही है। पिछले वर्षों की यात्राओं के अनुभवों को शामिल करते हुए छोटे से छोटे हर बिंदु पर काम किया जा रहा है। बाकी विभागों के साथ समन्वय किया जा रहा है।





गढ़वाल कमिश्नर ने बताया कि 31 मार्च तक सभी व्यवस्थाएं पूरी करने की समयसीमा तय की गई है। सभी विभागों को इसी हिसाब से काम करने के निर्देश दिए गए हैं। पंजीकरण करवाकर चारधाम यात्रा में आने वाले लोगों को उनके मोबाइल नंबर पर संदेश के जरिये रूट डायवर्जन और खराब मौसम की जानकारी दी जाएगी। आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि पिछले साल भी इस तरह की व्यवस्था की गई थी जो कारगर रही थी। इसलिए इस साल भी लोगों को पहले ही संदेश भेज दिए जाएंगे ताकि वो अपनी यात्रा उसी हिसाब से प्लान करें। सभी धामों में सुरक्षा व्यवस्था बनाने और भीड़ के सही अनुमान के लिए सीसीटीवी और एनपीआर कैमरे लगाए गए हैं।

### भीड़ नियंत्रण का अलग प्लान

राजीव स्वरूप ने बताया कि आगामी यात्रा सीजन में बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। इसलिए भीड़ नियंत्रण के लिए अलग से कार्ययोजना बनाई जा रही है। हर जिले में भीड़ नियंत्रण का अलग-अलग प्लान होगा। जिला पुलिस उस पर काम करेगी। पहाड़ों में भीड़ बढ़ने पर बाहर से आने वाले यात्रियों को हरिद्वार, देहरादून और ऋषिकेश जैसे स्थानों पर रोका जाएगा। यहां उनके रुकने, खाने आदि की व्यवस्थाएं रहेंगी। उन्होंने बताया कि भीड़ नियंत्रण के लिए एसओपी तैयार की गई है। सभी धामों की क्षमता और लोगों की मौजूदगी के संदर्भ में वैज्ञानिक अध्ययन किए गए हैं। उसी हिसाब से यात्रा का संचालन और रजिस्ट्रेशन किया जाता है। भीड़ ज्यादा बढ़ने पर यात्रा रोकने और डायवर्ट करने की भी योजनाएं बनाई गई हैं।

### भूस्खलन क्षेत्रों में तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

पुलिस विभाग ने चारधाम यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले भूस्खलन क्षेत्रों की सूची तैयार की है। पिछले साल 58 भूस्खलन क्षेत्र चिह्नित किए गए थे। पिछले साल आई आपदा के बाद कुछ नए क्षेत्र भी ऐसे चिह्नित हुए हैं जो अब भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील हैं। इन सभी स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही इन स्थानों जेसीबी तैनात रहेंगी। इसके लिए पीडब्ल्यूडी, एनएच और बीआरओ की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। इन विभागों के कर्मचारी भी संवेदनशील स्थानों की लगातार उनकी निगरानी करेंगे।

### काम की बातें

- इस बार प्रमुख स्थलों पर क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। जिससे यात्री मोबाइल पर ही स्थान की जानकारी पा सकें।
- ट्रैफिक जाम या आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए यात्रियों को मोबाइल पर अलर्ट भेजा जाएगा।
- पर्यटकों के वाहनों के लिए ग्रीन कार्ड अनिवार्य होगा।

# सफाई व्यवस्था दुरुस्त न हुई तो नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के खिलाफ होगी दण्डात्मक कार्यवाही

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को संयुक्त रूप से रामघाट, सीतापुर एवं बेड़ी पुलिया क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने रामघाट के समीप पार्किंग हेतु प्रस्तावित विवादित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसीलदार को निर्देशित किया कि तत्काल भूमि की पैमाइश कराकर स्थिति स्पष्ट करें तथा अवैध अतिक्रमण को अविलंब हटाया जाए।

रामघाट पुलिस सहायता केंद्र निरीक्षण के दौरान रामघाट प्रवेश द्वार पर लगे अवैध पोस्टर व पंपलेट देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि शहर में अवैध रूप से प्रचार सामग्री लगाने वालों के विरुद्ध जुर्माना अधिरोपित कर विधिक कार्रवाई की जाए। राजस्व वृद्धि हेतु उन्होंने विज्ञापन सामग्री के लिए विधिवत टेंडर प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने 1122.58 लाख की लागत से बन रहे पर्यटन सुविधा केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने बाउंड्री वॉल से सटी निजी दीवार को हटाने तथा गेट पर रखे अवैध लकड़ी के स्टालों को हटाकर संबंधित पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। यूपीटीयू चैराहे पर बंधन योजना के तहत प्रस्तावित पर्यटन सूचना केंद्र हेतु सोमवार तक तहसीलदार व अधिशासी अधिकारी कर्वी को संयुक्त निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करने को कहा गया।

मेले के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए बेड़ी पुलिया क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक ने तहसीलदार को पार्किंग हेतु भूमि चिह्नित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने रामसैया के पास भी पार्किंग स्थल विकसित करने की बात कही। बेड़ी पुलिया चैराहे को अर्ध-चक्राकार आकार में विकसित करने का सुझाव दिया गया ताकि यातायात सुचारू रहे।

निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई संतोषजनक न मिलने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी से कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क किनारे लगी दुकानों को यात्री शेड एवं शौचालय के आगे समतलीकरण कराकर वेंडिंग जोन में स्थानांतरित किया जाए। साथ ही बेड़ी पुलिया चैराहे पर चैड़ीकरण हेतु विभागीय मद से कार्य कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी कर्वी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने बियावल में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



ग्राम पंचायत बियावल में मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया। आयोजित चैपाल में लगभग 250 ग्रामवासी उपस्थित रहें। उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा ग्रामवासियों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, शादी अनुदान योजना, किसान सम्मान निधि एवं पोषाहार वितरण से सम्बन्धित, समूह गठन के माध्यम से स्वरोजगार हेतु एवं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। उपस्थित 2 महिलाओं के द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को पेंशन सम्बन्धी समस्या के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, जिसके निस्तारण हेतु सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण विकास खण्ड मऊ, को निर्देशित किया गया है। जिसका निस्तारण सहायक विकास अधिकारी द्वारा मौके पर ही कर दिया गया है। ग्रामवासियों के द्वारा महिला आंगनाबाडी के द्वारा पोषाहार वितरण में लापरवाही बरतने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, जिस पर उपस्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी मऊ के द्वारा मौके पर ही समस्या का निराकरण कर दिया गया। वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा एक पेड मां के नाम योजना की जानकारी आमजनमानस को दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी जनपद के द्वारा खण्ड विकास अधिकारी मऊ, ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि ग्राम पंचायत में कैम्प लगाकर वृद्धा पेंशन, निराश्रित पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन के अवशेष लाभार्थियों को, जो कि पेंशन पाने से वंचित रह गये है, को एक सप्ताह के अन्दर विशेष शिविर लगाकर लाभार्थियों को रजिस्ट्रेशन कराकर यथाशीघ्र पेंशन का लाभ दिलाया जाये। मौके पर उपस्थित आंगनबाडी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी मऊ को निर्देशित किया गया कि विकास खण्ड अन्तर्गत संचालित आंगनबाडी केन्द्रों का समय से नियमित संचालन कराया जाये। नियमानुसार पोषाहार का वितरण कराया जाये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रभारी चिकित्साधिकारी मऊ को निर्देशित किया गया कि आयुष्मानकार्ड बनाने में तत्परता के साथ 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के आयुष्मानकार्ड अवश्य बनवा दिये जाये, जिससे वृद्धावस्था के कारण होने वाली बीमारियों का सुगमता से ईलाज सम्भव हो सके।

# बिना नोटिस घर गिराने के मामले में भाकियू ने दी आंदोलन की धमकी

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जनपद के मऊ तहसील क्षेत्र से प्रशासनिक कार्यवाई को लेकर एक परिवार ने आरोप लगाया है कि बिना किसी नोटिस और वैधानिक प्रक्रिया के उनका मकान जेसीबी मशीन से गिरा दिया गया। पीड़ित किसान नरेश तिवारी के साथ भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने पूरे मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी मऊ को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार वह कई वर्षों से अपनी निजी भूमि पर मकान बनाकर परिवार सहित निवास कर रहा था। लेकिन अचानक प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और बिना कोई लिखित नोटिस या सूचना दिए जेसीबी मशीन द्वारा मकान को ध्वस्त कर दिया। पीड़ित का कहना है कि यदि निर्माण को लेकर कोई आपत्ति या अवैधता का मामला था तो प्रशासन को पहले नोटिस देना चाहिए था, ताकि वह अपना पक्ष रख सके और कानूनी प्रक्रिया का पालन हो सके। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि राजस्व टीम द्वारा पहले भूमि की पैमाइश की गई थी, जिसमें भूमि उसकी बताई गई। इसके बावजूद बिना किसी पूर्व सूचना के मकान को गिरा दिया गया, जो पूरी तरह नियमों की अनदेखी और प्रशासनिक मनमानी को दर्शाता है। मकान टूटने से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक पीड़ा भी झेलनी पड़ रही है। इस पूरे मामले ने अब राजनीतिक और किसान संगठनों का भी ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष विनय त्रिपाठी तथा अन्य पदाधिकारियों ने मऊ एसडीएम से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। भाकियू जिलाध्यक्ष ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो भारतीय किसान यूनियन द्वारा आंदोलन किया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा किसी अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जाती है तो कानून के तहत पहले नोटिस देना और वैधानिक प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य होता है, लेकिन इस मामले में ऐसा होता नहीं दिख रहा है फिलहाल पीड़ित की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने मामले की जांच कराने की बात कही है। तहसील अध्यक्ष विनय त्रिपाठी, महामंत्री शत्रुघन सिंह, तहसील प्रभारी नीलकंठ द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह, हेमराज सिंह, ज्ञान सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# कटैयाखादर में चौपाल लगाकर एडीएम ने सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

शुक्रवार को ग्राम पंचायत कटैयाखादर में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) स्वप्निल कुमार की अध्यक्षता में जन चैपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह एवं सचिव रामनरायण पाण्डेय नें ग्राम चैपाल का आयोजन कराया। विकासखण्ड रामनगर के खण्ड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम वासियों को शासन द्वारा सभी योजनाओं के बारें में जानकारी दी गयी एवं विभिन्न विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग के योजनाओं के बारे में जनमानस को जागरूक करने के लिए कहा। तथा जन चैपाल में कृषि विभाग का कैम्प, चिकित्सा विभाग का कैम्प, समाज कल्याण विभाग का कैम्प व इण्डियन बैंक का कैम्प लगाया गया। जिसके द्वारा मौजूदा स्थिति में ही जनमानस की समस्याओं का निस्तारण किया गया। जिसमें उपकृषि निदेशक द्वारा विभाग की फार्मर रजिस्ट्री, क्राप सर्वे एवं अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इसके बाद सहायक विकास अधिकारी द्वारा नियोजन विभाग की फैमिली आईडी के बारे में जागरूक किया गया। इसके बाद स्वास्थ केन्द्र रामनगर के चिकित्साधिकारी द्वारा जन चैपाल में आयुष्मान कार्ड के बनाने हेतु कैम्प में जनमानस को कार्ड बनवानें हेतु प्रेरित किया एवं चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं से जनमानस को जागरूक किया। एन.आर.एल.एम. की योजनाओं को सहायक विकास अधिकारी द्वारा स्वयं सहायता समूहों में पात्र लाभार्थियों को जोडकर शासन की विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को लाभान्वित कराये जानें हेतु जनमानस को प्रेरित किया गया। खण्ड शिक्षाधिकारी रामनगर द्वारा छात्र एवं छात्राओं को प्राप्त हो रहे किताबों एवं ड्रेस हेतु अभिभावकों के खात्तों में धनराशि का भुगतान किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के विभिन्न योजनाओं से ग्राम विकास अधिकारी द्वारा वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेशन निराश्रित पेंशन एवं कन्या सुमंगला योजना के बारें में जनमानस को जागरूक किया। पशु चिकित्साधिकारी द्वारा गौवंशों के टीकाकरण एवं मौसमी बीमारियों से गौवंशो के बचाव हेतु जनमानस को जागरूक किया।

# खदान संचालक ने किसानों की फसल को बनाया निशाना! जबरन कर रहे हैं परिवहन

जन एक्सप्रेस । बांदा

मोरंग खदान संचालक का आतंक रुकने का नाम नही ले रहा है जिसके चलते बेचारे किसान इधर उधर भटक रहे हैं और मोरंग खदान संचालक अपनी मन मानी से बीच खेत से जबरन मोरंग भरे हुए ट्रकों का परिवहन कर रहे हैं द्य मामला मरौली गाँव का है जहां के रहने वाले किसान नत्थू पुत्र मंगलिया,राम मूअर्ट पुत्र रामसेवक और बच्चा पुत्र मेदवा और भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष बलराम तिवारी सहित जिला अधिकारी के यहाँ शुक्रवार को शिकायती पात्र देकर बताया की मरौली खंड संख्या 4 मोरंग खदान के संचालक द्वारा जबरन हमारे खेत से मोरंग भरे हुए ट्रकों का परिवहन कर रहे हैं और जब हम लोग रोकते हैं तो हमें बंदूक के बल पर गाली गलौज और मारने की धमकी देते हैं। वहीं किसानों ने बताया की हमारी खेती में जो फसल लगी हुयी है उसको भी मोरंग खदान संचालक नष्ट कर रहे हैं अब ऐसे में हमारी फसल बर्बाद हो जायेगी तो हम लोग तो भूखे ही मर जायेंगे द्य लेकिन जब शिकायती पत्र दिया जा रहा अथा तो उस समय डीएम कार्यालय में मौजूद नही थी जिसको लेकर शिकायती पात्र को सिटी मजिस्ट्रेट को दिया गया है वही सिटी मजिस्ट्रेट ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वाशन दिया है वही मौजूद किसानों ने कहा की अगर सोमवार तक हमारी फसल बर्बाद होने से नही बचाया जाता और हमारे खेत से हो रहे परिवहन को नही रोका जाता तो हम लोग आन्दोलन करने को मजबूर हो जायेंगे।

## 8 को होगी प्रतियोगिता

**चित्रकूट।** क्रीड़ाधिकारी चित्रकूट धाम मंडल अरविंद कुमार सोनकर ने बताया कि खेल निदेशालय द्वारा निर्देश के क्रम में क्षेत्रीय खेल कार्यालय जनपद के तत्यक्रम में फिट इंडिया महिला सप्ताह के उपलक्ष्य में स्पोर्ट्स स्टेडियम चित्रकूट में 8 मार्च को प्रातः 8 बजे से एथलेटिक्स महिला प्रतियोगिता 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिला खिलाड़ी उल ड्डींतंज चवतजंस पर रजिस्ट्रेशन कराकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## यमुना नदी के किनारे पेड़ पर लटकता मिला शव

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के जोरावरपुर गांव के यमुना नदी के किनारे एक पेड़ मे युवक का शव फांसी पर लटकता मिला।मौके पर पहुंची पुलिस जांच मे जुट गई है।बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत कमासिन थाना क्षेत्र के जोरावरपुरा गांव में गुरुवार की दोपहर यमुना नदी के किनारे एक पेड़ पर करीब 21 वर्षीय युवक का शव रस्सी से लटकता हुआ मिला है।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर कमासिन थाना पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई युवक की पहचान अशोक कुमार यादव पुत्र राजेश कुमार यादव उम्र करीब 21 वर्ष निवासी कठार का बताया गया है।वही सूचना मिलते ही परिजन भी पहुंच गए,जैसे ही परिजनों ने देखा तो कोहराम मच गया।वहीं पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से निकालकर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये मेडिकल कॉलेज शहर भेज दिया।जानकारी के मुताबिक मृतक युवक अपने दोस्त के साथ गया था। मृतक का ननिहाल नारायणपुर था दोस्त सिंहवाहनी मंदिर मे छोड़कर चला गया था।उसके बाद मृतक अशोक कुमार यादव जोरावरपुर गांव के पास यमुना नदी के किनारे पेड़ मे रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।वहीं पुलिस के द्वारा इस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा के द्वारा बताया गया कि घटना की जांच की जा रही है।

# नासा वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार प्रजापति का हुआ भव्य स्वागत, युवाओं में दिखा खास उत्साह

जन एक्सप्रेस । बांदा



तिंदवारी कस्बे में उस समय उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला।जब अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नासा वैज्ञानिक डा. अशोक कुमार प्रजापति के आगमन पर अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ जनपद की युवा टीम ने उनका भव्य स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर और सम्मान स्वरूप अभिनंदन कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।स्वागत समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि डा. अशोक कुमार प्रजापति ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है।उनकी उपलब्धियां न केवल प्रजापति समाज बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात हैं।उन्होंने युवाओं को शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी।इस अवसर पर महासंघ के जिलाध्यक्ष सुल्तान भाई प्रजापति ने कहा कि समाज के युवाओं को डा. प्रजापति की उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए।ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तित्व समाज के लिए मार्गदर्शक होते हैं।कार्यक्रम में एडवोकेट रामसेवक प्रजापति,सुधीर कुमार चक्रवर्ती,युवा प्रदेश अध्यक्ष मलखे श्रीवास,कमलाकांत त्रिवेदी,शिवबरन वर्मा सहित अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ उत्तर प्रदेश की टीम के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।सभी ने डा. अशोक कुमार प्रजापति को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बडे ही धूमधाम से निकली भगवान राम की शोभा यात्रा



जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

हर साल की तरह इस बार भी हमारे प्यारे नगर पंचायत कुरारा में होली के दूसरे दिन भाई दूज के पावन मौके पर रामलीला मैदान से भगवान राम की भव्य शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। इसके साथ ही भगवान राम, लक्ष्मण, सीता माता की छवियों के साथ रथ सजाया गया, साथ ही विशाल काय धर्म ध्वज (झण्डा) भी निकाला गया, जो राम भक्ति और एकता का प्रतीक बना रहा। इस मौके पर कुरारा नगर की अध्यक्ष आशा रानी कबीर, नगर पालिका अधयक्ष कुलदीप निषाद, ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल मौजूद रहे, वही पूरे उत्साह के साथ इस यात्रा को कामयाब बनाया गया। जबकि गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों की थाप पर निकली शोभायात्रा देखते ही बनती थी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने कहा कि कुरारा वासियों की भक्ति और एकजुटता देखकर उनका मन गदगद हो गया, इस लिये आगे भी हम सब मिलकर अपनी संस्कृति और राम भक्ति को जीवंत रखने की कोशिश करें।

# यमुना में डूबे युवक का 33 घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग

जन एक्सप्रेस । बांदा



भैया दूज के अवसर पर यमुना स्नान के दौरान डूबे युवक का 33 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है।प्रशासन,एसडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोर लगातार नदी में तलाश अभियान चला रहे हैं,लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चल पाया है।जानकारी के अनुसार कानपुर नगर जिले के सजेती थाना क्षेत्र के किशोरपुर गांव निवासी अभय कुमार (19) पुत्र रामखेलावन गुरुवार सुबह अपने साथियों के साथ यमुना स्नान करने आए थे।उनके साथ विवेक कुमार समेत करीब दस युवक मौजूद थे।बताया जाता है कि बारा घाट पर अधिक भीड़ होने के कारण सभी युवक पीपे का पुल पार कर जिले के जसपुरा थाना क्षेत्र की सीमा में स्थित गलौली-बारा घाट के पास स्नान करने लगे।स्नान के दौरान अचानक अभय कुमार और विवेक कुमार गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। यह देख घाट पर अफरा-तफरी मच गई।मौके पर मौजूद नाविकों ने तुरंत नदी में छलांग लगाकर बचाव कार्य शुरू किया और काफी प्रयास के बाद विवेक कुमार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।जबकि अभय कुमार तेज धारा में बहकर लापता हो गया।घटना की सूचना मिलते ही जसपुरा पुलिस एवं जाफरगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची थी।गुरुवार शाम तक स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कराई गई।लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।शुक्रवार को भी तलाश अभियान जारी रहा। थाना प्रभारी ऋषि देव सिंह ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम प्रभारी अजीत भारती के नेतृत्व में करीब 15 सदस्य लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।टीम अब तक करीब 12 किलोमीटर तक नदी में खोजबीन कर चुकी है।लेकिन 33 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लग सका है।बताया जा रहा है कि लापता अभय कुमार अपने परिवार का सबसे बड़ा बेटा है।उसकी मां ममता,छोटा भाई निर्भय और बहन आस्था हैं।पिता खेती-किसानी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं।घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजन घाट पर पहुंचकर युवक के मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।प्रशासन और राहत टीम लगातार नदी में खोजबीन कर रही है।खबर लिखे जाने तक रेस्क्यू आपरेशन जारी था।

## पत्रकारों व पुलिसकर्मियों ने मनाई होली

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** बबेरू कोतवाली परिसर में होली के दूसरे दिन गुरुवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक जबरदस्त होली खेली गई।जिसमें कोतवाली का समस्त स्टाफ, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत,उप निरीक्षक रामेंद्र सिंह,देवीदीन,अरविंद कुमार सिंह, सहित सभी हेड कांस्टेबल कांस्टेबल के द्वारा जबरदस्त होली खेली गई, जिसमें आए हुए अतिथियों के साथ भी होली के अवसर में अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया।वहीं इस होली के हुड़दंग में डीजे की धुन पर कोतवाली का समस्त स्टाफ जमकर झूमें जिसमें कोतवाली के स्टाफ के साथ-साथ पत्रकार भी शामिल हुए।और एक दूसरे के गुलाल रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया।फिर अंतिम चरण में सभी स्टाफ के लोगों ने एक दूसरे के कपड़े तक फाड़ डालें।और कपड़ा फाड़ होली पर खूब डीजे की धुन पर ठुमके लगाए। वहीं कोतवाली में बने शबरी माता मंदिर पर फाग की टोलियां के द्वारा होली गीत प्रस्तुत किए गए, जिसमें होली गीत पर लोगों को नाचने को मजबूर कर दिया, और बहुत ही अच्छी फाग की टोलियो के द्वारा होली गीत हुऐ।

# बीस दिन पहले मोरंग भरे ट्रक ने तोड़ा पुल! कभी भी हो सकता है हादसा

जन एक्सप्रेस । बांदा



जिला प्रशासन के अपील के बाद भी निकल रहे क्षतिग्रस्त पुल से वाहन मौत को दावत देकर निकल रहे ट्रक और भारी वाहन,पुल से न निकलने के लिए कोई भी सिपाही नहीं है पुल के ऊपर कोई तैनात,मामला नरैनी सतना मार्ग का है।जहां पर गिरवा चौराहे पर बने नहर पुल को ट्रक ने तोड़ दिया था।जिसको लेकर एसपी ने आवागमन बंद करवा दिया था लेकिन इसके बाद भी उसी क्षतिग्रस्त पुल से आवागमन शुरू है।लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा भी एसपी के आदेश का पालन कराने को लेकर कोई भी सुरक्षा का इंतजाम नहीं किया गया है।मामला गिरवा थाने के गिरवा चौराहे का है जहां दिनांक 14 फरवरी की रात्रि को मोरंग भरे ओवर लोड ट्रक ने नरैनी राज्य मार्ग पर गिरवा में बने नहर के पुल को तोड़ दिया था जिससे ट्रक नहर में गिर गया था और उसके बाद बड़ी मशक्कत से ट्रक को बाहर निकाला गया था इसके बाद भी एसपी पलास बंसल द्वारा अग्रिम आदेशों तक उस पुल में आवागमन बंद करवा दिया था लेकिन इसके बाद भी गिरवा पुलिस द्वारा उस पुल से निकल रहे वाहनों को रोका नहीं जा रहा है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है जबकि इसी पुल से मोरंग,गट्टी और भी भारी वाहनों का आवागमन होता है लेकिन वाहनों को रोकने के बजाय वहां से वाहनों का आवागमन धड़ल्ले से कराया जा रहा है।

# शहर से सैकड़ो गाड़ियों के साथ दिल्ली और लखनऊ के लिए रवाना होंगे सनातन प्रेमी

जन एक्सप्रेस । अलीगढ



भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर एवं वैदिक कालीन विरासत गौ माता को राष्ट्र माता बनाने के लिए अब तक अनेक राष्ट्रव्यापी आंदोलन किये जा चुके हैं,जिसमें अनेकों संतों ने अपने जीवन को भी बलिदान कर दिया। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु सनातन धर्म की रीढ़ माने जाने वाले आदि शंकराचार्य की परम्परा को निर्वहन करते हुए ज्योतिष पीठ ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य पूज्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज द्वारा उठाए गए गौ रक्षा आंदोलन एवं गत दिनों पूर्व प्रयागराज माघ मेला में ब्राह्मण वेदपाठी बटुकों के अपमान की निंदा करते हुए आगामी 11 मार्च को लखनऊ में होने वाले विशाल जन आंदोलन में देश भर से लोग आ रहे हैं। वहीं अलीगढ शहर से भी आंदोलन में शामिल होने के लिए शहर के धर्मगुरु पूज्य स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बैठक कर क्षेत्रीय सनातन धर्म प्रेमियों का आवाहन किया।

शुक्रवार को वैदिक स्वर्ण जयंती नगर सीजन्स अपार्टमेंट स्थित वैदिक ज्योतिष संस्थान कार्यालय पर संस्थान के सदस्यों की बैठक में सम्बोधित करते हुए स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने कहा कि सनातन एकता और अखंडता के लिए हम सभी को एकजुट होना आवश्यक है, उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व केंद्र सरकार द्वारा लाए गए त्रष्ट कानून ने सवर्णों के आत्मसम्मान को झकझोरने का कार्य किया है। इस काले कानून के खिलाफ दिल्ली में पूज्य आनंदस्वरुप ब्रह्मचारी द्वारा 8 मार्च को किये जा रहे विशाल आंदोलन में भी शहर से सवर्णों की लगभग 100 गाड़ियों के साथ आंदोलन को मजबूत बनाएंगे। वहीं 11 मार्च को लखनऊ में होने वाले पूज्य शंकराचार्य के गौरक्षा आंदोलन में भी एकजुट होकर सभी सनातनी 150 गाड़ियों के साथ शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि हमारा विरोध सरकार से नहीं हैं लेकिन सत्ता में रहते हुए उनकी कुछ नीतियाँ के खिलाफ हैं। ब्राह्मण जो अनादिकाल से पूजनीय रहे हैं, भगवान भी जिनके सामने नतमस्तक होते हैं ऐसे वेदपाठी बटुकों की शिखा को पकड़ कर खींचना और उनसे माफी तक नहीं मानना एक राजा के लिए यह अत्यंत निंदनीय है, बटुकों के इस अपमान की हम निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि गाय जो हमेशा से अपने बच्चों की तरह पोषण देते हुए आ रही है, आज उस गाय की दुर्दशा देखकर ह्रदय को आघात होता है। सरकार की किस प्रकार की नीतियाँ देखने को मिल रही हैं, इन सभी नीतियों के विरोध में उच्च स्वर के साथ तब तक डटे रहेंगे जब तक कि सनातन विरोधी शक्तियों को जड़ से न उखाड़ दें।

बैठक में गौरव शास्त्री, शिवम व्यास,रवि शास्त्री, कृष्णा शास्त्री, विनीत शास्त्री, तेजवीर सिंह जादौन,राहुल ठाकुर,धीरू ठाकुर,सत्ते ठाकुर,नवीन चौधरी, शिब्बू अग्रवाल, रजनीश वार्ष्णेय, रामगोपाल शर्मा, पवन तिवारी सुमित वर्मा,शैलेन्द्र ठाकुर,समेत अनेकों लोग उपस्थित रहे।



**एक साथ 12 लक्ष्यों को भेदता है रूस का...**

भारत ने नौसेना की हवाई सुरक्षा क्षमता को मजबूत करने के लिए बड़ा रक्षा सौदा किया है। रक्षा मंत्रालय ने कुल 5,083 करोड़ रुपये की खरीद को मंजूरी दी है, जिसमें ALH MK-III हेलीकॉप्टर और वर्टिकल लॉन्च शितल एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। मंत्रालय के... पढ़ें पेज 12 पर...

# डॉक्टरों ने जिस महिला को मृत बताया, वो जिंदा निकली

## अस्पताल में हंगामा, डेथ सर्टिफिकेट पर साइन करा लिया था

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ के एक प्राइवेट अस्पताल में महिला की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। आरोप है कि डॉक्टरों ने डिलीवरी के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजनों से डेथ सर्टिफिकेट पर साइन भी करा लिया था। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू किया तो ढ्रष्ट से महिला को जिंदा बाहर निकाला गया। हालत गंभीर होने पर उसे पहले बलरामपुर अस्पताल फिर वहां से चत्नरू रेफर किया गया। हालांकि, करीब 6 घंटे बाद महिला को बचाया नहीं जा सका। घटना पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना स्थित कृष्णा लाइफ लाइन हॉस्पिटल की है। महिला की पहचान इस्माइलनगर, नगराम निवासी आशु रावत की पत्नी चांदनी कुमारी (22) के रूप में हुई। गुरुवार को चांदनी ने कृष्णा लाइफ लाइन अस्पताल में ऑपरेशन के बाद बेटे को जन्म दिया था। आज, शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे उसकी चत्नरू में मौत हो गई।

### पढ़िए पूरा घटनाक्रम...

परिजनों के मुताबिक, चांदनी कुमारी को गुरुवार सुबह प्रसव पीड़ा हुई। डिलीवरी के लिए दोपहर करीब 12 बजे उसे कृष्णा लाइफ लाइन अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम करीब 7 बजे उसने ऑपरेशन से बेटे को जन्म दिया। उसके बाद डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर बताते हुए ढ्रष्ट में शिफ्ट कर दिया।

### बार-बार रुपए जमा कराता रहा अस्पताल प्रबंधन

महिला के ससुर अनिल कुमार ने बताया- ढ्रष्ट में भर्ती शिफ्ट करने के बाद हॉस्पिटल प्रशासन इलाज के नाम पर बार-बार पैसे जमा कराता रहा। पहले 15 हजार रुपए जमा कराए। फिर 18,500 और 25 हजार रुपए जमा कराए। परिजनों से ब्लड लेकर रातभर चढ़ाते रहे।

### डेथ सर्टिफिकेट पर करवा लिया था साइन

भाई दिनेश ने बताया- शुक्रवार सुबह डॉक्टरों ने 8 यूनिट और खून चढ़ाने के लिए कहा। सुबह करीब 7 बजे मैंने 8 लोगों को खून देने के लिए बुला लिया। इस बीच हॉस्पिटल स्टाफ गुमराह करता रहा, फिर कहा कि तुम्हारे मरीज की मौत हो गई है। उसके बाद डेथ सर्टिफिकेट पर साइन भी करवा लिया।

### हंगामा करने पर जिंदा मिली महिला

महिला की मौत की खबर सुनकर परिजनों ने हंगामा शुरु कर दिया। इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। हॉस्पिटल प्रबंधन से महिला को दिखाने के लिए कहा। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। हंगामा बढ़ता देखकर हॉस्पिटल प्रबंधन ने महिला को ढ्रष्ट से बाहर निकाला तो उसकी सांसें चल रही थीं। करीब 15 मिनट में पुलिस भी पहुंच गई। हॉस्पिटल ने महिला को रेफर कर दिया। उसे एम्बुलेंस से बलरामपुर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर बताते हुए उसे चत्नरू रेफर कर दिया। चत्नरू में इलाज के दौरान दोपहर करीब 1 बजे महिला की मौत हो गई।

### 1 साल पहले हुई थी शादी

चांदनी की एक साल पहले शादी हुई थी। उसका बेटा स्वस्थ है। परिजनों ने कहा कि यदि कृष्णा लाइफ लाइन अस्पताल में सही इलाज होता या समय से रेफर कर दिया जाता तो महिला की जान बच जाती। कृष्णा लाइफ लाइन अस्पताल के लोग पैसा कमाने के चक्कर में लटकाए रहे।

### बच्चे की धड़कन असामान्य और प्लेटलेट्स कम थे

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, चांदनी 9 माह की गर्भावस्था में गुरुवार दोपहर 2:20 बजे भर्ती हुई। बच्चे की धड़कन असामान्य और प्लेटलेट्स कम थे। परिजनों की सहमति से ऑपरेशन किया गया। बाद में हालत बिगड़ने पर दोबारा ऑपरेशन में स्प्लीनिक एन्यूरिज्म से रक्तस्राव मिला, जिसे कंट्रोल किया गया। यह सिजेरियन से संबंधित मामला नहीं था। स्प्लीनिक एन्यूरिज्म का मतलब होता है- तिल्ली की धमनी में असामान्य रूप से गुब्बारे जैसी सूजन या फैलाव। जब तिल्ली तक खून ले जाने वाली धमनी की दीवार कमजोर हो जाती है, तो वह जगह बाहर की तरफ फूल जाती है। इसी स्थिति को स्प्लीनिक आर्टरी एन्यूरिज्म कहा जाता है। अगर यह सूजन फट जाए तो अंदरूनी तेज रक्तस्राव हो सकता है, जो जानलेवा भी बन सकता है।

### पीएम नहीं करवाया, गांव में ही अंतिम संस्कार

परिजनों ने मृतका का पीएम नहीं करवाया। अंतिम संस्कार गांव नगराम के इस्माइलनगर में ही कर दिया है। उन्होंने अस्पताल के खिलाफ एप्लीकेशन भी पीजीआई कोतवाली पुलिस को दी है। हालांकि, पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि उन्हें अब तक कोई शिकायत नहीं मिली है।

# नए ट्रैक्टर में 'टायर कांड'!



■ दो महीने में टायर की साइड वॉल में दरार, फोटो देखकर कंपनी बोली, 'चलाते रहिए'; बिना मौके पर जांच 'कट' बताकर झाड़ा पल्ला

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

**हरदोई।** किसानों के भरोसे पर खरी उतरने का दावा करने वाली ट्रैक्टर कंपनी और अधिकृत डीलर की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। अधिकृत डीलर से खरीदे गए नए ट्रैक्टर के टायर में कुछ ही समय में दरार पड़ने और शिकायत के बावजूद मौके पर तकनीकी जांच न होने से मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। यह विवाद सीधे किसानों की सुरक्षा से जुड़ा होने के कारण चिंता और बढ़ा रहा है। सिकंदरपुर बेनीगंज निवासी साधना सिंह ने 2 अक्टूबर 2025 को प्रतापनगर चौराहा स्थित अधिकृत डीलर मंसूरी ऑटोमोबाइल्स से स्थ्ठ्ठुद्यद्बद्मड्ड ष्ठद्ब-35 ट्रैक्टर खरीदा था। खरीद के समय डीलर द्वारा दिए गए प्रमाण-पत्र में ट्रैक्टर को पूरी तरह दुरुस्त बताते हुए एक वर्ष या 1500 घंटे की वारंटी का भरोसा दिया गया था। लेकिन कुछ ही समय बाद ट्रैक्टर के फ्रंट टायर की साइड वॉल में दरारें दिखाई देने लगीं। किसान ने इसकी शिकायत कंपनी और डीलर से की, लेकिन मौके पर निरीक्षण करने के बजाय कंपनी प्रतिनिधि ने केवल फोटो देखकर ही इसे 'बाहरी चोट' बताकर टायर इस्तेमाल करते रहने की सलाह दे दी।

### हादसे का खतरा

ऑटोमोबाइल विशेषज्ञों के अनुसार टायर किसी भी वाहन की सुरक्षा का सबसे अहम हिस्सा होता है। यदि उसमें निर्माण दोष या संरचनात्मक कमजोरी हो तो चलते समय टायर फटने से बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में बिना तकनीकी परीक्षण के इसे सामान्य बताना किसानों की सुरक्षा से खिलवाड़ माना जा रहा है।

### फोटो देखकर ही दे दिया फैसला

पीड़ित किसान के मुताबिक इस पूरे मामले की शिकायत फोटो और वीडियो के साथ ई-मेल के जरिए सोनालीका कंपनी के इंजीनियर रामेश्वर यादव को कई बार भेजी गई। लेकिन मौके पर आकर टायर का परीक्षण करने के बजाय इंजीनियर ने जेके टायर कंपनी को ई-मेल भेजकर जिम्मेदारी आगे बढ़ा दी और जवाब दिया कि टायर में 'कट लगा है'। अब बड़ा सवाल यही है कि बिना मौके पर तकनीकी जांच किए केवल तस्वीर देखकर टायर में कट होने का दावा कैसे किया जा सकता है? विशेषज्ञ इसे गंभीर तकनीकी लापरवाही बता रहे हैं।

### पीड़ित किसान की मांग

पीड़ित किसान ने कंपनी को भेजे पत्र में टायर की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने निर्माण दोष मिलने पर वारंटी के तहत टायर बदलने अधिकृत डीलर की भूमिका की जांच कराने की मांग की है।

### मामला क्या है?

- **खरीद:** 2 अक्टूबर 2025
- **मॉडल:** Sonalika DI-35 Tractor
- **डीलर:** मंसूरी ऑटोमोबाइल्स, प्रतापनगर चौराहा
- **वारंटी:** 1 वर्ष या 1500 घंटे
- **समस्या:** फ्रंट टायर की साइड वॉल में दरार

### 4 बड़े सवाल

- नया ट्रैक्टर होने के बावजूद टायर में दरार क्यों?
- मौके पर तकनीकी जांच क्यों नहीं हुई?
- केवल फोटो देखकर 'कट' का दावा कैसे?
- वारंटी के बावजूद जिम्मेदारी से बचने की कोशिश क्यों?
- 'जब नया ट्रैक्टर ही खतरे का संकेत देने लगे, तो किसान भरोसा किस पर करे — कंपनी पर या किस्मत पर?'

# रंग लगाने के विवाद में पत्नी को बचाने दौड़े पति की पिटाई से मौत, साली और उसके घरवालों ने डंडों से पीटा



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

ठाकुरगंज में बुधवार को होली पर रंग लगाने के विवाद में पत्नी का बीच बचाव करने पहुंचे श्रमिक को रिश्ते में साली और उसके घरवालों ने डंडों से पीट दिया। शुक्रवार को उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पत्नी की तहरीर पर ठाकुरगंज पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और छीना झपटी की धारा में एफआईआर दर्ज की है। मूलरूप से हरदोई में मल्लावां स्थित बरौना गांव के रहने वाले रमेश गौतम (30) ठाकुरगंज के लालाबाग में पत्नी केतकी और बेटे आयुष के साथ किराए के मकान में रहते थे। रमेश मजदूरी करते थे। पत्नी केतकी ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब एक बजे वह किचन में खाना बना रही थीं। तभी पड़ोसी रिश्ते में बहन और पड़ोसी रेखा रंग खेलने के लिए घर आ गई। मगर घर में गंदगी रंग होने की बात कहने पर उन्होंने रंग लगाने से मना कर दिय। इस पर रेखा आक्रोशित हो कर गाली-गलौज करने लगी। केतकी का आरोप है कि विरोध पर करने पर रेखा ने पति सूरज, देवर नरीज, देवरानी चांदनी और भतीजे राजेंद्र को भी बुला लिया। सभी लाठी-डंडे लेकर आ धमके।

### डंडों से सिर पर किए ताबड़तोड़ वार

आरोपियों ने डंडों से उन्हें पीटना शुरू कर दिया। चीख पुकार मचाने पर जब पति रमेश बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपी उन पर टूट पड़ें। उन्होंने डंडों से पति के सिर पर ताबड़तोड़ कर वार करना शुरू कर दिए। केतकी ने बताया कि पति लहूलुहान होकर गिर पड़े और बेहोश हो गए। यह देख आरोपी वहां से भाग निकले।

### पड़ोसियों की मदद से पहुंचाया अस्पताल

पीड़िता ने बताया कि चीख पुकार सुन घर पहुंचे पड़ोसियों ने उन्हें और पति को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें तो छुट्टी दे दी। मगर पति की स्थिति नाजुक होती चली गई। बृहस्पतिवार रात इलाज के दौरान पति ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। केतकी ने ठाकुरगंज थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। इंस्पेक्टर ओमवीर चौहान के मुताबिक पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस की दो टीमें गठित की गई हैं। घटना के बाद से आरोपी भागे चल रहे हैं। पुलिस उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# भाजपा सरकार में बेलगाम हैं अपराधी और दबंग, सरकार उन्हें दे रही है राजनीतिक संरक्षण: अखिलेश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में हत्या, लूट और बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। भाजपा सरकार का कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का दावा असत्य साबित हो चुका है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के कारनामों से त्रस्त है। अपराधी तत्व और दबंग सत्ता के संरक्षण में बेलगाम है। सरेआम हत्याओं ओर अपराधों को अंजाम दे रहे है। अखिलेश यादव ने कहा कि जौनपुर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र में परिवहन निगम के अनुबंधित बस के चालक ललई यादव की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मुख्य आरोपी ने सड़क पर ललई यादव की गर्दन पर पैर रखकर दबा दिया। बुलंदशहर में पचौता गांव में आयोजित मेले में एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ। आजमगढ़ में दुष्कर्म पीड़िता की हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि अपराधियों में कानून और पुलिस का डर नहीं है। भाजपा सरकार सो रही है। आपराधिक तत्वों और दबंगों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। भाजपा सरकार निष्क्रिय हो चुकी है। कहीं भूमाफिया, कहीं खनन माफिया तो कहीं अवैध लकड़ी माफिया उत्तर प्रदेश को लूट रहे है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने को तैयार है। 2027 में जनता भाजपा की भ्रष्ट और अराजक सरकार को हटा देगी।

# लखनऊ में पिंक रोजगार मेला कल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ द्वारा 'पिंक रोजगार मेला' का आयोजन किया जा रहा है। मेला आठ मार्च को सुबह 10 बजे से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगा।

रोजगार मेले में केवल महिलाओं को मौका दिया जाएगा। इसमें 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग की अभ्यर्थी हिस्सा ले सकेंगी। कार्यक्रम में 10वीं, 12वीं, बीबीए, एमबीए, बीटेक, फार्मेसी सहित स्नातक और स्नातकोत्तर योग्यता रखने वाली महिलाएं भाग ले सकती हैं।रोजगार मेले में 45 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां विभिन्न पदों के लिए चयन करेंगी। इनमें फ्लिपकार्ट, इंफोबे एआइ, आइसीआइसीआइ बैंक, जियो, एयरटेल, बजाज मैक्स, अमेजन डिजिटल केंद्र, महिंद्रा फाइनेंस, केएफसी समेत कई अन्य कंपनियां शामिल होंगी।रोजगार मेले में भाग लेने के लिए पंजीकरण मुफ्त है। अभ्यर्थी वेबसाइट या ncs.gov.in पर आनलाइन पंजीकरण कर सकती हैं। क्यूआर कोड स्कैन कर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए पांच रोजगार मेले आयोजित करने की तैयारी है। एक लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। रोजगार मेले लखनऊ, मुजफ्फरनगर, झांसी, गोरखपुर और वाराणसी में आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक रोजगार मेले में 100 निजी कंपनियां हिस्सा लेंगी। पांचों मेलों में 500 से अधिक कंपनियों की भागीदारी होगी।

# स्किलिंग और स्टार्टअप नीति से यूपी में इनोवेशन की लहर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई आधारित स्किलिंग को बढ़ावा देने की दिशा में योगी सरकार लगातार नए कदम उठा रही है। स्टार्टअप नीति और एआई प्रज्ञा प्रोग्राम के माध्यम से प्रदेश में नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तैयारी जारी है। सरकार का लक्ष्य है कि एआई और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएं। स्टार्टअप नीति, एआई स्किलिंग और तकनीकी निवेश के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश के कानपुर, लखनऊ, नोएडा और वाराणसी जैसे शहरों में स्टार्टअप गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे एमएसएमई क्षेत्र को भी नई दिशा मिल रही है और

■ मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी से बढ़ा टेक इकोसिस्टम

युवा उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है। प्रदेश में टेक्नोलॉजी आधारित स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया एसटीपीआई की 400 यूनिट्स सक्रिय हैं। प्रदेश में 100 से अधिक स्टार्टअप इन्क्यूबेटर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इन इन्क्यूबेटरों के माध्यम से युवाओं को अपने नवाचार और तकनीकी विचारों को व्यवसाय में बदलने के लिए मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी वैश्विक तकनीकी कंपनियों के साथ साझेदारी के माध्यम से युवाओं को आधुनिक डिजिटल स्किल्स, एआई तकनीक की ट्रेनिंग दी जा रही है।यूपी का इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है। देश में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में लगभग 65 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ प्रदेश एक बड़े विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर रहा है। इससे स्टार्टअप और एमएसएमई क्षेत्र को नई ऊर्जा मिल रही है। मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण से जुड़ी सप्लाई चेन में कई छोटे और मध्यम उद्योगों को नए अवसर मिल रहे हैं।

### यूपीएससी में शामली की बेटी आस्था जैन ने फहराया परचम, उप-मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम घोषित होने के साथ ही उत्तर प्रदेश के शामली में हर्ष का माहौल है। शामली की होनहार बेटी आस्था जैन ने परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 9वां स्थान प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया है।शामली की आस्था जैन को यूपीएससी परीक्षा में देशभर में 9वां स्थान प्राप्त करने पर हृदयतल से बहुत-बहुत बधाई! आपकी यह सफलता आपकी कड़ी मेहनत, अटूट संकल्प और मेधा का प्रतिफल है। आपने उत्तर प्रदेश के गौरव को नई ऊंचाइयां दी हैं।

# यूपी में पहली बार कानून व्यवस्था चुनाव का मुद्दा बनी, 2017 के बाद प्रदेश में बदली पुलिस की इमेज: सीएम योगी

■ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ पहली बार लोकतंत्र में कानून व्यवस्था किसी चुनाव में मुद्दा बनी और इसी का परिणाम है कि आजादी के बाद पहली बार किसी सरकार ने अपना 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद दोबारा सरकार बनायी। पुलिस विभाग ने वर्ष 2017 के बाद बिगड़े, अराजक, दंगाग्रस्त और कर्फ्यूग्रस्त राज्य को बदल करके सेफ यूपी के रूप में स्थापित किया। उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य से भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनाने की शुरुआत कड़ी सुरक्षा से ही होती है। विकास की पहली शर्त सुरक्षा है। इसे उत्तर प्रदेश पुलिस ने साबित किया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन सभागार में कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने होंडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को 50 क्यूआरटी दोपहिया वाहन प्रदान किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेगी। यह समारोह उसी विश्वास और सहयोग का प्रतीक है, जिसमें शासन, प्रशासन और उद्योग जगत मिलकर प्रदेश के विकास और सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

### हर जिले में तैनात की गईं मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष जुलाई में देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू किए गए। इन कानूनों के तहत सात वर्ष से अधिक की सजा वाले मामलों में फॉरेंसिक साक्ष्य अनिवार्य किए गए हैं। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में केवल दो फॉरेंसिक लैब थीं, लेकिन अब उनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है। इसके साथ ही प्रदेश में विश्वस्तरीय स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट भी स्थापित किया गया है, जो उत्तर प्रदेश पुलिस के अधीन संचालित हो रहा है। इस संस्थान में डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स भी संचालित किए जा रहे हैं। इसके माध्यम से पुलिस कर्मियों के साथ-साथ उन युवाओं को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिनकी रुचि फॉरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में है। प्रत्येक जिले में ए-ग्रेड की छह फॉरेंसिक लैब निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा हर जिले में दो-दो मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट भी तैनात की गई हैं, जो घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संग्रह और जांच में मदद कर रही हैं। प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए कई नई इकाइयों का गठन किया गया है। राज्य में स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (एसएसएफ) का गठन किया गया है और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। इसके अलावा पहली बार पीएसी में महिला बटालियन का गठन किया गया है। अब तक तीन महिला बटालियन गठित की जा चुकी हैं और तीन नई बटालियनों के गठन की प्रक्रिया भी आगे बढ़ रही है।

### बेहतर हुआ बेटियों के लिए माहौल

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस व्यवस्था में इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास प्रारंभ किए गए। इन सभी को मिलाकर जब टेक्नोलॉजी और ट्रांसफॉर्मेशन एक साथ काम करते हैं तो रिजल्ट आता है। यही कॉमन मैन के ट्रस्ट का आधार बनता है। आज देश और दुनिया के बड़े निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश करना चाहते हैं। इसका प्रमुख कारण राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस और जीरो करप्शन की नीति है। इसके साथ ही प्रदेश में हर बेटी सुरक्षित है और व्यापारी भी सुरक्षा का अनुभव करते हुए अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा रहे हैं। साथ ही प्रदेश और देश के विकास में ग्रोथ इंजन की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई है, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। पहले प्रदेश में पर्याप्त पुलिस बल नहीं था, जिसके कारण बड़ी चुनौतियों का सामना करना कठिन हो जाता था, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है और उत्तर प्रदेश पुलिस हर बड़ी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। आज उत्तर प्रदेश पुलिस और पीएसी की डिमांड देश के अन्य राज्यों में भी की जाती है। इस अवसर पर मुख्य सचिव एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, डीजीपी राजीव कृष्ण, अपर पुलिस महानिदेशक (लॉजिस्टिक) राम कुमार, एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश, होंडा इंडिया फाउंडेशन के वाइस प्रेसीडेंट कॉर्पोरेट अफेयर्स पीयुष मित्तल आदि उपस्थित थे।

### मॉडल पुलिसिंग के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी का परसेप्शन चेंज करने के लिए कई कदम उठाए गए तो कुछ रिफॉर्म किये गये। इसके नतीजे हम सबके सामने हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस में वर्ष 2017 में पीआरवी के वाहन 9,500 थे। आज इनकी संख्या प्रदेश में 15,500 से अधिक है। वहीं वर्ष 2017 में टू व्हीलर मात्र 3,000 थे। आज इनकी संख्या 9,200 से अधिक है। यह केवल संख्या नहीं है, इसने पुलिस के रिस्पॉन्स टाइम को न्यूनतम लाने में सफलता प्राप्त की है। आपातकालीन स्थिति में जितनी त्वरित कार्रवाई और सहायता पहुंचाएंगे, वही ट्रस्ट में बदलती है। वह ट्रस्ट ही ट्रांसफॉर्मेशन का कारण बनता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मॉडल पुलिसिंग के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ बताएं हैं। इनमें इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी शामिल है। वर्ष 2017 से पहले पुलिस विभाग का बजट अटकते-अटकते 16,000 करोड़ तक पहुंच पाता था और वह भी खर्च नहीं हो पाता था। वर्षों पहले जिले बने थे, लेकिन जिला मुख्यालय, पुलिस लाइन भी नहीं बनी थी। ऐसे में पुलिस क्या परिणाम देती? पुलिस के पास पुराने असलहे थे, कोई सुविधा नहीं थी। उस दौरान अवस्थापना सुविधाएं जीरो थीं।। टूटे हुए बैरक में पुलिसकर्मी रहने को मजबूर थे। आज प्रदेश के 55 जिलों में सबसे ऊंची इमारत उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों की बैरक है। यहां बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही प्रदेश में लगातार मॉडल थानों और मॉडल फायर स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे पुलिस और आपदा सेवाओं को आधुनिक स्वरूप दिया जा सके।

### पहले प्रदेश में पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता केवल 3 हजार थी

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में जब सरकार ने बड़े स्तर पर पुलिस भर्ती की प्रक्रिया शुरू की तो उस समय उत्तर प्रदेश में पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता बहुत सीमित थी। एक साथ लगभग 3000 पुलिसकर्मियों को ही प्रशिक्षण दिया जा सकता था। सरकार के सामने चुनौती थी कि लंबे समय से पुलिस भर्ती नहीं हुई थी और युवाओं में भर्ती को लेकर उत्सुकता थी, लेकिन प्रशिक्षण क्षमता सीमित होने के कारण भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाना कठिन था। किसी भी भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने में लगभग 9 महीने का समय लग जाता था। ऐसे में राज्य सरकार ने अन्य राज्यों से संपर्क किया। दो-तीन राज्यों ने सहयोग के लिए सहमति दी। इसके अलावा सेना और अर्द्धसैनिक बलों से भी बातचीत की गई, जिन्होंने सहयोग देने की बात कही। इन सभी प्रयासों के बाद किसी तरह प्रशिक्षण क्षमता को बढ़ाकर लगभग 17 से 20 हजार तक पहुंचाया गया। इसके बाद अन्य राज्यों तथा सैन्य प्रशिक्षण केंद्रों की मदद से इसे करीब 30 हजार तक ले जाया गया, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। आज प्रदेश में 60,244 पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती की गई है और इन सभी को उत्तर प्रदेश के अपने प्रशिक्षण केंद्रों में ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रदेश में विकसित किए गए नए पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों और इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण यह संभव हो पाया है।

# तिलोई के 200 बेड अस्पताल में लापरवाही की तस्वीर

## खाली मिला रजिस्ट्रेशन काउंटर, फोटो खींचने पर पत्रकार से धक्का-मुक्की

जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी



जनपद के तिलोई स्थित स्ववासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के अंतर्गत संचालित 200 बेड अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गंभीर लापरवाही सामने आई है।शुक्रवार दोपहर करीब 12 से 12ः30 बजे के बीच अस्पताल में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मरीजों के लिए बनाए गए रजिस्ट्रेशन काउंटर पर कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं मिला।काउंटर पर कुर्सियां खाली पड़ी थीं,जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।इसी दौरान मौके पर पहुंचे तहसील रिपोर्टर ने अस्पताल की इस अव्यवस्था को कैमरे में कैद करने के लिए खाली पड़े रजिस्ट्रेशन काउंटर की तस्वीरें ले लीं।आरोप है, कि फोटो खींचते देख वहां मौजूद कुछ कर्मचारियों ने पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया।स्थिति इतनी बिगड़ गई कि कर्मचारियों ने पत्रकार के साथ धक्का-मुक्की की और उनसे तस्वीरें डिलीट करने का दबाव बनाने लगे।बताया जा रहा है कि इस पूरे घटना क्रम में रजिस्ट्रेशन काउंटर से जुड़े कुछ कर्मचारी भी शामिल थे। इस घटना ने अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।खासकर तब,जब अस्पताल में बुजुर्ग और दिव्यांग मरीजों के लिए बनाए गए काउंटर पर भी कर्मचारी समय से मौजूद नहीं रहते।स्थानीय लोगों और मरीजों का कहना है,कि अस्पताल में अक्सर इस तरह की लापरवाही देखने को मिलती है,जिससे दूर-दराज से इलाज कराने आए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। पत्रकार के साथ हुई अभद्रता की घटना को लेकर क्षेत्र में नाराजगी भी देखी जा रही है।लोगों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है,ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

### सेवानिवृत्त अधिकारी ने शुरू किया अनशन

**अमेठी।** विकास भवन कार्यालय परिसर में अफसरों की कार्यशैली से नाराज युवा कल्याण विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी ने बृहस्पतिवार को आमरण अनशन शुरू कर दिया। उन्होंने विभाग के अधिकारियों पर रिश्वत न मिलने के कारण प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। गौरीगंज कस्बा निवासी सुरेंद्रनाथ शुक्ल 30 नवंबर 2023 को क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए थे। आरोप है कि सेवानिवृत्ति के दो साल बाद भी उन्हें सभी देयकों का भुगतान नहीं किया गया है। शासन का निर्देश है कि कर्मचारियों के समस्त देयक सेवानिवृत्ति तिथि पर ही भुगतान कर दिए जाएं। कहा कि विभाग ने उनकी अप्रैल 1988 से 1991 तक की तदर्थ सेवा को आज तक नियमित नहीं किया गया है। इसके अनुसार मिलने वाले देयकों का भी भुगतान लंबित है। उन्होंने कहा कि उनके समकक्ष कुछ कर्मचारियों की तदर्थ सेवा नियमित कर उन्हें देयक और वेतन लाभ दिए गए हैं।

# सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल प्रिंटिंग विषय की परीक्षा में एक परीक्षार्थी रहा अनुपस्थित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल प्रिंटिंग विषय की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न कराया गया । परीक्षा के लिए पंजीकृत 86 परीक्षार्थियों में से 85 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। प्रधानाचार्य आशिम रूमी ने बताया कि 6 मार्च को सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल प्रिंटिंग विषय की परीक्षा सम्पन्न कराया गया । विद्यालय मे परीक्षार्थियों को प्रवेश से पूर्व तलाशी ली गई तथा बोर्ड द्वारा जारी किए गए नियमों के तहत परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया । उन्होंने बताया कि प्रिंटिंग विषय के लिए पंजीकृत 86 परीक्षार्थियों में से 85 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए । जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा।

# होली के मौके पर रायबरेली में 13.34 करोड़ रुपये की शराब बिक्री दर्ज की गई

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



होली के त्योहार पर जहां एक ओर जिले में रंग और गुलाल की धूम रही, वहीं दूसरी ओर शराब की बिक्री ने भी इस बार सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। आबकारी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस बार होली के मौके पर देसी, अंग्रेजी और बीयर मिलाकर करीब 13 करोड़ 34 लाख रुपये की शराब बिक गई। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में लगभग 9 करोड़ रुपये ज्यादा बताया जा रहा है। इतनी बड़ी बिक्री को लेकर आबकारी विभाग जश्न के मूड में दिखाई दे रहा है, लेकिन इसी के साथ विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। जिले में कई शराब के ठेके ऐसे हैं जो नियमों और मानकों को ताक पर रखकर चलाए जा रहे हैं, फिर भी विभाग की नजर इन पर नहीं पड़ रही है या फिर जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है। जिले में कई जगहों पर शराब की दुकानें जिस गांव के लिए लाइसेंस जारी हुआ है, वहां न चलकर दूसरे गांव में संचालित हो रही हैं। यह पूरी तरह नियमों के खिलाफ है, लेकिन इसके बावजूद खुलेआम शराब की बिक्री जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई दुकानदारों ने सुविधा और अधिक कमाई के लिए ठेकों को आबादी वाले या मुख्य मार्गों पर शिफ्ट कर दिया, जिससे बिक्री तो बढ़ गई लेकिन नियमों की धज्जियां उड़ गईं। सिर्फ इतना ही नहीं, कई शराब दुकानों पर कटिंग की शराब भी बेची जा रही है। यानी बोतल खोलकर गिलास या छोटे पैमाने में शराब बेचने का धंधा भी धड़ल्ले से चल रहा है, जबकि सरकारी नियमों में इसकी अनुमति नहीं है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार और उनकी टीम आखिर किस दबाव में है कि जिले में नियमों के विपरीत चल रही शराब दुकानों पर कार्रवाई नहीं हो रही। जबकि विभाग का काम नियमों का पालन करवाना और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना है, लेकिन मौजूदा हालात यह बताते हैं कि कई जगहों पर ठेकेदार खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

# श्रम विभाग की योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा, अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभ दिलाने के निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रमिकों एवं उनके परिवारजनों के हित में संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने विशेष रूप से संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना तथा मातृत्व, शिशु व बालिका मदद योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के लिए मिलने वाली सहायता, दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में मिलने वाली आर्थिक सहायता तथा मातृत्व व बालिका सहायता योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाए।

संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन सहायता योजना

इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। कक्षा के अनुसार अलग-अलग राशि दी जाती है, जिसमें प्राथमिक स्तर पर लगभग ?1,000 से लेकर उच्च शिक्षा स्तर पर ?25,000 से ?50,000 तक की सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इससे श्रमिक परिवारों के बच्चों को शिक्षा जारी रखने में सहयोग मिलता है।

निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना

इस योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उसके आश्रितों को ?5 लाख तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वहीं दुर्घटना में स्थायी दिव्यांगता होने की स्थिति में ?3 लाख तक तथा आंशिक दिव्यांगता होने पर ?1 लाख तक की सहायता दी जाती है, जिससे परिवार को आर्थिक संबल मिल सके।

मातृत्व, शिशु व बालिका मदद योजना

इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिक को प्रसव के समय ?25,000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त नवजात शिशु एवं विशेष रूप से बालिका के जन्म पर भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिससे मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं बालिका संरक्षण को प्रोत्साहन मिलता है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद में सभी पंजीकृत श्रमिकों का नियमित नवीनीकरण (रिन्यूअल) सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र श्रमिक योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए तथा ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण कराया जाए।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत सभी रसोइयों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सुरक्षा बीमा योजना से आच्छादित किया जाए, जिससे उन्हें आकस्मिक परिस्थितियों में सामाजिक सुरक्षा प्राप्त हो सके।इस दौरान सहायक श्रमायुक्त , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# सभी भारतीयों की इजरायल व समूचे मिडिल ईस्ट से सुरक्षित वापसी की गारंटी करे भारत सरकार : विजय विद्रोही

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

अमेरिकी , इजरायल गठजोड़ और ईरान के बीच भयानक युद्ध के बीच इसराइल और मिडिल ईस्ट के विभिन्न देशों में कार्यरत इंजीनियरों, श्रमिकों ,निर्माण श्रमिको , पैरामेडिकल कर्मचारियों और अन्य भारतीय नागरिकों की जान संकट में है। आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) प्रदेश अध्यक्ष विजय विद्रोही ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के इसराइली प्रेम ने लाखों भारतीय नागरिकों की जान जोखिम के फंसा दी है । यह किस तरह का सम्बन्ध है कि भारत के प्रधान मंत्री मदरलैंड फादर लैंड की मसखरी करते रह गए और उनकी यात्रा की ढाल के पीछे छिपकर गाजा के लाखों बच्चों,बुद्धों , महिलाओं , बीमार जनों का सामूहिक नरसंहार के अपराधी इजराइल और अमरीका ने ईरान के विरुद्ध एक स्कूल पर घातक बम गिराकर 200 मासूम बच्चियों के कत्ल से कायराना युद्ध की शुरुआत कर दी। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी प्रधानमंत्री को निश्चय ही रही होगी, तब अपने नागरिकों को सबसे पहले वहां से बाहर निकालना उनकी जिम्मेदारी थी। और अगर नहीं थी तो इसराइल और अमेरिकी धोखेबाजी के लिए सरकार को उनकी अमानवीय कार्यवाही की सार्वजनिक रूप से आलोचना करते हुए अपने विमान भेजकर कूटनीतिक बातचीत के जरिए अपने नागरिकों को सुरक्षित इजरायल और पूरे मिडिल ईस्ट से भारत लाने की गारंटी करनी चाहिए। खासकर इजराइल में काम कर रहे निर्माण और हेल्थ सेक्टर के कामगारों को जिन्हें सरकार ने रोजगार देने के नाम पर गाजे बाजे के साथ भेजा था।आज भारतीयों को जान बचाने के लिए बंकरों में भी नहीं घुसने दिया जा रहा है। जब भारत सरकार भारतीय निर्माण श्रमिको ,नर्सों और अन्य पैरामेडिकल प्रशिक्षित विशेषज्ञों को इजरायल भेज रही थी ,उसके मंत्री हवाईअड्डों पर उन्हें विदाई देने के लिए खड़े थे तब देश के ट्रेड यूनियंस,मानवाधिकार संगठनों, नागरिक समाज के प्रबुद्ध हिस्सों ने युद्धग्रस्त और गाजा के बच्चों महिलाओं,बीमार और बुजुर्गों के सामूहिक नरसंहार के अपराधी इजरायल भारतीय मजदूरों और मेडिकल दस्तों को भेजे जाने का पुरजोर विरोध किया था। किंतु भारत की फासिस्ट सरकार का इजरायल प्रेम इतना जोर से उफान मार रहा था कि भारत के गौरवशाली इतिहास की चिंदिया उड़ाते हुए अपने नागरिकों की जान की परवाह किए बिना इजरायल भेज दिया गया। कामरेड विद्रोही ने कहा कि ईरान के विरुद्ध इजरायल और अमेरिकी भयावह युद्ध के साथ ही कुवैत,दुबई, कतर,सऊदी अरब , सायप्रस , तुर्की आदि देश भी इस युद्ध की विभीषिका में जल रहे हैं। भारत सरकार इस समूचे खित्ते से सभी भारतीय नागरिकों , श्रमिकों , निर्माण और पैरामेडिकल कामगारों को सुरक्षित तत्काल भारत वापस लाने की गारंटी करे।

### गोमती में नहाते समय युवक डूबा, 28 घंटे बाद मिला शव

**अमेठी।** होली खेलने के बाद बुधवार को गोमती नदी में नहाते समय किशनी गांव निवासी पवन कुमार गुप्ता (23) डूब गए। करीब 28 घंटे बाद एसडीआरएफ ने रेस्क्यू अभियान चलाकर पवन का शव बरामद किया। इसके बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पवन के जीजा उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि बुधवार को होली खेलने के बाद पवन गांव के पास बने नवनिर्मित पीपा पुल के निकट गोमती नदी किनारे पहुंचे। उनके साथ चचेरे भाई पंकज गुप्ता, निखिल गुप्ता और हिमांशु गुप्ता भी थे। सभी पुल से नदी में कूदकर नहा रहे थे। इसी दौरान पवन गहरे पानी में पहुंच गए और डूबने लगे। साथियों नेपरिवार को सूचना दी। खबर मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ नदी किनारे जमा हो गई। पुलिस पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश शुरू कराई। देर शाम तक खोजबीन चली, मगर सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने अयोध्या से एसडीआरएफ टीम से मदद मांगी।

# 3गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ 'होली मिलन' कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल रायबरेली में होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में श्होली मिलनश् एवं श्फाग गीतश् कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण पूरी तरह से फागुनी रंग और उत्साह में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शिक्षकों और शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए पारंपरिक फाग गीत रहे। ढोलक की थाप और मजीरों की गूँज के बीच शिक्षकों ने गीतों के माध्यम से ब्रज की होली और भारतीय संस्कृति के जीवंत स्वरूप को दर्शाया स जिसका सभी उपस्थित जनों ने भरपूर आनंद लिया। गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिवार का उत्साहवर्धन करने के लिए अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे। योगेश (अखिल भारतीय अधिकारी), विमल तलरेजा (प्रबंधक), अमरेंद्र (सह प्रबंधक), दिनेश कुमार श्रीवास्तव (कोषाध्यक्ष), के. एस द्विवेदी एवं वंदना बाजपेई, श्रवण कुमार अवस्थी (प्रधानाचार्य), योगेश जी ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी भेदभाव मिटाकर प्रेम और सद्भाव फैलाने का संदेश देता है। और कहा ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए यह हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है।

# चौहान गुट ने चोरी और दबंगई करने वालों के विरुद्ध जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रांतीय अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने शुक्रवार को अपनी टीम के साथ जिलाधिकारी महोदय रायबरेली से मिलकर जनहित से जुड़ी समस्या को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उनके द्वारा कहा गया कि थाना नसीराबाद के अंतर्गत पूरे राई में दबंगों द्वारा उत्पीड़न काफी चरम सीमा पर है। बीते दिनांक 04 मार्च 2026 की हरिजन बस्ती में जाकर घरों में घुसकर लोगों को मारा पीटा तथा एलानिया धमकी दिया कि 112 पर फोन करके अच्छा नहीं किया है, मौका मिलने पर जान से मार दूंगा। जिसमें से एक मोटर छूट गई जो पुलिस चौकी परैया नमकसार में रखी गई थी। 2- साथ धरई चौराहा पर स्थित दुकान में चोरी हुई जिसका पूरा फुटेज है। जिसके संबंध में एक सप्ताह पूर्व प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसमें तत्काल प्रभाव से रिपोर्ट दर्ज करवायी जाये। 3- पूरे भदोरिया मजरे मखदूमपुर सेंध कटी उसमें भी सूचना दी जा चुकी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। 4-रायबरेली , सुल्तानपुर, अमेठी, प्रतापगढ़ बॉर्डर होने के नाते आये दिन इन गुंडों के हौसले बुलंद हैं। इन सभी मामलों की रिपोर्ट दर्ज कराई जाए और घायल महिलाओं की डॉक्टरी करवाई जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो व्यापार मंडल सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा जिसका जिम्मेदार पुलिस प्रशासन होगा। ज्ञापन देने में जी सी सिंह चौहान साथ जिलाध्यक्ष मो0 उमर, प्रदेश सचिव जय चंद्र प्रकाश पाण्डे, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, राजेश सोनी, चंदन सोनी, चित्रेश, भगवानदीन, सूर्य बख्श मौर्य, राम चंद्र, विद्यादेवी, महेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### टूटी पुलिया की रेलिंग बनी हादसे का सबब, तीन महीने से नहीं हुई मरम्मत

**अमेठी।** जनपद के जामो क्षेत्र अंतर्गत भोए बाजार से मठिया-सरमें संपर्क मार्ग पर स्थित शारदा सहायक खंड-49 नहर की पुलिया की रेलिंग पिछले लगभग तीन महीनों से टूटी हुई है। रेलिंग टूट जाने के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार पुलिया की रेलिंग क्षतिग्रस्त होने से खासकर रात के समय आवागमन करना काफी जोखिम भरा हो गया है।इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में लोग और वाहन गुजरते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है।ग्रामीणों का कहना है, कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।ग्रामीणों ने प्रशासन और क्षेत्रीय विधायक से जल्द से जल्द पुलिया की टूटी रेलिंग की मरम्मत कराए जाने की मांग की है,ताकि संभावित दुर्घटना से लोगों को बचाया जा सके।

# 18 मार्च को लालगंज में सुबह भक्तों को देंगे दर्शन-आशीर्वाद

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

सनातन धर्म की मर्यादा की पुनर्स्थापना और गौसंरक्षण के राष्ट्रीय संकल्प को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से चल रही राष्ट्रव्यापी जनजागरण यात्रा के क्रम में उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर, परमधर्माधीश, अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती '1008' जी महाराज 7 मार्च को रायबरेली पधारेंगे। अपने इस प्रवास के दौरान वे धर्मसभा को संबोधित करते हुए गौसंरक्षण के लिए समाज को एकजुट होने का आह्वान करेंगे तथा यहीं रात्रि विश्राम करेंगे। आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक जागरण के इस अभियान को देशभर में व्यापक समर्थन मिल रहा है। काशी की पुण्यभूमि से प्रारंभ हुई इस यात्रा के क्रम में जगद्गुरु शंकराचार्य 7 मार्च को जौनपुर और सुल्तानपुर में आयोजित धर्मसभाओं को संबोधित करने के पश्चात रायबरेली पहुंचेंगे। यहाँ आयोजित सभा में वे गौसंरक्षण, भारतीय संस्कृति की गरिमा और राष्ट्रधर्म की अवधारणा पर अपने ओजस्वी विचार रखते हुए समाज को जागृत करेंगे। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए संयोजक पंकज पांडेय ने बताया कि जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती इन दिनों देश के विभिन्न प्रांतों में भ्रमण कर सनातन समाज को जागृत करने का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता को मातृस्वरूप और पूजनीय स्थान प्राप्त है। राष्ट्रजीवन में गौमाता को 'राष्ट्रमाता' का सम्मान दिलाना और गौहत्या के कलंक से देश को मुक्त करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि रायबरेली प्रवास के उपरांत 8 मार्च को प्रातः जगद्गुरु शंकराचार्य लालगंज कस्बे में अल्प प्रवास करेंगे। इस दौरान वे ब्रजेन्द्र नगर स्थित माँ दुर्गा जी मंदिर (पेट्रोल पंप के पास) प्रातः लगभग 9 बजे पहुंचकर श्रद्धालुओं को दर्शन-आशीर्वाद देंगे और गौसंरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने का संदेश देंगे। इसके बाद वे उन्नाव के लिए प्रस्थान करेंगे। जगद्गुरु शंकराचार्य की इस जनजागरण यात्रा को लेकर विभिन्न जनपदों में श्रद्धालुओं और सनातन धर्मावलंबियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। यात्रा के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को गौसंरक्षण, सनातन संस्कृति की मर्यादा तथा राष्ट्रधर्म के प्रति जागरूक करने का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। संत-महात्माओं, धर्माचार्यों और श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी से यह यात्रा एक आध्यात्मिक चेतना के महाअभियान का रूप लेती जा रही है।आयोजकों के अनुसार यात्रा के अंतिम चरण में 11 मार्च को लखनऊ स्थित कांशीराम स्मृति सांस्कृतिक स्थल पर दोपहर 2 बजे गौसंरक्षण के लिए धर्मयुद्ध के औपचारिक शंखनाद का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### संदिग्ध हालात में बैंक मित्र संचालक की मौत

**अमेठी।** बरसंडा के पट्टी गांव निवासी बैंक मित्र संचालक हनुमान गौतम (35) की संदिग्ध हालात में विषाक्त पदार्थ सेवन के बाद तबीयत बिगड़ने पर इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों ने जमीन विवाद में पट्टीदार पर जहर मिलाकर पिलाने और लगातार प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पत्नी गयावती के अनुसार मंगलवार दोपहर अचानक हनुमान गौतम की हालत बिगड़ गई। गंभीर स्थिति देख उन्हें जगदीशपुर ट्रॉमा सेंटर ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद भी सुधार नहीं हुआ। हालत बिगड़ने पर निजी अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक बताकर लखनऊ भेज दिया। वहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। राजू ने आरोप लगाया कि उनके मामा हनुमान को नशीले तरल पदार्थ में जहर मिलाकर पिलाया गया। परिजनों का कहना है कि परिवार के एक व्यक्ति से रास्ते को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर हनुमान ने डायल 112 पर सूचना भी दी थी और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की थी।



# पति को कराएं
## बच्चे की जिम्मेदारी का अहसास

**एक मां ही यह बता सकती हैं कि पेरेंटिंग का अनुभव कितना आनंददायक होता है। अक्सर पुरूष इसे बहुत भारी जिम्मेदारी के तौर पर देखते हैं और शुरू से उन्हें यह लगता है कि बच्चे का पालन-पोषण मां की जिम्मेदारी होती है।**



बच्चे को सही परवरिश देना मां और पिता दोनों का काम होता है, पर बच्चे की परवरिश का जिम्मा मां पर ही आता है। अगर आप चाहती हैं कि आपके पति को भी बच्चे की जिम्मेदारी का अहसास हो तो इन बातों का ध्यान रखें।

### बताएं आप उनकी मदद लेना चाहती हैं

बच्चा होने के बाद कुछ पुरूष यह चाहते हैं कि वो बच्चे की देखभाल करें, पर महिलाएं अक्सर इस संकोच में कि बच्चे का काम पति सही ढंग से कर पाएंगे या नहीं, सोच उनको मना कर देती हैं। अगर आपके पति बच्चे के पालन-पोषण में आपकी मदद करना चाहते हैं तो उनका यह प्रस्ताव सहर्ष स्वीकार कर लें। उन्हें अपने तरीके से बच्चों की केयर करने दें, हर समय टोकें न, अगर वो कहीं गलत है, तो उन्हें प्यार से बताएं।

### भूमिका आनंददायक है

एक मां ही यह बता सकती हैं कि पेरेंटिंग का अनुभव कितना आनंददायक होता है। अक्सर पुरूष इसे बहुत भारी जिम्मेदारी के तौर पर देखते हैं और शुरू से उन्हें यह लगता है कि बच्चे का पालन-पोषण मां की जिम्मेदारी होती है। आप उन्हें बताएं कि एक बच्चे की देखभाल करने में जिम्मेदारी तो है, पर इसमें आनंद भी खूब है। बच्चा जब छोटी-छोटी हरकतें करता है तो उन्हें देखने में कितना मजा आता है। इस तरह की बातें जब आप उनसे शेयर करेंगी तो वो खुद ब खुद इसमें रूचि दिखाने लगेंगे।

### ग्रुप बनाएं पिता भी

पुरूष अक्सर बच्चों के बारे में बात करने से बचते हैं। महिलाएं तो कई बार ग्रुप में जाकर बच्चों की परेशानियां, आदतें आदि के बारे में चर्चा कर लेती हैं, पर पिता को ऐसा नहीं करते। आप पति को प्रोत्साहित करें कि वो फेसबुक, ब्लॉग, फ्रेंड सर्कल में पिताओं के ग्रुप में शामिल हों। इससे वो सारी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं, साथ ही अन्य पुरूषों से अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और उनके अनुभव से सीख सकते हैं।

### प्राथमिकता निर्धारित कर उनसे सहयोग मांगें

मां होने के नाते आप प्राथमिकता तय कर लें कि किन-किन बातों में आपको अपने पति की जरूरत पड़ सकती है। यह निर्धारित करने के बाद आप उन्हें बताएं कि आपको उनके सहयोग की कितनी जरूरत है। ऐसा करने से आप एक अच्छा वक्त एक-दूसरे के साथ बिता सकते हैं।

### यादों को रखें सहेज कर

आप अपने पति से पूछें कि फादरहुड के दौरान वो कौन-सी पांच बातें थीं, जिनसे उन्हें बेहद खुशी मिली। आप उन सारी बातों को एक छोटी-सी नोटबुक में नोट करें। अगर उससे जुड़ी फोटो आपको पास है तो उसे भी चिपकाएं, ऐसा करने से आप इन छोटी-छोटी और प्यारी बातों को ताउम्र सहेज कर रख सकेंगी।

# चमकाएं बाल और त्वचा



अगर आप चमकदार त्वचा और हैल्दी हेयर चाहते हैं तो अपनी फूड लिस्ट मे इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। ये चीजें आपको खूबसूरती के साथ-साथ बढ़िया सेहत से भी नवाजेंगी।

### विटामिन ए से भरपूर चीजें

**क्या लें:** गाजर, पालक, ब्रोकली, पपीता, आम, आलू व टमाटर

**फायदा:** इन चीजों में कैरोटीन होता है, जो सनस्क्रीन का काम करता है और त्वचा को धूप से बचाता है। टमाटर में लाइकोपीन भी सनस्क्रीन का काम करता है, लेकिन जरूरी है कि टमाटर अच्छे से पका हो।

### सूखे मेवे

**फायदा:** इनमें ओमेगा थ्री फैटी एसिड होता है जो त्वचा में नमी बनाए रखता है। अखरोट में बायोटीन होता है जो बालों को बढ़ाता है, झड़ने और दो मुंहे होने से रोकता है।

### विटामिन सी वाली चीजें

**फायदा:** नींबू, आंवले, संतरे का खट्टापन शरीर में जाकर कोलेजन बनाता है, जो त्वचा की कोशिकाओं को जवां रखता है, इससे झुर्रियां नहीं पड़तीं और त्वचा के घाव भी जल्दी भरते हैं। विटामिन-सी वाली चीजें आसानी से पच जाती हैं और अधिक मात्रा होने पर यूरिन के रास्ते निकल जाती हैं।

### अलसी के बीज

**फायदा:** खाने को कुरकुरा बनाते हैं। इनमें मौजूद फाइबर, ओमेगा थ्री फैटी एसिड व विटाामिन ई से त्वचा की नमी बनी रहती है, मुंहासे नहीं होते। रोजाना एक चम्मच प्रयोग करें।

### विटामिन बी और कॉपर

पुरूषों के बालों में सफेदी की शुरूआत दाढ़ी से होती है, जबकि महिलाओं में कनपटी की तरफ से। इसके प्रमुख कारण हैं: चिंता करना, विटामिन बी, आयरन, कॉपर और आयोडीन की कमी। इसके लिए धूम्रपान न करें, मटर, ब्रोकली, ब्राउन राइस, गांठ गोभी खाएं व ग्रीन टी पीएं।

**तौर-तरीके बदलकर**



# खुश रहना सीखें

**मन खुश हो, तो तन दुरूस्त रहता है। इसलिए खुश रहने के लिए इन सुझावों को आजमा कर देखें -**

**खुद को एक्सप्रेस करें:** अमरीका की वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के अनुसार खुद को खुलकर अभिव्यक्त करने से मन में खुशी के भाव आते हैं।

**दूसरों के लिए कुछ करें :** फोर्ब्स डॉट कॉम के शोध के मुताबिक दूसरों के लिए कुछ करने से खुशी मिलती है। जब हम किसी की मदद करते हैं, अपनों को उपहार देते हैं या उन पर खर्च करते हैं, तो मन को सुकून मिलता है।

**सकारात्मक सोचें:** अपनी सोच सकारात्मक रखें और ऐसे लोगों के साथ रहें, जिनसे आपको प्रेरणा मिल सके।

दोस्तों व रिश्तेदारों से अच्छा व्यवहार रखें। यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉयस के वैज्ञानिकों ने 30 साल तक एक लाख लोगों पर शोध के बाद पाया कि शिक्षा, राजनीति,सैलरी और संबंधों में से सबसे ज्यादा खुशी लोगों को अच्छे संबंधों से होती है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं क्योंकि डिहाइड्रेशन होने से कई बार मूड चिड़चिड़ा हो जाता है।



# खुद से करें प्यार का वादा

**खूबसूरती बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है, इसलिए अब से आप अपने को हमेशा खूबसूरत मानेंगी। आपके अंदर जो भी खासियत है, उसे और भी निखारेंगी और जो चीजें आपको शर्मिंदा महसूस करवाती है, उन्हें कम करने की कोशिश करेंगी।**

नया साल हमें जिंदगी को एक बार फिर नए तरीके से जीने के लिए कहता है। नए साल पर आप अपने से यह वादा करें कि हमेशा अपने आप से प्यार करेंगी।

अब से आपने चाहे कोई हेयरस्टाइल करवाई हो या फिर कोई नई ड्रेस पहनी हो तो उसमें खुद को अच्छा महसूस करेंगी। अपने अंदर यह आत्मविश्वास लाएंगी कि आप जो भी पहन रही हैं, उसमें पूरी तरह परफेक्ट लग रही हैं।

खूबसूरती बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है, इसलिए अब से आप अपने को हमेशा खूबसूरत मानेंगी। आपके अंदर जो भी खासियत है, उसे और भी निखारेंगी और जो चीजें आपको शर्मिंदा महसूस करवाती है, उन्हें कम करने की कोशिश करेंगी।

कुछ महिलाएं अपनी त्वचा के रंग को लेकर हमेशा असंतुष्ट रहती हैं, पर आप बिल्कुल भी ऐसा न करेंगी। आप अपनी त्वचा के रंग पर परेशान होने के बजाय यह कोशिश करेंगी कि आपकी त्वचा हमेशा ग्लो करती रहे।


अगर आपके साथ कुछ बुरा होता है या फिर आपके लुक को लेकर आपका कोई करीबी नकारात्मक कमेंट करता है तो उससे अपना मूड खराब करने की बजाय आप उस पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगी, बल्कि अब से आप अपने दिमाग में इस बात को रखेंगी कि दूसरों को भले आप पसंद न आएं, पर आप अपने को पसंद करती हैं और करती रहेंगी।

अपने शरीर को पसंद और नापसंद करना आपके हाथों में हैं। वर्तमान में आपकी बॉडी किसी भी शेप में हो, अब से आप उस पर फख्र करेंगी। यह अलग बात है कि अगर आपका वजन कुछ ज्यादा है तो उसे कम करने की कोशिश करेंगी, पर अपने शरीर को लेकर सकारात्मक सोच को खत्म बिल्कुल नहीं करेंगी और उसे अच्छा ही मानेंगी।

आप हमेशा यह मानेंगी कि आप दिल, दिमाग और शरीर तीनों से बेहद खूबसूरत हैं। भले ही आपके बारे में कोई कुछ भी कहे, आप उसकी बात का बुरा नहीं मानेंगी। अगर आप ऐसा सोचेंगी तो सच मानिए, आप गॉर्जियस दिखेंगी।

एक प्यारी मुस्कुराहट लोगों का ध्यान हमेशा आकर्षित करती है और चेहरे पर भी नूर लाती है। इसलिए अब से चेहरे पर हमेशा तनाव लाने की बजाय मुस्कुराहट बनाए रखेंगी। एक प्यारी मुस्कुराहट आपके चेहरे पर चार चांद लगा देगी।

अगर आपके बाल हेल्दी या फिर त्वचा का टोन अच्छा है तो उस पर नाज करेंगी। अपनी कमी को देकर दुखी नहीं होंगी। बाल सफेद हो रहे हैं, उनमें रूसी है तो उन्हें देख-देखकर चिढ़ेंगी नहीं, इन्हें दूर करने के उपाय खुशी-खुशी करेंगी।



# आप संवरिए
## लेकिन जरा संभलकर

**खास मौकों पर सज-संवरकर चेहरे की सुंदरता बढ़ाना वैसे तो कोई बुरी बात नहीं, लेकिन कई बार रोजाना भारी-भरकम मेकअप करने की आदत और पुराने या कम गुणवत्ता वाले ब्यूटी उत्पाद कुछ देर की सुंदरता और लंबे समय की बीमारी लेकर आते हैं।**

### ब्लीच

लोग स्किन की टेनिंग कम करने के लिए या चेहरे के बालों को छिपाने के लिए ब्लीच करते हैं, लेकिन इससे कई बार स्किन एलर्जी हो जाती है।

**उपाय:** ब्लीच को 24 घंटे पहले कान के पीछे लगाकर टेस्ट कर लें, अगर कोई एलर्जी न हो तभी ब्लीच करें। टेनिंग दूर करने के लिए ब्लीच कर रहे हैं तो संतरे, पपीते का पल्प या चंदन पाउडर लगा सकते हैं।


### डियो और परफ्यूम

डियोड्रेंट का ज्यादा प्रयोग अंडरआर्म्स की त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। खुजली की समस्या हो, परफ्यूम से छींके आती हों या सांस के रोगी हों तो इनका प्रयोग न करें।

**उपाय:** डियो या परफ्यूम में कैमिकल्स होते हैं, इन्हें सीधे बॉडी पर न लगाकर कपड़ों पर लगाएं।

### आई मेकअप के नुकसान

अगर आप आई मेकअप करने के बाद आंखों में कॉन्टेक्ट लैंस लगाते हैं तो ऐसे में बैक्टीरिया कोर्निया तक पहुंच जाता है जिससे कोर्नियल इंफेक्शन का खतरा रहता है। कई बार मेकअप करने से बैक्टीरिया का मैंब्रेन (झिल्ली) से संपर्क होता है।



### नेलपॉलिश

नेलपॉलिश लगाने के बाद हमें नाखूनों की मैल नहीं दिखती जिससे पेट में इंफेक्शन हो सकता है।

**उपाय:** नाखूनों की सफाई का ध्यान रखें और खाना बनाने या खाने से पहले नेलपॉलिश को सुखा लें।

### फाउंडेशन और ब्लशर

इनके रोजाना प्रयोग से चेहरे के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं। त्वचा के अंदर जमी गंदगी और तेल बाहर नहीं आ पाते, जिससे छिद्रों में मवाद जमने से कील-मुहांसे होने लगते हैं।

**उपाय:** ब्यूटी प्रोडक्ट की क्वालिटी का ख्याल रखें। त्वचा ऑयली है तो वॉटर बेस प्रोडक्ट और रूखी है तो ऑयल बेस स्किन प्रोडक्ट का प्रयोग करें।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# दशकों तक अमेरिकी सुरक्षा के भरोसे बैठे रहे खाड़ी देश अब अपना माथा पीट रहे

**भारत के लिए भी यह समय निर्णायक है। ऊर्जा सुरक्षा, दस लाख से अधिक भारतीय कामगारों की मौजूदगी और भारी धन प्रेषण के कारण भारत का सीधा हित इस क्षेत्र से जुड़ा है। भारत की संतुलित कूटनीति और दोनों पक्षों के साथ संवाद की क्षमता उसे मध्यस्थ की भूमिका में ला सकती है। अमेरिका ने दावा किया है कि वह अभियान को कुछ ही सप्ताह में समेट सकता है, लेकिन पश्चिम एशिया इतने लंबे इंतजार का जोखिम नहीं उठा सकता। हर बीतता दिन निवेश और स्थिरता पर चोट कर रहा है। खाड़ी देशों को अब निर्णायक, आक्रामक और स्पष्ट पहल करनी होगी।**

*दशकों तक खाड़ी के समृद्ध अरब देशों ने अपनी सुरक्षा की बागडोर अमेरिका के हाथों में सौंप रखी थी। तेल की दौलत, चमकते महानगर और वैश्विक निवेश के दम पर उन्होंने अपने आपको स्थिरता और सुरक्षित ठिकाने के रूप में प्रस्तुत किया। पर अब हालात तेजी से बदल रहे हैं। ताजा घटनाक्रम ने साफ कर दिया है कि खाड़ी की चमकदार इमारतों के पीछे असुरक्षा की दरारें गहरी हो चुकी हैं। ईरान ने पश्चिम एशिया में अमेरिका के सहयोगी देशों पर जिस तेजी और तीव्रता के साथ हमले किए उससे अमेरिका के भरोसे बैठा हर देश चौंक गया है। भले ही अमेरिका और इजरायली हमलों से ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा हो और सैकड़ों लोग मारे गए हों, लेकिन असली सवाल यह है कि इस टकराव में ज्यादा दांव पर किसका लग हुआ है? देख जाए तो संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कुवैत और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देश आर्थिक रूप से कहीं अधिक संवेदनशील स्थिति में हैं। पश्चिम एशिया लगभग साढ़े चार लाख करोड़ डॉलर की सकल घरेलू उत्पाद वाली विशाल आर्थिक पट्टी है। दुबई के किसी आलीशान होटल पर मिसाइल गिरने की तस्वीरें ही निवेशकों के भरोसे को चकनाचूर करने के लिए काफी हैं। 1990 के दशक के खाड़ी युद्ध का दौर अलग था। तब पश्चिम एशिया की पहचान मुख्य रूप से तेल और गैस उत्पादक क्षेत्र की थी। दुनिया को ऊर्जा चाहिए थी और युद्ध समाप्त होते ही व्यापार फिर पटरी पर लौट आता था। लेकिन आज की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। संयुक्त अरब अमीरात की अर्थव्यवस्था का लगभग 77 प्रतिशत हिस्सा गैर तेल क्षेत्रों पर आधारित है। ओमान में यह आंकड़ा 73 प्रतिशत, कतर में 66 प्रतिशत और सऊदी अरब में 57 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। वित्त, अचल संपत्ति, पर्यटन और वैश्विक सेवाओं में इन देशों ने भारी निवेश किया है। दुबई अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों की सूची में दुनिया के अग्रणी शहरों में शामिल हो चुका है। इन देशों ने अपने आपको स्थिर, सुरक्षित और निवेश के लिए अनुकूल केंद्र के रूप में गढ़ा है। पर जब ड्रोन और मिसाइलों की खबरें सुर्खियां बनती हैं, तब यह पूरी छवि दरकने लगती है। भले ही अधिकतर हमले रोके जा रहे हों, लेकिन निवेशक, पर्यटक और प्रवासी श्रमिक भयभीत होते हैं। खाड़ी की समृद्धि का बड़ा आधार यही प्रवासी श्रमिक हैं, जिनमें लाखों भारतीय भी शामिल हैं। उनके जरिए अरबों डॉलर की धनराशि भारत सहित कई देशों में भेजी जाती है। यदि युद्ध की आशंका बढ़ती है तो यह आर्थिक धारा भी प्रभावित होगी। ओमान के सूत्रों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता आगे बढ़ रही थी और कई मांगों पर सहमति भी बन चुकी थी। ऐसे में युद्ध की नौबत टाली जा सकती थी। हालांकि हाल की घटनाओं ने हालात को जटिल बना दिया है, फिर भी संवाद की राह पूरी तरह बंद नहीं हुई है। खाड़ी के शासकों को अब खुलकर संघर्ष विराम के लिए पहल करनी होगी। केवल अमेरिका पर निर्भर रहना अब पर्याप्त नहीं दिख रहा। भारत के लिए भी यह समय निर्णायक है। ऊर्जा सुरक्षा, दस लाख से अधिक भारतीय कामगारों की मौजूदगी और भारी धन प्रेषण के कारण भारत का सीधा हित इस क्षेत्र से जुड़ा है। भारत की संतुलित कूटनीति और दोनों पक्षों के साथ संवाद की क्षमता उसे मध्यस्थ की भूमिका में ला सकती है। अमेरिका ने दावा किया है कि वह अभियान को कुछ ही सप्ताह में समेट सकता है, लेकिन पश्चिम एशिया इतने लंबे इंतजार का जोखिम नहीं उठा सकता। हर बीतता दिन निवेश और स्थिरता पर चोट कर रहा है। खाड़ी देशों को अब निर्णायक, आक्रामक और स्पष्ट पहल करनी होगी।*

## एक्सप्रेस आलेख

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने हालिया संवादों में बार-बार यह संदेश दिया है कि हिंसा और युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होते। युद्ध से केवल मानवीय संकट बढ़ता है और निर्दोष नागरिकों को इसकी सबसे बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। आज के समय में जब वैश्विक राजनीति लगातार परिवर्तनशील होती जा रही है और कई क्षेत्रों में अस्थिरता बढ़ रही है, तब भारत की भूमिका एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रिय कूटनीति यह संकेत देती है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों के साथ ही वैश्विक शांति और स्थिरता के मुद्दों पर भी अपनी रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

# पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक अशांतिकाल के केंद्र में उभरे नरेन्द्र मोदी



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**इस बातचीत में उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात पर हुए हालिया हमलों की कड़ी निंदा की और इन हमलों में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कठिन समय में भारत संयुक्त अरब अमीरात के साथ मजबूती से खड़ा है। प्रधानमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा और देखभाल के लिए वहां के नेतृत्व का आभार भी व्यक्त किया।**

पश्चिम एशिया इन दिनों गहरे भू-राजनीतिक संकट से गुजर रहा है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव पूरे क्षेत्र को अस्थिरता की ओर धकेल रहा है। इसका असर वैश्विक कूटनीति, ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर भी दिखाई दे रहा है। ऐसे जटिल और संवेदनशील समय में भारत की कूटनीतिक सक्रियता भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित कर रही है। इस पूरे परिदृश्य में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक व्यक्तित्व के रूप में उभरते दिखाई दे रहे हैं। ईरान युद्ध से खाड़ी देशों में रह रहे लाखों भारतीयों की सुरक्षा पर संकट है! पीएम मोदी ने सऊदी, यूएई, बहरीन, कतर, ओमान, जॉर्डन, कुवैत और इजरायल के नेताओं से बात की है। उनसे भारतीयों की सुरक्षा का भरोसा लिया है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से टेलीफोन पर बातचीत की। इस वार्ता में उन्होंने पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते घटनाक्रमों पर गहरी चिंता व्यक्त की और युद्ध को शीघ्र समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी संघर्ष की स्थिति में आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वस्तुतः यह बातचीत इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमलों के बाद यह पहली बार था जब प्रधानमंत्री मोदी और नेतन्याहू के बीच सीधा संवाद हुआ। इस संवाद के माध्यम से भारत ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि क्षेत्र में बढ़ता सैन्य तनाव किसी के हित में नहीं है और इसे शीघ्र समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि भारत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और संवाद का समर्थक है तथा हिंसा को जल्द समाप्त किया जाना चाहिए। दरअसल, पश्चिम एशिया भारत की ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक हितों और प्रवासी भारतीयों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से प्राप्त करता है। इसके अलावा खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा और हितों की रक्षा भारत की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ऐसे में इस क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर भारत की सक्रियता स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संकट के दौरान संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन ज़ायद अल नाहयान से भी फोन पर बातचीत की। इस बातचीत में उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात पर हुए हालिया हमलों की कड़ी निंदा की और इन हमलों में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कठिन समय में भारत संयुक्त अरब अमीरात के साथ मजबूती से खड़ा है। प्रधानमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा और देखभाल के लिए वहां के नेतृत्व का आभार भी व्यक्त किया। यहां विशेष ध्यान देने योग्य है कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के संबंध पिछले एक दशक में



**दरअसल, पश्चिम एशिया भारत की ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक हितों और प्रवासी भारतीयों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से प्राप्त करता है। इसके अलावा खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा और हितों की रक्षा भारत की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ऐसे में इस क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर भारत की सक्रियता स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संकट के दौरान संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन ज़ायद अल नाहयान से भी फोन पर बातचीत की।**

काफी मजबूत हुए हैं। व्यापार, ऊर्जा, रक्षा सहयोग और आतंकवाद विरोधी प्रयासों के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच साझेदारी लगातार गहरी हुई है। संयुक्त अरब अमीरात में दुनिया के सबसे बड़े भारतीय प्रवासी समुदायों में से एक निवास करता है, जो दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को भी मजबूत बनाता है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव को लेकर भारत का स्पष्ट मत सामने आया है, उसका सीधा मानना है कि इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ना आरंभ हो गया है। यदि यह संघर्ष और बढ़ता है तो अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में भारी अस्थिरता आ सकती है। तेल की कीमतों में अचानक वृद्धि होने से कई देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। भारत जैसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता देश के लिए यह एक गंभीर चिंता का विषय है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में भी पश्चिम एशिया की स्थिति की समीक्षा भी की है। वस्तुतः इससे स्पष्ट होता है कि भारत सरकार इस संकट को कूटनीतिक के साथ ही आर्थिक और रणनीतिक दृष्टि से भी गंभीरता से देख रही है। वैसे भी भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण पहलू उसका संतुलित दृष्टिकोण है। भारत के इजरायल, ईरान और अरब देशों तीनों के साथ अच्छे संबंध हैं। यही कारण है कि भारत को इस क्षेत्र में एक संतुलित और भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है। प्रधानमंत्री मोदी की सक्रिय कूटनीति इसी संतुलन को बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने पश्चिम एशिया के देशों के साथ अपने संबंधों को नई दिशा दी है। इजरायल के साथ रक्षा और तकनीकी सहयोग बढ़ा है, वहीं खाड़ी देशों के साथ आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी मजबूत हुई है। ईरान के साथ भी भारत ने अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को बनाए रखा है। यह बहुआयामी कूटनीति भारत को क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में स्थापित करती है। वर्तमान संकट के बीच भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकता क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को बनाए रखना है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने हालिया संवादों में बार-बार यह संदेश दिया है कि हिंसा और युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होते। युद्ध से केवल मानवीय संकट बढ़ता है और निर्दोष नागरिकों को इसकी सबसे बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। आज के समय में जब वैश्विक राजनीति लगातार परिवर्तनशील होती जा रही है और कई क्षेत्रों में अस्थिरता बढ़ रही है, तब भारत की भूमिका एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रिय कूटनीति यह संकेत देती है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों के साथ ही वैश्विक शांति और स्थिरता के मुद्दों पर भी अपनी रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार है। कहना होगा कि मध्य-पूर्व को लेकर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट है; संवाद, संतुलन और शांति। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया कूटनीतिक प्रयास इस बात का प्रमाण हैं कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत एक जिम्मेदार, संतुलित और प्रभावशाली आवाज के रूप में उभर रहा है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 19:17 तक |
| नक्षत्रः | चित्रा 11:15 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | वृद्धि, 06:51 |
| सूर्योदयः | 06:41 |
| सूर्यास्तः | 18:23 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 09:36-11:04 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 12:09 -12:55 |

## जन एक्सप्रेस

### चर्चा में फिर नीतीश

*राज्यसभा अब जाएंगे।*
*सूत्रों ने बताया ।।*
*चर्चा में फिर नीतीश कुमार।*
*है मुद्दा गरमाया ।।*
*पल ऐसा फिर आया।*
*हुई बात जुगाड़ ।।*
*बदला फिर से घटनाक्रम।*
*पद की है दहाड़ ।।*
*अटकलें अभी और हैं।*
*बेटे की तैयारी ।।*
*लेकर के निशांत को।*
*बढ़ी बेकरारी ।।*
*बीत गयी है होली।*
*चढ़ा राजनीतिक रंग ।।*
*समर्थकों में जोश नया।*
*उत्साह और उमंग ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पेट के लिए सबसे हल्की और जल्दी पचने वाली दाल कौन सी है?

**घर** की साधारण दाल-चावल हो, खिचड़ी हो या फिर रोटी के साथ गर्मागर्म दाल, यह न सिर्फ स्वाद बढ़ाती है बल्कि शरीर को जरूरी पोषण भी देती है। प्रोटीन से भरपूर दालें शाकाहारी लोगों के लिए खास तौर पर बहुत अहम मानी जाती हैं, लेकिन कई बार लोग दाल खाने के बाद पेट फूलना, गैस, भारीपन या अपच जैसी समस्याओं की शिकायत करते हैं। ऐसे में यह सवाल उठना बिल्कुल स्वाभाविक है कि क्या सभी दालें हर किसी के लिए एक जैसी होती हैं या फिर कुछ दालें ऐसी भी हैं जो पचने में ज्यादा आसान होती हैं।

**मूंग दालः** डाइटिशियन अर्चना जैन के अनुसार, अगर सबसे आसानी से पचने वाली दाल की बात की जाए तो मूंग दाल सबसे ऊपर आती है। खासतौर पर धुली मूंग दाल बहुत हल्की होती है और पेट पर ज्यादा दबाव नहीं डालती। इसमें प्रोटीन, फाइबर, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। यही वजह है कि बीमार लोगों, बुजुर्गों और बच्चों को भी अक्सर मूंग दाल खाने की सलाह दी जाती है। मूंग दाल का सेवन खिचड़ी, सूप या हल्की दाल के रूप में किया जा सकता है। अगर



किसी को एसिडिटी, गैस या अपच की समस्या रहती है तो मूंग दाल एक अच्छा विकल्प हो सकती है।

**स्टडीः** स्टडी के अनुसार, मूंग दाल पाचन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत गुणकारी है। इसमें प्रचुर मात्रा में मौजूद फाइबर (पेक्टिन) और प्रीबायोटिक गुण आंतों में गुड बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं, जिससे पाचन क्रिया सुचारू रहती है। अन्य फलियों की तुलना में मूंग दाल के कार्बोहाइड्रेट पचाने में आसान होते हैं, जो गैस और पेट फूलने की समस्या को कम करते हैं। यह कब्ज से राहत देने और आंतों की रोग प्रतिरोधक क्षमता सुधारने में भी सहायक है।

**मसूर दालः** मसूर दाल भी बाकी दालों के मुकाबले हल्की दालों में शामिल है। यह जल्दी पक जाती है और पचने में भी आसान होती है। डाइटिशियन अर्चना जैन के मुताबिक, मसूर दाल में प्रोटीन के साथ-साथ आयरन और फोलेट भी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है, जो शरीर में खून की कमी को दूर करने में मदद कर सकता है। हालांकि, कुछ लोगों को मसूर दाल से भी गैस की समस्या हो सकती है। इसलिए इसे अच्छी तरह भिगोकर और सही मसालों के साथ पकाना जरूरी है। अदरक, हींग और जीरा जैसे मसाले दाल को और भी सुपाच्य बना देते हैं।

**दाल को सुपाच्य बनाने के आसान तरीकेः** डाइटिशियन अर्चना जैन बताती हैं कि सिर्फ दाल का प्रकार ही नहीं, बल्कि उसे बनाने का तरीका भी पाचन पर असर डालता है। दाल को कम से कम 30 मिनट से 2 घंटे तक भिगोकर पकाने से यह जल्दी पकती है और पचने में भी आसान हो जाती है। इसके अलावा, दाल बनाते समय हींग, जीरा, अदरक और हल्दी जैसे मसालों का इस्तेमाल करना चाहिए। ये मसाले पाचन को बेहतर बनाते हैं और गैस बनने की समस्या को कम कर सकते हैं। साथ ही बहुत ज्यादा तेल या मसालेदार दाल खाने से भी बचना चाहिए।

## एक्सप्रेस विशेष

# पाकिस्तान, तुर्की और ईरान में चरमपंथ की उत्पत्ति और परिणाम



डॉ. पंकज जयस्वाल

**संदेश भेजने वाले ऐप्स का उपयोग कर सकते हैं। स्मार्टफोन इस श्रृंखला के अंत में स्थित व्यक्ति तक पहुंचता है, जिससे उन्हें सभी नेटवर्क तक पहुंच और इन शक्तिशाली उपकरणों पर महारत हासिल करने की क्षमता मिलती है।**

**ईरान,** इज़राइल, संयुक्त राज्य अमेरिका, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के वर्तमान अशांति के अंतर्निहित कारणों और संभावित परिणामों की पूरी तरह से जांच और विश्लेषण आवश्यक है। मध्य पूर्व में इस्लामी देशों पर खमेनीई की हत्या और ईरान के हमले के प्रकाश में आतंकवाद, कट्टरपंथ और चरमपंथ को समझना महत्वपूर्ण है। जब किसी देश में अत्यधिक मजहबी चरमपंथ और ताकतवर बनने और दूसरों का दुरुपयोग करने की लालची और स्वार्थी इच्छा जागृत होती है, तो यह दुनिया को यह विचारधारा खतरे में डालती है। इसी वजह से, लाखों लोगों की मृत्यु हो गई, प्राकृतिक संसाधनों का शोषण किया गया, आतंकवाद, नक्सलवाद, और युद्धों ने कई अर्थव्यवस्थाओं, समाजों और पर्यावरण को तबाह कर दिया। भविष्य में बढ़ने से रोकने के लिए, हमें अंतर्निहित कारण की पहचान करनी चाहिए और उचित कार्रवाई करनी चाहिए। ईरान, पाकिस्तान और तुर्की द्वारा चरमपंथी धार्मिक कल्पनाएं दुनिया भर में उथल-पुथल का मुख्य कारण हैं। ये तीन देश युवा लोगों, आतंकवाद और विरोधी मान्यवादी लक्ष्यों के साथ हानिकारक


**1990 के दशक के मध्य से दृश्यता का दायरा अभूतपूर्व हो गया। डिजिटल सार्वजनिक क्षेत्र के कारण आतंकवादी कृत्यों का प्रभाव दस गुना बढ़ गया। वेब के निरंतर समाचार फीड के साथ एकीकरण ने इस्लामी हिंसा के दुष्परिणामों को और भी गंभीर बना दिया। 1996 में शुरू हुआ अलजज़ीरा कतर का एक चैनल है जो लगभग 30 देशों में प्रसारित होता है और कुछ भाषाओं में सूचनात्मक वेबसाइटें बनाता है।**

विचारधाराओं को लागू करने के लिए अन्य देशों और धर्मों को खत्म करने के प्रयासों के बीच चरम इस्लाम के प्रसार के लिए ज़िम्मेदार हैं। यहां तक कि यदि ईरान, पाकिस्तान और तुर्की कई विषयों पर असहमत हैं लेकिन वे गैर-इस्लामी देशों में शरिया, उम्मा और इस्लामी चरमपंथ को लागू करने की अपनी इच्छा के बारे में बहुत स्पष्ट हैं। इस उद्देश्य के लिए वे आवश्यकतानुसार चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के साथ सहयोग करते हैं। ये देश सीरिया, इराक, यमन, रूस, इज़राइल, भारत, चीन, कई यूरोपीय राष्ट्रों और संयुक्त राज्य अमेरिका में आतंकवाद के लिए ज़िम्मेदार हैं। लाखों निर्दोष लोगों को आतंकवादी समूहों द्वारा आतंकवादी समूहों, जैश-ए-मोहम्मद, अलकायदा, लश्कर-ए-ताइबा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और कई आतंकवादी संगठन समय के साथ उभरे। लाखों लोग, महिलाएं और बच्चे इनकी बर्बरता का निशाना बने। आतंकवादी हिंसा के अधिकांश पीड़ित सामान्य नागरिक हैं। यह उन्हें अपने दैनिक अस्तित्व के बीच में पाता है, एक ऐसी जगह पर जहां किसी को भी अपनी सुरक्षा के लिए अनावश्यक तरीके सें सचेत नहीं होना चाहिए, किसी भी समय, कहीं भी। आतंकवादी और उनके आकाओं द्वारा निरंतर भेद्यता की एक असहनीय भावना सामने आई है। शांति कुछ दिनों, हफ्तों या यहां तक कि लंबे समय तक युद्ध की तरह दिखाई दे सकती है। अंतरराज्यीय हिंसा में कमी के तार्किक परिणाम के रूप में, लोकतांत्रिक दुनिया के लोगों को आतंकवादी हमलों से अधिक आघात होता है क्योंकि उन्हें अंतःस्थापित संस्कृति विरासत में मिली है। हालांकि, लोकतंत्र स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर स्थापित एक नरम राजनीतिक व्यवस्था है, वे भी अधिक शक्तिहीन हैं। पाकिस्तान, ईरान और तुर्की ने कश्मीर घाटी में युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर हजारों नागरिकों, पुलिस और सैन्य कर्मियों की हत्या की। कई कश्मीरी हिंदुओं की हत्या कर दी गई, यौन उत्पीड़न, दुर्व्यवहार किया गया, इस्लाम में परिवर्तित किया गया और अकेले 1990 में अपने घरों और संपत्तियों से भागने के लिए मजबूर किया, जो उनके जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी बनी। मानवीय अंतरराष्ट्रीय नेताओं को इन कट्टरपंथी, चरमपंथी और आतंकवादी निर्माण राष्ट्रों को एक सबक सिखाया जाना चाहिए। नीचे दी गई रिपोर्ट यह दर्शाती है कि इन कट्टरपंथियों ने नरसंहार और युद्धों के अलावा मानवता के लिए खतरा पैदा किया। इन्होंने दुनिया भर में आतंकवाद फैलाया, इस्लामी देशों में भी जहां हजारों मुस्लिम मारे गए हैं। यह आंकड़ा मुख्य रूप से हिंसा और युद्ध पीड़ितों की बजाय आतंकवादी हमलों की चिंता करता है, भले ही संख्या विभिन्न कारणों से वास्तविक संख्याओं से कम है। यह ध्यान देने योग्य है कि ये आंकड़े वास्तविकता को कम करके आंकते हैं क्योंकि इनमें उन इस्लामी आतंकवादी हमलों को शामिल नहीं किया गया है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# पीटीआर मार्गो की रात्रि बंदी के विरोध में आप का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



पीलीभीत टाइगर रिजर्व क्षेत्र से होकर गुजरने वाले प्रमुख मार्गों पर रात्रिकालीन आवागमन प्रतिबंध के फैसले के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने विरोध दर्ज कराया है। शुक्रवार को पार्टी पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए आदेश को वापस लेने या उसमें संशोधन करने की मांग की। पार्टी नेताओं का कहना है कि जंगल से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय, राज्य और जिला मार्गों पर रात में पूरी तरह आवागमन बंद करने से जनपद के हजारों लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। इससे किसानों, व्यापारियों, छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और पर्यटकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि पूरनपुर-पीलीभीत (आसाम मार्ग), पूरनपुर-खटीमा मार्ग और पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग जनपद के अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग हैं। इन सड़कों के माध्यम से पीलीभीत जनपद प्रदेश की राजधानी लखनऊ, नेपाल सीमा और उत्तराखंड के कई शहरों से जुड़ा हुआ है। ऐसे में रात में इन मार्गों पर आवागमन पूरी तरह रोक देने से जनजीवन पर व्यापक असर पड़ रहा है।पार्टी पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि इन मार्गों के जरिए बड़ी संख्या में पर्यटक शारदा डैम, टाइगर सफारी क्षेत्र, मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस, विभिन्न रिसॉर्ट, माँ गोमती उद्गम स्थल और बाराही मंदिर सहित उत्तराखंड के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों जैसे माँ पूर्णागिरि धाम, नानकमत्ता गुरुद्वारा, रीठा साहिब, गोल्ज्यू मंदिर, मायावती आश्रम और ओम पर्वत की यात्रा करते हैं। रात्रिकालीन बंदी से पर्यटन गतिविधियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई है। पार्टी नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) द्वारा जारी निर्देशों और न्यायालय के आदेशों का सम्मान किया जाता है, लेकिन जनहित को ध्यान में रखते हुए इस व्यवस्था में व्यावहारिक समाधान तलाशना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पूर्ण प्रतिबंध से लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है और व्यापार-पर्यटन पर भी असर पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर सभी जनप्रतिनिधियों को आगे आकर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पहल करनी चाहिए। आम आदमी पार्टी ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि वन्यजीव संरक्षण और आमजन की सुविधा के बीच संतुलन बनाते हुए रात्रिकालीन प्रतिबंध के आदेश पर पुनर्विचार कराया जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में जिला महासचिव एडवोकेट संजय कुमार, पंचायत प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार भारती, युवा इकाई नगर अध्यक्ष राघव गिहार, प्रवेश, संजय, इंदरजीत, रिंकू दिवाकर, मनोज, सूरज सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जाली हस्ताक्षर से करोड़ों का लोन लेने की कोशिश, तंत्र की सतर्कता से खुला बड़ा फर्जीवाड़ा

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

- फर्जी सरकारी पत्र और नकली मुहर के सहारे बैंक से ऋण लेने का प्रयास, डीएफओ की शिकायत के बाद कार्रवाई की तैयारी

जनपद पीलीभीत में सामने आया फर्जीवाड़े का यह मामला न केवल प्रशासनिक व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सरकारी तंत्र की सतर्कता समय रहते बड़े आर्थिक अपराधों को रोकने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के प्रभागीय वनाधिकारी के जाली हस्ताक्षर और फर्जी सरकारी पत्र का उपयोग कर बैंक से करोड़ों रुपये का लोन लेने की कोशिश ने सरकारी दस्तावेजों की सुरक्षा और सत्यापन प्रणाली पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के अमृतपुर गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा कथित रूप से फर्जी पत्र और नकली मुहर के जरिए बैंक से ऋण लेने का प्रयास किया गया। आरोप है कि इस फर्जी दस्तावेज में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर की नकल कर उसे आधिकारिक पत्र के रूप में प्रस्तुत किया गया। यह पत्र राइस मिल के निर्माण के लिए बैंक से ऋण स्वीकृत कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। हालांकि इस पूरे प्रकरण में बैंक की सतर्कता सराहनीय रही। बैंक ने पत्र पर संदेह होने के बाद सत्यापन के लिए उसे संबंधित विभाग को भेजा। जब वन विभाग के डिस्पैच रजिस्टर की जांच की गई तो यह स्पष्ट हो गया कि संबंधित पत्र विभाग की ओर से कभी जारी ही नहीं किया गया था। इस तरह एक बड़ा आर्थिक अपराध समय रहते सामने आ गया। यह घटना बताती है कि सरकारी दस्तावेजों का दुरुपयोग किस तरह संगठित आर्थिक अपराध का रूप ले सकता है। यदि बैंक की ओर से पत्र का सत्यापन नहीं कराया जाता, तो संभव था कि करोड़ों रुपये का ऋण फर्जी दस्तावेजों के आधार पर स्वीकृत हो जाता और सरकारी विभाग की छवि भी प्रभावित होती। इस मामले में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक को तहरीर भेजकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग करना एक जरूरी कदम है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई न केवल दोषियों को दंडित करने के लिए आवश्यक है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती है कि भविष्य में कोई व्यक्ति सरकारी मुहर और हस्ताक्षरों का दुरुपयोग करने का साहस न कर सके। आज के दौर में जब सरकारी योजनाओं, उद्योगों और बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से आर्थिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं, तब दस्तावेजों की डिजिटल सुरक्षा और सत्यापन प्रणाली को और मजबूत करने की आवश्यकता महसूस होती है। सरकारी विभागों और बैंकों के बीच बेहतर समन्वय, ऑनलाइन सत्यापन व्यवस्था और कड़ी निगरानी ऐसे मामलों को रोकने में अहम भूमिका निभा सकती है।पीलीभीत में सामने आया यह प्रकरण एक चेतावनी भी है और एक सीख भी। चेतावनी इसलिए कि सरकारी दस्तावेजों की सुरक्षा में जरा सी चूक बड़े आर्थिक अपराध को जन्म दे सकती है, और सीख इसलिए कि यदि संस्थागत सतर्कता बनी रहे तो ऐसे फर्जीवाड़ों को समय रहते बेनकाब किया जा सकता है। अब देखना यह होगा कि पुलिस जांच में इस मामले के पीछे की पूरी सच्चाई क्या सामने आती है और दोषियों के खिलाफ कितनी सख्त कार्रवाई होती है। यदि इस प्रकरण में कठोर कदम उठाए जाते हैं, तो यह न केवल कानून के प्रति विश्वास को मजबूत करेगा बल्कि भविष्य में इस तरह की जालसाजी करने वालों के लिए भी एक कड़ा संदेश साबित होगा।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू (चढ़ूनी) का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा मांगपत्र



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जंगल से सटे गांवों में किसानों की समस्याओं और वन्यजीवों से हो रहे नुकसान को लेकर भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान की मांग की।भाकियू नेताओं का कहना है कि वन विभाग द्वारा जंगल क्षेत्र से होकर गुजरने वाले कई पारंपरिक रास्तों को रात के समय बंद कर दिया गया है। इससे आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भी परेशानी होती है।किसान नेताओं ने मांग की कि इन रास्तों को चौबीसों घंटे खुला रखा जाए, ताकि ग्रामीणों की सामान्य आवाजाही बाधित न हो। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की दैनिक जरूरतों और सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। ज्ञापन में पीलीभीत टाइगर रिजर्व की अधूरी फेंसिंग का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। किसान नेताओं ने बताया कि वर्ष 2012 में पीलीभीत को टाइगर रिजर्व घोषित किए जाने के बाद जंगल के चारों ओर फेंसिंग कराने की योजना बनाई गई थी, लेकिन गजरौला, माधवपुर, अबेपुर और सेगरिया सहित कई क्षेत्रों में अब तक यह कार्य अधूरा है। फेंसिंग अधूरी होने के कारण नीलगाय, भालू और अन्य जंगली जानवर खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसानों की सालभर की मेहनत पर पानी फिर जाता है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। भाकियू नेताओं ने मांग की कि जंगली जानवरों द्वारा नष्ट की गई फसलों का वन विभाग द्वारा तुरंत सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को एक ओर जंगली जानवरों के हमले का डर रहता है, वहीं दूसरी ओर वन विभाग के नियमों से उनकी दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो किसान उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन पर भाकियू (चढ़ूनी) के जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह कहलो, जिला उपाध्यक्ष जोगा सिंह विर्क, जिला सचिव अमरजीत सिंह सहित कई किसानों के हस्ताक्षर रहे।

# घुंघचिहाई से जयकारों के साथ पूर्णागिरि दर्शन को रवाना हुए श्रद्धालु



- हवन-पूजन के बाद पैदल जत्था निकला, महिलाओं ने भजन गाते हुए दी विदाई

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** नगर क्षेत्र के घुंघचिहाई से माता पूर्णागिरि के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का पहला पैदल जत्था शुक्रवार को पूरे धार्मिक उत्साह और जयकारों के साथ रवाना हुआ। हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर विदाई दी गई। इस अवसर पर नगर में भक्ति का माहौल बना रहा। पैदल यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने माता के जयकारों के साथ नगर में जुलूस निकाला। गांव में जगह-जगह श्रद्धालुओं के साथ चल रहे माता के सिंहासन की पूजा कर उनका स्वागत किया गया। पदयात्रियों का हौसला बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं भी ढोल-नगाड़ों की धुन पर भजन गाती हुई साथ-साथ चलती रहीं। महिलाओं ने नगर की बाहरी सीमा तक पहुंचकर श्रद्धालुओं को भावभीनी विदाई दी। इस दौरान सागर विश्वास, रवि त्रिवेदी, मिथिलेश गुप्ता, आकाश गुप्ता, रंजीत सिंह यादव, राजीव भारती, सुमित भारती, अशोक यादव, संदीप यादव, कमल भारती, लवप्रीत सिंह, राजेश श्रीवास्तव, राजीव यादव सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# स्वच्छता की पाठशाला: 'प्लास्टिक के बर्तनों में भोजन, ना बाबा ना' अभियान से लोगों को किया जा रहा जागरूक

- सोशल मीडिया के माध्यम से अनिल मैनी चला रहे जनजागरूकता अभियान, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का दे रहे संदेश

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जनपद में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 'स्वच्छता की पाठशाला' अभियान के तहत 'प्लास्टिक के बर्तनों में भोजन, ना बाबा ना' संदेश तेजी से फैलाया जा रहा है। इस अभियान को लेकर समाजसेवी अनिल मैनी (मैनी कलेक्शन) लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। अनिल मैनी का कहना है कि आजकल लोग सुविधा के नाम पर प्लास्टिक के बर्तनों का अत्यधिक उपयोग करने लगे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक साबित हो सकता है। प्लास्टिक के बर्तनों में गर्म भोजन या चाय रखने से उसमें मौजूद रसायन भोजन में मिल जाते हैं, जिससे कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक के कप, प्लेट और अन्य बर्तनों के उपयोग से बचना चाहिए और इसके स्थान पर स्टील, पीतल या मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करना चाहिए। इससे न केवल स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा बल्कि पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा। अनिल मैनी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से लगातार पोस्ट और संदेश साझा कर रहे हैं, जिसमें प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। उनके इस प्रयास की जनपद में सराहना भी हो रही है और कई लोग इस मुहिम से जुड़कर जागरूकता फैलाने में सहयोग कर रहे हैं। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चलाया जा रहा यह अभियान लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि यदि इसी प्रकार जनजागरूकता बढ़ती रही तो भविष्य में प्लास्टिक के उपयोग में काफी कमी लाई जा सकती है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### होली पर हुड़दंग करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** होली के दौरान हुड़दंग कर माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। माधोटांडा थाना क्षेत्र के धरमंगदपुर गांव में होली के दिन हुरियारों की एक टोली डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए विशेष समुदाय के लोगों के घरों के पास पहुंच गई। आरोप है कि इस दौरान कुछ युवक अचानक एक घर के मुख्य दरवाजे पर लात मारने लगे। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने किसी तरह युवकों को समझाकर वहां से हटाया, लेकिन घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बाद में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और तीन युवकों की पहचान कर उन्हें हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी अशोक पाल सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों का शांतिभंग में चालान किया गया है। गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है और पुलिस टीम को निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

### दूसरी महिला से संबंध के शक में पति ने पत्नी को पीटा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने पति पर दूसरी महिला से संबंध होने का आरोप लगाते हुए मारपीट और जान से मारने की कोशिश करने की शिकायत पुलिस से की है।महिला का आरोप है कि उसके पति का किसी दूसरी महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी बात को लेकर वह अक्सर गाली-गलौज और मारपीट करता रहता है।महिला के मुताबिक चार मार्च की दोपहर उसके पति ने बेवजह गाली-गलौज करते हुए उसे घर से निकल जाने को कहा। विरोध करने पर उसने मारपीट की। घर में मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह उसे बचाया।आरोप है कि रात करीब साढ़े आठ बजे पति फिर से गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर उसे घर से बाहर निकालकर सड़क पर पटक दिया और डंडों से पीटा। इसके बाद धोती का फंदा बनाकर उसकी गर्दन दबाकर जान से मारने की कोशिश की।घटना में महिला घायल हो गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। बाद में पति ने उसे बच्चों सहित घर से निकाल दिया, जिससे महिला को पूरी रात बच्चों के साथ दूसरे स्थान पर रहना पड़ा।महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मामूली विवाद में मारपीट, महिला समेत तीन लोग घायल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गरीबपुर गांव में मामूली विवाद को लेकर मारपीट हो गई, जिसमें एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।गांव निवासी सोनी ने बताया कि चार मार्च को उसके परिवार के लोग घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान गांव का एक व्यक्ति अपने परिवार के अन्य लोगों के साथ उसके घर में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा।विरोध करने पर आरोपियों ने सोनी को घर से खींचकर बाहर कर दिया और डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर बचाने आई उसकी मां भाग्यश्री और छोटेलाल को भी आरोपियों ने पीट दिया। मारपीट में तीनों लोग घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग निकले। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है और जांच की जा रही है।

### बंदर ने मारा झपट्टा, छत से गिरकर बच्ची की मौत

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** बरेली के थाना इज्जतनगर के गांव मुड़िया अहमदनगर में एक परिवार में बुधवार को होली के उल्लास के बीच एक चीख ने सन्नाटा पसार दिया। घर की छत पर होली खेल रही तीन वर्षीय मासूम बच्ची बंदर की घुड़की से डरकर भागी तो अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरी। परिजन उसे तुरंत शहर के निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि अर्जुन साहू की तीन साल की बेटी आकांक्षा उर्फ तनिष्का बुधवार सुबह परिवार के अन्य बच्चों के साथ घर की छत पर होली खेल रही थी। इस दौरान बंदरों का एक झुंड वहां आ गया। तनिष्का के हाथ में गुलाल की थैली देख एक बंदर ने उसकी ओर झपट्टा मारते हुए घुड़की दी।

# स्व. हाजी रियाज अहमद की पांचवीं पुण्यतिथि पर आज होगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम व प्रीतिभोज

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

- चन्दोई स्थित लॉ कॉलेज परिसर में दोपहर एक बजे से आयोजन, क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील



जनपद के पूर्व कैबिनेट मंत्री हाजी रियाज अहमद की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार, 7 मार्च को श्रद्धांजलि सभा एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम चन्दोई स्थित लॉ कॉलेज के प्रांगण में दोपहर 1:00 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल होकर दिवंगत नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। कार्यक्रम की जानकारी उनके सुपुत्र शाने अली ने दी। उन्होंने बताया कि स्व. हाजी रियाज अहमद ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में जनपद के विकास, सामाजिक सौहार्द और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनके प्रयासों से क्षेत्र में कई विकास कार्यों को गति मिली और वे हमेशा आमजन के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनते थे।उन्होंने कहा कि पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके पश्चात प्रीतिभोज का आयोजन होगा, जिसमें सभी लोग सम्मिलित होकर दिवंगत नेता की स्मृतियों को साझा करेंगे। शाने अली ने बताया कि यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देने का भी एक माध्यम है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर स्व. हाजी रियाज अहमद को श्रद्धासुमन अर्पित करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी भी उनके सुपुत्र शाने अली द्वारा ही दी गई है।

# दुख की घड़ी में बरखेड़ा विधायक की संवेदनशीलता समाज के लिए प्रेरणा





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

पीलीभीत। समाज में जनप्रतिनिधियों की भूमिका केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे सामाजिक और मानवीय मूल्यों के संवाहक भी होते हैं। जब किसी परिवार पर दुख का पहाड़ टूटता है, तब जनप्रतिनिधियों का उनके बीच पहुंचकर सांत्वना देना समाज में विश्वास और सहानुभूति का संदेश देता है।बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोने का दुख झेला। ऐसे कठिन समय में विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद द्वारा विभिन्न गांवों में पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों से मिलना और उन्हें ढांढस बंधाना संवेदनशील नेतृत्व का उदाहरण है। नगरा मूसेपुर, इटौरिया, गजरौला, बैजूनागर, नरायनपुर, पतरसिया और अन्य गांवों में पहुंचकर उन्होंने परिजनों के दुख को साझा किया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। जनप्रतिनिधि जब दुख की घड़ी में लोगों के बीच पहुंचते हैं तो यह केवल औपचारिकता नहीं होती, बल्कि इससे समाज में अपनापन और भरोसा मजबूत होता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपने जनप्रतिनिधियों से केवल विकास कार्यों की ही अपेक्षा नहीं करते, बल्कि वे उन्हें अपने सुख-दुख का सहभागी भी मानते हैं। होली जैसे उत्सव के समय भी कई परिवार शोक में डूबे रहे। ऐसे में उनसे मिलकर संवेदना व्यक्त करना यह दर्शाता है कि समाज में मानवीय संवेदनाएं अभी भी जीवित हैं। इसी प्रकार बीमार व्यक्तियों का हालचाल लेना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करना भी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। आज के दौर में जब राजनीति को अक्सर केवल सत्ता और चुनाव से जोड़कर देखा जाता है, तब मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी ऐसी पहलें यह याद दिलाती हैं कि जनप्रतिनिधियों का असली कर्तव्य जनता के सुख-दुख में साथ खड़ा होना है। यही व्यवहार समाज में विश्वास, सहयोग और सामाजिक एकता को मजबूत बनाता है।

# बदायूं में टला बड़ा हादसा: प्राथमिक स्कूल लभारी में खाना बनाते समय लगी आग, मौजूद थे 61 छात्र, उपकरण नहीं चले

**जन एक्सप्रेस । बरेली**



बदायूं के कादरचौक क्षेत्र के गांव लभारी के प्राथमिक स्कूल में छात्रों का खाना बनाते समय अचानक सिलिंडर में आग लग गई। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। स्टाफ ने गांव वालों की मदद से बच्चों को सकुशल स्कूल से बाहर निकाला। आग बुझाने के उपकरण शोपीस मिले। सिलिंडरों पर जंग आ रही थी। किसी को चलाना भी नहीं आया। पुलिस ने जब उनको चलाया तो सब खराब मिले। प्राथमिक स्कूल लभारी में 280 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। शुक्रवार को 61 छात्र स्कूल पहुंचे। हादसा उस समय हुआ जिस समय छात्रों को खिलाने के लिए खाना बनाने के लिए रसोईया रसोई घर में काम कर रहीं थीं। अचानक सिलिंडर ने आग पकड़ ली। आग लगने के बाद भगदड़ मच गई। छात्र-छात्राएं चीखने लगीं। आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर आ गए। आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। किसी ने थाना पुलिस को हादसे की सूचना दे दी, जिसपर पुलिस मौके पर पहुंच गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। स्कूल में सात का स्टाफ है। अध्यापक व शिक्षमित्र सभी स्कूल में मौजूद थे लेकिन प्रधानाचार्य 11 बजे तक स्कूल नहीं पहुंच सकी थीं। करीब 11 बजे आग लगने की सूचना लोगों ने उनको दी तो बताया कि वह मीटिंग में गई हैं। आग बुझाने के उपकरण स्कूल आदि स्थानों पर इसलिए ही लगाए जाते हैं, जिससे समय रहते आग पर काबू पाया जा सके। लेकिन स्कूल में आग लगने के बाद जब सिलिंडरों को देखा गया तो उन पर जंग आ रही थी।

### टल गया बड़ा हादसा

लोगों की सूझबूझ से भले ही बड़ा हादसा टल गया हो लेकिन सुरक्षा के इंतजामों ने शिक्षा विभाग की पोल खोल दी है। अगर स्कूल में फायर सिलिंडरों की देखरेख ही नहीं जा रही थी तो अन्य व्यवस्थाओं को कैसे अध्यापक व जिम्मेदार संभाल रहे होंगे।

# मेरठ रोड स्थित पेंट फैक्ट्री में भीषण आग, दमकल की कई गाड़ियां पाया जाकर काबू

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



गाज़ियाबाद के मेरठ रोड स्थित एक पेंट बनाने वाली फैक्ट्री में शुक्रवार देर रात भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग मेरठ रोड पर रैपिड रेल के पिलर नंबर 682 के सामने स्थित फैक्ट्री में लगी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। आग लगते ही देखते ही देखते लपटों ने विकराल रूप ले लिया और पूरे इलाके में धुएं का गुबार फैल गया। फैक्ट्री में पेंट और अन्य केमिकल पदार्थ होने के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास की फैक्ट्रियों में भी दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने का अभियान शुरू कर दिया गया। फिलहाल करीब 15 से अधिक दमकल गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं और लगातार पानी की बौछार कर आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। आग की गंभीरता को देखते हुए नई तकनीक से लैस फायर ब्रिगेड की विशेष गाड़ियों को भी मौके पर लगाया गया है। फायर ब्रिगेड की टीम ने एहतियात के तौर पर आसपास की फैक्ट्रियों और गोदामों को अलर्ट कर दिया है और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। मौके पर फायर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हैं और हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। राहत की बात यह है कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि आग पर पूरी तरह काबू कर लिया गया है।

# हरदोई के अरवल क्षेत्र में गंगा नदी के पुल पर मिली छात्रा की साइकिल व दुपट्टा

## गोताखोरों से मदद से छात्रा की गंगा नदी में तलाश जारी

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई। होली के दूसरे दिन थाना अरवल क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक छात्रा की साइकिल, दुपट्टा और चप्पल गंगा पुल पर संदिग्ध हालत में मिले। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से गंगा नदी में छात्रा की तलाश शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार थाना अरवल क्षेत्र के ग्राम मंसूरपुर निवासी वंदना (पुत्री गुड्डू) गुरुवार तड़के करीब 3-30 बजे बिना किसी को बताए घर से साइकिल लेकर निकल गई। सुबह जब परिजनों ने उसे घर में नहीं देखा तो उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान पता चला कि कुसुमखोर गंगा पुल पर उसकी साइकिल, दुपट्टा और चप्पल पुल की बाउंड्री के किनारे रखी हुई हैं, जबकि छात्रा का कोई पता नहीं चल रहा है। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना अरवल थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अनिल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद गोताखोरों को बुलाकर गंगा नदी में छात्रा की तलाश शुरू करवाई गई।बताया जा रहा है कि लापता छात्रा वंदना जनता इंटर कॉलेज पुरसौली में कक्षा 9 की छात्रा थी कुछ समय से उसका मानसिक उपचार सांडी में चल रहा था, लेकिन कोई विशेष लाभ नहीं हो रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहती थी। फिलहाल पुलिस और गोताखोरों की टीम गंगा नदी में छात्रा की तलाश में जुटी हुई है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## 08 मार्च को होगा एक दिवसीय पिंक रोजगार महाकुम्भ का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** हरदोई।जिला सेवायोजन अधिकारी रामवीर सिंह ने बताया है कि शासन के मंशानुसार मिशन रोजगार के अन्तर्गत बेरोजगार महिला अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ के द्वारा इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में 08 मार्च 2026 को प्रातः 10.00 बजे से एक दिवसीय पिंक रोजगार महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है, उक्त मेले में महेन्द्रा फाइनेन्स, हीरो क0, अमेजन, जियो, फ्लिपकार्ट सहित 50 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। जिसमें न्यूतम हाईस्कूल पास अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। जिसमें 2000 रिक्तियों, आयु सीमा 18 से 40 वर्ष एवं वेतन- 10,000 से 35,000 रहेगा। इच्छुक महिला अभ्यर्थी रोजगार मेले में विभागीय पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करा कर आवेदन कर सकते है। जिन महिला अभ्यर्थियों का ऑनलाइन आवेदन नही हो पाया है, वह महिला अभ्यर्थी सीधे इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में पहुँच कर पिंक रोजगार महाकुम्भ में प्रतिभाग कर सकते है।

# बासौड़ा पूजन सोमवार और बुधवार को

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

■ चर्म रोगों को दूर करती हैं शीतला देवी: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

होलिका पर्व के बाद मौसम परिवर्तन एवं अन्य कारणों से चर्म रोगों की उत्पत्ति होने लगती है इसमें चेचक, खसरा जैसे रोगों निवृत्ति हेतु चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर हर साल देवी शीतला माँ का पूजन अर्चन किया जाता है। इस पर्व को बासौड़ा कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन चूल्हा नहीं जलाया जाता है।

शीतला अष्टमी अथवा बासौड़ा के विषय में जानकारी देते हुए वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने कहा कि होली के 8 दिन बाद शीतला अष्टमी मनाई जाती है। चैत्र कृष्ण अष्टमी तिथि का आरंभ 10 मार्च मांगलवार की रात्रि-11मार्च की प्रातः बुधबार 01-54 से होगा जो कि 11 मार्च बुधवार की रात्रि 12 मार्च की प्रातः 04-19 मिनट तक रहेगी।अतः उदयातिथि के अनुसार, शीतला अष्टमी या बासोड़ा का पर्व 11 मार्च दिन बुधवार को है। लोकमान्यता के अनुसार कुछ लोग सप्तमी तिथि, सोमवार और गुरुवार को भी मनाते है,अधिकांश सनातनी सोमवार को सोमशीतला पूजन कर शीतला माँ को प्रसन्न करेंगे।

स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज के अनुसार चर्म रोगों से बचाने वाली देवी माता शीलता को माँ पार्वती का अवतार माना जाता है। इस दिन घर में चूल्हा नहीं जलाया जाता बल्कि, एक दिन पहले बने खाने को खाया जाता है। इसी से देवी की पूजा भी की जाती है। शीतला अष्टमी को बसौड़ा या बसोड़ा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन लोग अपने घरों में चूल्हा नहीं जलाते हैं। क्योंकि इस दिन शीतला माता की पूजा की जाती है और उनको बासी भोजन का भोग लगाते हैं। बासोड़ा का भोग एक दिन पहले यानि सप्तमी की रात में बनाया जाता है। फिर ठंडा यानि बासी भोग अगले दिन अष्टमी को शीतला माता को अर्पित करते हैं। इसलिए इस दिन चूल्हा नहीं जलता है। उनको जो भोग लगाते हैं, वहीं पूरा परिवार खाता है।

## जननायक एक्सप्रेस से गिरकर युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद।** शाहाबाद क्षेत्र के ग्राम सरैया के निकट रेलवे ट्रैक पर पंजाब से बिहार जाने वाली जननायक एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 15210) में यात्रा कर रहे एक युवक की चलती ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान रिंकू कुमार (22) पुत्र खातो ऋषि, निवासी तेतराही जानकीनगर पूर्णिया बिहार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रिंकू कुमार पंजाब से बिहार अपने घर जा रहा था। ग्राम सरैया थाना पिहानी के पास वह जननायक एक्सप्रेस से अज्ञात कारणों के चलते गिर गया। गिरने के कारण उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर जहानी खेड़ा चौकी इंचार्ज एसआई कैलाश चंद्र यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल हरदोई भेज दिया।

चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित करने की कोशिश की जा रही है।

## पति के सामने बंधक बनाकर ससुर,देवर और ननदोई पर गैंगरेप का आरोप,पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहाँ %मिशन शक्ति% के जरिए महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान का अहसास करा रही है, वहीं हरदोई के लोनार इलाके से मानवता को शर्मसार करने वाली एक ऐसी वारदात सामने आई है जिसने रिश्तों की मर्यादा को तार-तार कर दिया है। यहाँ एक विवाहिता को उसके ही घर में बंधक बनाकर ससुर, देवर और ननदोई ने सामूहिक दरिंदगी की। रोंगटे खड़े कर देने वाली बात यह है कि इस हैवानियत के दौरान पीड़िता का पति और बच्चे घर में मौजूद थे, लेकिन पति तमाशबीन बना रहा।

लोनार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता का आरोप है कि गुरुवार की रात जब वह घर पर थी, तभी उसके ससुर, देवर और ननदोई ने उसे दबोच लिया। विरोध करने पर उसके हाथ-पैर बांध दिए गए और फिर तीनों दरिंदों ने बारी-बारी से उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। हैवानियत का यह नंगा नाच तब तक चला जब तक महिला बेहोश नहीं हो गई।पीड़िता के मुताबिक, इस पूरी वारदात की पटकथा उसके पति ने ही लिखी थी। पति के किसी दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध हैं, जिसके कारण वह अपनी पत्नी को रास्ते से हटाना चाहता था। घर से भगाने के लिए उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और अंत में पति की शह पर ही इन दरिंदों ने उसकी अस्मत को लूटा।हालत बिगड़ने पर पीड़िता को पहले पाली पीएचसी ले जाया गया, जहाँ गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।?÷पुलिस पूरे मामले की गहनता से पड़ताल कर रही है। पारिवारिक विवाद और अवैध संबंधों के एंगल से भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# बैंक के सामने बैठी महिला से रूपये छीन कर बदमाश फरार

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद



शाहाबाद कोतवाली के दिलेर गंज स्थित स्टेट बैंक की शाखा से रुपए निकाल कर बरामदे में गिन रही एक बुजुर्ग महिला से दिनदहाड़े एक नकाबपोश बदमाश ने थप्पड़ मार कर 8 हजार छीने और फरार हो गया। महिला रोती रही। स्टेट बैंक के गार्ड ने इस घटना पर कोई तवज्जो नहीं दी और महिला को कुछ दूर ले जाकर घर चले जाने के लिए कहकर भेज दिया। पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर दी है । शाहाबाद कोतवाली के ग्राम नरहाई निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला राम श्री पत्नी सूर्यपाल कुशवाहा बैंक में जमा गन्ना के रुपए निकालने के लिए आई थी। बुजुर्ग महिला का ऑपरेशन होना था, इसलिए उसको रुपए की सख्त जरूरत थी। शुक्रवार को दोपहर 1-00 बजे महिला ने ?20,000 निकाले और बैंक के बरामदे में बैठकर रुपए गिनने लगी। इसी बीच चेहरा ढक कर आए एक युवक ने बुजुर्ग महिला के थप्पड़ मारा और गिनते हुए एक हाथ के रुपए छीनकर सरस्वती शिशु मंदिर की ओर भाग गया। महिला के अनुसार 12 हजार रूपये उसके एक हाथ में बच गए दूसरे हाथ के 8 हजार रूपये बदमाश छीन कर ले गया। बुजुर्ग महिला चीखने चिल्लाने लगी और गार्ड तथा आसपास के लोगों को घटना के बारे में बताया। गार्ड ने महिला के साथ हुई घटना को नजरअंदाज कर दिया और महिला को बैंक से कुछ दूर अपने साथ लेकर आया और घर चले जाने के लिए कहकर उसे छोड़ दिया। पीड़ित महिला ने घर आकर सारी दास्तान अपने पुत्रों को बताई, उसके बाद कोतवाली में तहरीर दी है। फिलहाल घटना से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लग गया है।

# सर्प दंश की शिकार महिला डिब्बे में सांप पहुँची अस्पताल

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरपालपुर थाना क्षेत्र के सतौथा गांव में बठिया से कंडे निकालते समय एक महिला को सांप ने डस लिया।सर्प दंश की शिकार महिला के साथ ही सांप को डिब्बे में बंद करके परिजन सीएचसी पहुंचे जहां मौजूद लोगों में हड़कम्प मच गया।

सीएचसी हरपालपुर में उस वक्त अफरा-तफरी व दहशत का माहौल बन गया, जब एक महिला के परिजन डिब्बे में बंद जिंदा जहरीला सांप लेकर सीधे अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में दाखिल हो गए। सांप को देखते ही अस्पताल के स्टाफ और मरीजों के होश उड़ गए और अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। कोतवाली क्षेत्र के सतौथा गांव निवासी पवन श्रीवास्तव की पत्नी संगीता शुक्रवार को घर के बाहर खाना बनाने के लिए कंडे लेने गई थीं। इसी दौरान कंडों के ढेर में छिपे एक जहरीले सांप ने संगीता को डस लिया। महिला के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और बहादुरी दिखाते हुए सांप को एक प्लास्टिक के डिब्बे में बंद कर लिया। परिजन बिना देरी किए संगीता को लेकर हरपालपुर सीएचसी पहुंचे, लेकिन हैरानी तब हुई जब वह सांप को भी साथ ले आए। परिजनों का तर्क था कि डॉक्टर सांप को देखकर सही जहर की पहचान कर बेहतर इलाज कर सकेंगे। अस्पताल में सांप होने की खबर फैलते ही तमाशबीनों का भारी जमावड़ा लग गया।सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आनंद पांडेय ने बताया कि महिला को तत्काल प्राथमिक उपचार दे दिया गया है। समय पर अस्पताल पहुंचने के कारण जहर का असर फैलने से रोक लिया गया और अब महिला की हालत में काफी सुधार है। डॉक्टरों ने लोगों से अपील की है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक के बजाय सीधे अस्पताल आएं, ताकि जान बचाई जा सके।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

**जालौन।** कार की टक्कर से बाइक सवार युवक के घायल होने के मामले में पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनौरा कलां निवासी राघवेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह देवनगर चौराहे पर जिला परिषद की दुकानों में एक दुकान किराए पर लिए है। बीती 13 फरवरी की दोपहर करीब ढाई बजे वह अपनी दुकान पर बाइक से आ रहा था। रास्ते में उरई की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने बेकाबू होकर उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसके दाहिने पैर में फेक्चर हो गया। उसे पहले सीएचसी ले जाया गया। फिर वहां से गंभीर हालत को देखते हुए उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के बाद उसे कुछ आराम हुआ और वह रिपोर्ट लिखाने आया है। घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डीएम ने जनसुनवाई में शिकायतों को समय से निस्तारण करने के दिए निर्देश



जन एक्सप्रेस । उरई

जिले में सुशासन और पारदर्शी प्रशासन की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष से वर्चुअल माध्यम के जरिए सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को जोड़कर जनसुनवाई की। इस दौरान दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रशासन का मूल उद्देश्य जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है, इसलिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा भी की जाए।

## ग्रह कलह के चलते युवक ने कुएं में लगाई छलांग, ग्रामीणों ने बचाया

जन एक्सप्रेस । उरई

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मई में गुरुवार की शाम परिवार कलह के चलते युवक ने कुएं में कुंदकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसे ग्रामीणों द्वारा समय रहते कुए से बाहर निकल लिया गया।

रामपुरा के ग्राम मई निवासी जितेन्द्र पाल पुत्र हेमचंद्र पाल 24 वर्ष का अपने भाइयों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद में भाइयों में आपस मे मारपीट हो गई।जिससे आहत होकर जितेन्द्र गुस्से में आकर घर से कुछ दूरी पर बने कुएं में कूद गया। जितेन्द्र को कुएं में छलांग लगते हुए ग्रामीणों ने देखा तथा तुरंत बचाव कार्य शुरू कर दिया। कुएं में रस्सियों आदि की मदद से जितेन्द्र को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जिसके बाद युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुरा ले जाया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया। युवक की स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं, किसानों को शत-प्रतिशत दिलाएं लाभ: डीएम

जन एक्सप्रेस । उरई




जनपद में संचालित भूमि संरक्षण एवं जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में योजनाओं की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई, निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचाया जाए तथा कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संरक्षण एवं जल संरक्षण की योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने, बंजर भूमि के सुधार और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। इसलिए सभी अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर किसानों से संवाद स्थापित करें, उन्हें योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें योजनाओं से जोड़ते हुए शत-प्रतिशत लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान पाया गया कि भूमि संरक्षण इकाई राष्ट्रीय जलागम द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना बीहड़ बंजर सुधार के अंतर्गत 501.86 हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष केवल 300 हेक्टेयर में ही कार्य कराया गया है। वहीं खेत तालाब योजना के अंतर्गत 230 तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 09 तालाब ही निर्मित किए गए हैं। इसी प्रकार भूमि संरक्षण इकाई राष्ट्रीय जलागम प्रथम द्वारा 300 हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष 190 हेक्टेयर में कार्य कराया गया है तथा 230 खेत तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष केवल 10 तालाब बनाए गए हैं। भूमि संरक्षण इकाई राष्ट्रीय जलागम द्वितीय द्वारा 630 हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष 294 हेक्टेयर में कार्य कराया गया है, जबकि 230 खेत तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 12 तालाब ही बनाए गए हैं। वहीं भूमि संरक्षण इकाई डीपीएपी द्वारा 552 हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष केवल 195 हेक्टेयर में ही कार्य कराया गया है तथा 230 खेत तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष 10 तालाब ही बनाए गए हैं। प्रगति अपेक्षित न मिलने पर जिलाधिकारी ने चारों इकाइयों के अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करते हुए कार्यों में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने निर्देशित किया कि कराए गए सभी कार्यों का स्थलवार फोटो प्रलेखन तैयार कर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए, ताकि कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का प्रभावी मूल्यांकन किया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि फील्ड में सक्रिय रहकर कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें और किसानों को योजनाओं से जोड़ते हुए जल संरक्षण एवं भूमि सुधार के कार्यों को अभियान के रूप में आगे बढ़ाएं, जिससे अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी मधुवेश पाठक आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# होली पर्व के दौरान मारपीट के आरोपी पिता पुत्र गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । उरई

माधौगढ़ क्षेत्र में होली पर्व के दौरान शांति नजर आई, तो वहीं दो गांवों में हुई छुट-पुट घटनाओं में दो महिलाएं सहित तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं घायलों की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुटरा निवासी बबिता अपने पुत्र प्रदीप के साथ वृहस्पतिवार शाम अपने दरवाजे पर बैठी थी। शराब में धुत युवक राजेश व गोपाल गाली- गलौज करने लगे। इस दौरान बबिता ने गाली-गलौज का विरोध किया। शोरगुल सुन राजेश की पत्नी कुंजा व पुत्र गोलू भी मौके पर पहुंच गए। बबिता से कहासुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें बबिता पुत्र सहित घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल मां बेटे को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद घर भेज दिया गया। दूसरी ओर हरौली निवासी रमा देवी खेत से काम कर घर लौट रहीं थी। जैसे ही अपने दरवाजे पर पहुंची थी कि शराब में धुत रामदास गाली-गलौज करने लगे। महिला ने गाली देने का विरोध किया, तो रामदास ने पुत्र के साथ मिलकर महिला की मारपीट कर दी। महिला ने पिता पुत्र के खिलाफ तहरीर दे दी है। कोतवाल बिकेश बाबू का कहना है कि दोनों महिलाओं का मामला दर्जकर लिया गया है। महिला की तहरीर पर हरौली निवासी पिता, पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## मैक्स मल्टी स्पेशलिटी सेंटर, पंचशील पार्क, में 65-वर्षीय महिला का बाईलैटरल टोटल नी रिप्लेसमेंटसफल, उसी दिन मिली छुट्टी

जन एक्सप्रेस । आगरा



ऑर्थोपेडिक केयर के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए मैक्स मल्टी स्पेशलिटी सेंटर, पंचशील पार्क के डॉक्टरों ने आगरा की 65-वर्षीय महिला का दोनों घुटनों का टोटल नी रिप्लेसमेंट सफलतापूर्वक किया और उन्हें उसी दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी। सर्जरी के कुछ ही घंटों बाद मरीज अपने घर लौट सकीं, जो आधुनिक जॉइंट रिप्लेसमेंट तकनीक और बेहतर रिकवरी प्रोटोकॉल का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। मरीज, श्रीमती उषा गोयल, जो आगरा की निवासी हैं, लंबे समय से दोनों घुटनों में ऑस्टियोआर्थराइटिस की समस्या से जूझ रही थीं। इसके कारण उन्हें तेज दर्द और चलने-फिरने में काफी परेशानी हो रही थी। अस्पताल जाने को लेकर घबराहट के कारण उन्होंने लंबे समय तक सर्जरी टाल दी, जबकि उनके लक्षण लगातार बढ़ते जा रहे थे और रोजमर्रा के काम करना भी मुश्किल हो रहा था। स्थायी समाधान की तलाश में उन्होंने मैक्स मल्टी स्पेशलिटी सेंटर, पंचशील पार्क में परामर्श लिया। विस्तृत जांच और काउंसलिंग के बाद एडवांस जॉइंट रिप्लेसमेंट प्रक्रियाओं के लिए प्रसिद्ध, मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट के चेयरमैन - डॉ. सुजॉय भट्टाचार्जी और उनकी टीम ने एक सुव्यवस्थित सेम-डे डिस्चार्ज प्रोटोकॉल के तहत मरीज का रोबोटिक-असिस्टेड बाईलैटरल टोटल नी रिप्लेसमेंट किया। यह सर्जरी एडवांस रोबोटिक टेक्नोलॉजी और मसल-स्पेरिंग (सबवास्टस) तकनीक की मदद से की गई, जिससे टिशू को कम नुकसान पहुंचे और रिकवरी तेज हो सके। पूरी प्रक्रिया बिना किसी कॉम्प्लीकेशन्स के सफलतापूर्वक पूरी की गई। इस महत्वपूर्ण सर्जरी के बारे में बताते हुए, मैक्स मल्टी स्पेशियलिटी सेंटर, पंचशील पार्क के मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट के चेयरमैन - डॉ. सुजॉय भट्टाचार्जी, ने कहा, आमतौर पर दोनों घुटनों का टोटल नी रिप्लेसमेंट कराने वाले मरीजों को तीन से पांच दिन तक अस्पताल में रहना पड़ता है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क पर अज्ञात युवक पड़ा मिला

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद।** शाहाबाद के मोहल्ला दिलेरगंज में स्टेट बैंक तिराहे पर संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात युवक गुरुवार की रात से पड़ा पाया गया। मोहल्ले वालों ने शुक्रवार सुबह उसके मुंह से झाग निकलता देख इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने 108 एम्बुलेंस के माध्यम से घायल युवक को सीएचसी भेजा जहाँ से इलाज के लिए युवक को जिला चिकित्सालय भेजा गया है। जामा मस्जिद पुलिस चौकी के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया घायल को इलाज के जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। जहाँ उसका इलाज चल रहा है।उसकी तबियत सही होने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । उरई

कैलिया थाना पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी कई दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा व क्षेत्राधिकारी कोंच परमेश्वर प्रसाद के मार्गदर्शन में थाना कैलिया पुलिस ने कार्रवाई की। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पीपरी तिराहा ग्राम पीपरी कलां के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरेंद्र कुमार 27 पुत्र बृंदावन प्रजापति निवासी ग्राम ब्यौना राजा थाना कैलिया के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरेंद्र कुमार 27 पुत्र बृंदावन प्रजापति निवासी ग्राम ब्यौना राजा थाना कैलिया के रूप में हुई है।उसके खिलाफ थाना कैलिया में बीएनएस व पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अवनीश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन सिंह व कांस्टेबल हिमांशु भदौरिया शामिल रहे।

# किसानों को जागरूक करने के लिए एलईडी वैन से श्री अन्न का प्रचार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में कृषि विभाग द्वारा शहरों, कस्बों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में एलईडी वैन के माध्यम से 'श्री अन्न' के प्रचार-प्रसार का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों और आम जनमानस को पोषक तत्वों से भरपूर श्री अन्न की खेती और उसके लाभों के प्रति जागरूक करना है। प्रदेश सरकार द्वारा श्री अन्न ( बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, सांवा आदि ) को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। एलईडी वैन जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जाकर श्री अन्न के महत्व पर आधारित लघु फिल्म, गीत, विज्ञापन और डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से लोगों को जानकारी प्रदान कर रही है। श्री अन्न को सुपर फूड भी कहा जाता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह कैल्शियम, आयरन और फाइबर से भरपूर होता है तथा मधुमेह और मोटापे जैसी बीमारियों से लड़ने में सहायक है। श्री अन्न की खेती के लिए बहुत कम पानी की आवश्यकता होती है और यह प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में भी आसानी से उगाया जा सकता है। इसकी खेती में लागत भी कम आती है, क्योंकि इसमें पानी, उर्वरक और कीटनाशकों की आवश्यकता कम होती है। विश्व स्तर पर श्री अन्न की बढ़ती मांग के कारण किसानों को इससे अच्छा लाभ भी प्राप्त हो रहा है। कृषि विभाग द्वारा श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को कई प्रकार की सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं, जिनमें मिलेट्स बीज मिनीकिट का निःशुल्क वितरण, प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर अनुदान, मोबाइल आउटलेट पर अनुदान, मिलेट्स स्टोर पर अनुदान, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता तथा प्रेरणा कैंटीन पर अनुदान शामिल हैं। कृषि विभाग द्वारा एलईडी वाहन का संचालन प्रारंभ किए जाने के उपरांत उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। इसके बाद विकास खंड मानधाता के ग्राम रामपुर मुस्तर्का तथा विकास खंड लक्ष्मणपुर के जेठवारा बाजार में एलईडी वाहन के माध्यम से कार्यक्रम का संचालन किया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में क्रॉकरी की दुकान में लगी आग, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले के आसपुर देवसरा थाना इलाके के सैफाबाद बाजार में गुरुवार देर रात एक क्राकरी स्टोर में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सैफाबाद बाजार निवासी आजाद खान और महफूज खान की क्राकरी दुकान में गुरुवार देर रात अचानक धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने मामले की सूचना तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरन्त मौके पर पहुंचे। फायर कर्मियों ने काफी देर तक कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश क्राकरी का सामान जलकर राख हो चुका था। आग लगने से दुकान के अंदर रखा महंगा क्राकरी सामान, कांच के बर्तन और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। पुलिस के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

# करंट लगाकर हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की रानीगंज थाने की पुलिस ने शुक्रवार को हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त पर करंट छुआकर जान लेने का आरोप है।

बता दें कि रानीगंज थाना इलाके के गोपालपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर प्रियांशु यादव को पड़ोसी राकेश उर्फ राजाबाबू ने होली के बहाने अपने घर बुलाया। आरोप है कि इस दौरान राजेश ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर प्रियांशु को जान से मारने की नीयत से उसके शरीर में बिजली का तार छुआ दिया, जिससे करंट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया था। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी रानीगंज प्रभात कुमार सिंह व उनकी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राजेश कुमार सरोज उर्फ राकेश उर्फ राजाबाबू को थाना इलाके के नरसिंहगढ़ पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि बुधवार को उसके द्वारा जो घटना किया गया उसमें प्रियांशु की मृत्यू हो गयी जिस कारण मैं वहां से भाग गया। मुझे भी थोड़ा सा करंट लगा था, जिस कारण चार तारीख को ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानीगंज जाकर इलाज कराया था। पकड़े जाने के डर से आज किसी रिस्तेदारी में छिपने जा रहा था कि पुलिस ने पकड़ लिया। सीओ रानीगंज ने बताया कि बीते 4 मार्च को थाना क्षेत्र रानीगंज के अंतर्गत गोपालपुर गांव में एक व्यक्ति प्रियांशु यादव की हत्या राजेश कुमार उर्फ राजा बाबू के द्वारा करंट का तार छुआकर कर दी गई थी। जिसके बाद इस संबंध में थाना रानीगंज पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे में वांछित आरोपी राजेश कुमार उर्फ राजबाबू को शुक्रवार को रानीगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# पुरानी रंजिश में हत्या के प्रयास के चार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की आसपुर देवसरा थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे से संबंधित चार आरोपियों को शुक्रवार को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, बांस के डण्डे व प्लास्टिक पाइप भी बरामद किया। बता दें कि थाना आसपुर देवसरा थाना इलाके के सेतापुर गांव निवासी एक महिला ने तहरीर देते हुए बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने उसके देवर पर लाठी-डण्डा व कुल्हाड़ी से जान से मारने की नीयत हमला कर दिया था जिसमें कुल्हाड़ी लगने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के परिजन बीच-बचाव करने पहुँचे तो आरोपियों द्वारा घर में घुसकर उनके साथ भी मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक ही परिवार के महिला व पुरुष समेत छ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ पट्टी मनोज कुमार के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी आसपुर देवसरा राकेश कुमार चौरसिया के नेतृत्व में एसआई जावेद अहमद व उनकी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आरोपी सुशील व उसकी पत्नी एवं बलजीत व उसकी पत्नी समेत चार आरोपियों को शुक्रवार को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक कुल्हाडी, दो बांस के डण्डे व दो प्लास्टिक पाईप बरामद की गई। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया।

## दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, चले ईंट-पत्थर

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

स्थानीय गांव में होलिका दहन की रात हुए कहासुनी के बाद उपजे विवाद में होली पर्व के दिन दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें एक पक्ष से दो, जबकि बीच-बचाव करने गए दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट में एक की हालत नाजुक है। चले लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से गांव में कुछ देर के लिए खलबली मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लिया। गड़ेर गांव में होली के दिन गांव के ही सात-आठ की संख्या में लाठी-डंडे से लैस मनबढ़ रामधनी गोंड़ के बेटे सरवन से मारपीट करने लगे। पुलिस को दिए तहरीर में रामधनी गोंड़ का कहना है कि मनबढ़ों ने बेटे पर प्राणघातक हमला बोल दिया। जिससे वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। उसका इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा है। बीच-बचाव करने गए धनंजय गोंड़ पुत्र रामधनी, प्रदीप, शैलेंद्र पुत्रगण श्यामबिहारी घायल हो गए।

# बार्डर खुला तो बाजारों में दिखी रौनक

- नेपाल में मतदान प्रक्रिया समाप्ति के बाद अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर खुली
- सीमा पर आवाजाही शुरु, व्यापारियों व पर्यटकों ने ली राहत की सांस

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**



पड़ोसी देश नेपाल में केंद्रीय प्रतिनिधि सभा सदस्य चुनाव के चलते भारत-नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा 72 घंटे तक सील था। जो मतदान समाप्ति के बाद शुक्रवार को ठूठीबारी बार्डर को पुनः खोल दिया गया। सीमा का बैरियर उठते ही दोनो देशों के नागरिकों का सामान्य आवाजाही शुरू हुआ तो सीमावर्ती क्षेत्र के व्यापारियों ने राहत की सांस ली, बाजारों में ग्राहकों का चहल पहल भी देखा गया। नेपाल में केंद्रीय सभा प्रतिनिधि सभा सदस्य पद के चुनाव के लिए बीते दिन गुरुवार को मतदान पड़े। सुरक्षा के दृष्टिगत और नेपाल प्रशासन के अनुरोध पर मतदान से पूर्व 72 घंटे पहले अंतरराष्ट्रीय बार्डर को सील कर सामान्य आवागमन पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया था। इसी कारण सीमावर्ती क्षेत्र के बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। लोग सीमा खुलने का इंतजार करते रहे। उधर मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद बार्डर पुनः खुला तो दोनो देशों के नागरिकों का सामान्य आवागमन बहाल हो गया। तब जाकर यात्रियों व स्थानीय व्यापारियों ने राहत की सांस ली। ऐसे में बार्डर खुलने की जानकारी मिलने पर भारतीय पर्यटकों को नेपाल जाने तो नेपाली नागरिकों का भारतीय सीमा क्षेत्र के बाजार में आने का सीलसिला पूरे दिन जारी रहा। इस संबंध में एसएसबी के सहायक कमांडेंट प्रिया यादव जन एक्सप्रेस संवाददाता को बताया की नेपाली चुनाव सम्पन्न होने के बाद बार्डर खोलने के निर्देश मिले थे, शुक्रवार की सुबह बॉर्डर खोल दिया गया है सामान्य आवाजाही शुरु हो गई है आने जाने वाले लोगो की जांच पड़ताल की जा रही है।

# गैस के लिए हाहाकार : गोदाम पर उमड़ी भारी भीड़

**आपूर्ति कम होने से उपभोक्ता परेशान, सुबह से खाली सिलेंडर लेकर बारी का करते थे इंतजार, शादी-ब्याह व रमजान को लेकर बढ़ी चिंता**

- एचपी गैस गोदाम से गैस लेने के लिए लगी लंबी कतार, पुलिस की मौजूदगी में बांटे गए सिलेंडर

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**



रसोई और कमर्शियल गैस उपयोग के लिए आपूर्ति के लिए ठूठीबारी में मां शक्ति एचपी गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी संचालित है। इन दिनों रसोई गैस की किल्लत के चलते उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। गैस की आपूर्ति पूरी तरह से न होने के कारण गैस गोदाम के बाहर शुक्रवार को उपभोक्ताओं की लंबी कतार लग गई। लोग सुबह से ही खाली सिलेंडर लेकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए।

स्थिति यह रही कि गैस गोदाम के दोनों ओर सड़क पर सिलेंडर लेने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। बाइक, साइकिल और रिक्शा समेत अन्य वाहनों की लंबी कतार लग गई। सीमित आपूर्ति के कारण हजारों की संख्या में लोग गैस के लिए परेशान दिखाई दिए। कतार में खड़े उपभोक्ता गया प्रजापति, गणेश, अमरुल्लाह, श्रीलाल मद्धेशिया, राहुल शर्मा, सच्चिदानंद, सुरेंद्र, मोहन, रामप्रीत और जगरनाथ ने बताया कि गैस न मिलने से घर की रोजमर्रा की जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। कुछ लोगों ने दिहाड़ी छूटने की बात कही, तो कई उपभोक्ता बेटी की शादी और आने वाले रमजान महीने को लेकर गैस की कमी से चिंतित दिखे। वही भीड़ को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठूठीबारी कोतवाली पुलिस प्रशासन भी मौके पर तैनात रही। पुलिस की निगरानी में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरित किए गए, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में एचपी गैस डीलर राकेश गुप्ता ने बताया कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति मिलते ही उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस की आपूर्ति वितरित कराई जा रही है।

## ई-रिक्शा व बाइक की टक्कर में तीन घायल

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

सलेमपुर-देवरिया मार्ग पर ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार दो लोग व ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ठेंगवल तिवारी गांव निवासी मनीष (26 वर्ष) पुत्र नारायण खरवार व उरदौली गांव निवासी सोनू (24) पुत्र सुनील विश्वकर्मा किसी काम से बुधवार की दोपहर बाइक से सलेमपुर जा रहे थे। अभी दोनों सलेमपुर-नवलपुर मार्ग पर पहुंचे थे कि सामने से आ रही ई रिक्शा में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बुलेट और ई-रिक्शा सड़क किनारे पलट गया और उस पर सवार मनीष और सोनू व ई-रिक्शा चालक

# पुरानी रंजिश में अधेड़ की हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की मान्धाता थाने की पुलिस ने शुक्रवार को हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से तमंचा व कारतूस समेत मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। बता दें कि मानधाता थाना इलाके के रामनगर गांव में बीते सोमवार को पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दिनदहाड़े अधेड़ की गोली मारकर हत्या से इलाके में खलबली मच गई। मृतक मो. सलीम मुंबई में प्राइवेट वाहन चालक था और रमजान में छुट्टी लेकर घर आया था। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मो. सलीम खेत की ओर गया था जहां पर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर ने बताया कि मान्धाता थाना इलाके के रामनगर गांव निवासी मोहम्मद सलीम की तीन व्यक्तियों के द्वारा दो मार्च को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने दो नामजद अभियुक्तों मो. खलील व अयान को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से पुलिस ने अवैध असलहा व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद किया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# युवती के अपहरण के दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की रानीगंज थाने की पुलिस ने युवती के अपहरण के दो आरोपियों को विश्वनाथगंज रेलवे स्टेशन के पास से शुक्रवार को गिरफ्तार किया। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्वेक्षण में रानीगंज पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर युवती के अपहरण के दो आरोपियों विवेक गुप्ता व जय उर्फ जितेन्द्र मीना को थाना इलाके के क्षेत्रान्तर्गत विश्वनाथगंज रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त विवेक गुप्ता ने बताया कि वह युवती से इंस्टाग्राम पर बात करता था तथा साथ रहना चाहता था। आरोपी ने बताया कि बीते वर्ष अक्टूबर में वह युवती को भगाकर सूरत गुजरात ले गया। वहां दोनों लगभग पांच महीना साथ रहे। जब पैसे की तंगी हुई तो वह लड़की को अपने दोस्त जय उर्फ जितेन्द्र के यहाँ छोड़कर बड़ोदरा कमाने चला गया। आरोपी ने बताया कि एक दिन युवती बिना बताए कहीं चली गई जिसे खोजने के लिए दोनों उसके घर पर जाने वाले थे कि रास्ते में पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए दूसरे व्यक्ति जय उर्फ जितेन्द्र ने भी यही बातें स्वीकार की। गिरफ्तार अभियुक्त विवेक गुप्ता चंडीगढ़ के कजहेड़ी गांव का उसका साथी जय उर्फ जितेन्द्र मीना गुजरात के सूरत का रहने वाला है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

## कार की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

कार की चपेट से घायल थाना क्षेत्र के खेदनी निवासी युवक का इलाज के दौरान बुधवार की सुबह मौत हो गई। उनका इलाज गोरखपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कसया थाना क्षेत्र के खेदनी निवासी शैलेश कुमार शर्मा (28) शुक्रवार की शाम करीब 5~30 बजे बाजराटार महुआवा जाने वाले मोड़ पर घर जाने के लिए खड़े थे। उसी दौरान मुंडेरा की ओर जा रही कार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौजूद लोग उन्हें कसया सीएचसी ले गए। वहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर रेफर कर दिया।

# पूर्व विधायक का तूफानी दौरा, सिसवा की सियासत में फिर हलचल

**ठूठीबारी समेत आधा दर्जन गावो में जनसंपर्क और समर्थकों के साथ बैठकों का दौर**

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

सिसवा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवेंद्र सिंह के सीमावर्ती इलाके में किए गए तूफानी दौरे से एक बार फिर क्षेत्रीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। लंबे समय से सक्रिय राजनीति में प्रभाव रखने वाले शिवेंद्र सिंह ने क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचकर समर्थकों व स्थानीय लोगों से मुलाकात की और राजनीतिक माहौल को गर्मा दिया।

पूर्व विधायक ने ठूठीबारी, भरवलिया, लक्ष्मीपुर खुर्द सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान कई स्थानों पर स्थानीय लोगों और समर्थकों के साथ बैठक कर क्षेत्र की समस्याओं, विकास कार्यों और आगामी राजनीतिक समीकरणों पर चर्चा की। ग्रामीणों ने भी उनसे क्षेत्र के विकास, सड़क, बिजली, पानी और रोजगार से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

गौरतलब है कि शिवेंद्र सिंह सिसवा विधानसभा से छह बार विधायक रह चुके हैं और क्षेत्र की राजनीति में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। वे अंतिम बार वर्ष 2007 से 2012 तक समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए थे। अपने लंबे राजनीतिक अनुभव और व्यापक जनसंपर्क के कारण आज भी सीमावर्ती इलाके में उनका प्रभाव देखा जाता है।

क्षेत्र के लोगों का मानना है कि सिसवा विधानसभा में लगभग 20 से 25 हजार मतदाताओं का एक मजबूत वोट बैंक ऐसा है, जिस पर शिवेंद्र सिंह की पकड़ मानी जाती है। ऐसे में उनका सक्रिय जनसंपर्क अभियान आने वाले समय में सिसवा की राजनीति को नई दिशा दे सकता है।

दौरे के दौरान घनश्याम शुक्ल, कुंवर गिरिजेश सिंह, नागेंद्र पांडे, मनोज यादव, मनोज तिवारी, अयूब खान, ताराचंद पटेल, पूर्व प्रधान राजेश सिंह, आलोक सिंह, विक्की सिंह, अमित अंजन, राधेश्याम पांडेय, प्रदीप निगम, धर्मेंद्र जायसवाल, प्रेम जायसवाल, अरुण निगम, बिहारी जायसवाल सहित क्षेत्र के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## इंस्पायर्ड अवॉर्ड में हुआ महक का चयन

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार और नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन के इंस्पायर्ड अवॉर्ड में डुमरियागंज क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जखौली की कक्षा छह की छात्रा महक खान चयन हुआ है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए शिक्षक अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में हुए चयन पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। शिक्षक अभिषेक कुमार ने बताया कि छात्रा महक इस प्रतियोगिता में अपने नवाचार पर आधारित मॉडल, प्रोटोटाइप आदि के साथ प्रतिभाग करेंगी, जिसके लिए एनआईआरएफ द्वारा छात्रा को 10 हजार रुपये भी प्राप्त होंगे। इस उपलब्धि पर उप-शिक्षा निदेशक और डायट प्राचार्य उमेश त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, बीएसए शैलेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी अशोक सिंह ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

# जमीनी रंजिश को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट और तोड़फोड़

- 20 से अधिक लोगों ने लाठी-डंडे व धारदार हथियारों से बोला हमला, 8 लोग घायल
- पुलिस पर पहले की शिकायतों को नजरअंदाज करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के पतहना गांव में पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर बुधवार शाम दबंगों ने एक परिवार पर हमला बोल दिया। आरोप है कि करीब 20 से अधिक लोग लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से लैस होकर एकजुट हुए और घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।बता दे कि पीड़ित पक्ष का कहना है कि जमीन से जुड़ा विवाद लंबे समय से चला आ रहा है और यह मामला न्यायालय में लंबित है। इसी रंजिश को लेकर बुधवार शाम करीब तीन बजे पड़ोसी पक्ष के लोग एकजुट होकर उनके घर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में मौजूद लोगों को बेरहमी से पीटा और घर के बाहर खड़े वाहनों को भी निशाना बनाया।मारपीट की इस घटना में महेंद्र यादव पुत्र अमल यादव, जयप्रकाश यादव, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, सुषमा, प्रीतम, निर्मला और उर्मिला यादव घायल हो गए। हमलावरों का आक्रोश इतना बढ़ गया कि उन्होंने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ डाले। इसके अलावा घर के बाहर खड़े चार पहिया वाहन और मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं, घर के बाहर लगे दरवाजे को भी तोड़ दिया गया, जिससे भारी नुकसान हुआ है।पीड़ितों का आरोप है कि हमलावरों ने घर के सामने बनी बड़ी नालियों को भी तोड़ दिया, जबकि यह मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित महेंद्र का आरोप है कि मामला भी हाईकोर्ट में लंबित है पुलिस की मिली भगत से विपक्षी आए दिन उनसे मारपीट करते हैं। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।घटना की सूचना मिलने पर सराय ख्वाजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल उनका उपचार जारी है।

# परशुरामपुर सीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश दुबे के भतीजे पूरु दुबे का आईएएस में चयन

- 86वीं रैंक हासिल कर पूरु दुबे ने बढ़ाया परिवार और क्षेत्र का मान
- मेहनत, अनुशासन और धैर्य सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है- डॉ राजेश दुबे

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



किसी घर का बेटा जब अपने सपनों की ऊंचाइयों को छूता है, तो वह पल सिर्फ एक परिवार का नहीं बल्कि पूरे समाज के गर्व का क्षण बन जाता है। अंबेडकर नगर के होनहार पूरु दुबे ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 86वीं रैंक हासिल कर आईएएस में चयनित होकर ऐसा ही गौरवपूर्ण पल अपने परिवार और क्षेत्र को दिया है। वर्षों की मेहनत, त्याग और अनगिनत जागी रातों की तपस्या आखिरकार रंग लाई और घर-आंगन खुशी के आंसुओं से भर उठा। कड़ी मेहनत, अटूट संकल्प और बड़े सपनों की मिसाल बनकर पूरु दुबे ने वह मुकाम हासिल कर लिया है, जिसका सपना लाखों युवा देखते हैं। आईएएस में चयनित होकर उन्होंने न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र को गर्व से भर दिया है। इस सफलता की खबर मिलते ही परिजनों की आंखें खुशी से छलक उठीं और पूरे इलाके में बधाइयों का तांता लग गया। पूरु दुबे अंबेडकर नगर जनपद के ग्राम महरुआ गोला के निवासी हैं। उनके पिता संजय दुबे एक इंटर कॉलेज में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। परिवार में शुरू से ही शिक्षा और अनुशासन का वातावरण रहा, जिसका प्रभाव पूरु दुबे के व्यक्तित्व और उनके लक्ष्य पर साफ दिखाई देता है। पूरु दुबे बचपन से ही पढ़ाई में बेहद मेधावी और अनुशासित छात्र रहे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा के साथ हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई सेंट पीटर स्कूल, अंबेडकर नगर से हुई। इसके बाद उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई करते हुए बीटेक की डिग्री हासिल की। पढ़ाई के दिनों से ही उनके मन में आईएएस बनकर देश और समाज की सेवा करने का सपना था। इसी लक्ष्य को लेकर उन्होंने लगातार मेहनत की और पूरी लगन के साथ सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में जुटे रहे। लगातार संघर्ष, धैर्य और कड़ी मेहनत के बल पर पूरु दुबे ने सिविल सेवा परीक्षा में 86वीं रैंक हासिल कर आईएएस में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। पूरु दुबे के चाचा डॉ. राजेश दुबे इस समय जनपद बस्ती के परशुरामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी के रूप में तैनात हैं। भतीजे की इस सफलता पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पूरु बचपन से ही पढ़ाई में तेज और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे हैं। आज उनकी मेहनत और लगन ने पूरे परिवार का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। इस शानदार सफलता पर क्षेत्र के लोगों, शुभचिंतकों और परिजनों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी यह उपलब्धि आज क्षेत्र के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है कि अगर इरादे मजबूत हों और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रहता। इस ऐतिहासिक सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है। उनके चयन पर उमाशंकर दुबे, कलावती दुबे, संजय दुबे, राधा दुबे, अजय दुबे, वंदना दुबे, डॉ. राजेश दुबे, डॉ. विभा दुबे, श्रद्धा शुक्ला तथा ऋषभ शुक्ला सहित अन्य परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# संविधान निर्माता परमपूज्य बाबासाहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान सम्पूर्ण राष्ट्र का अपमान: राकेश मौर्य

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर समाजवादी पार्टी जौनपुर के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के नेतृत्व में कल अंबेडकर तिराहे पर अंबेडकर पार्क में परमपूज्य बाबासाहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा को अराजक एवं असामाजिक तत्वों ने कालिख पोतकर कीचड़ से अपवित्र कर अपमानित किए जाने पर समाजवादियों ने ज़िला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में जबरदस्त नारेबाजी, प्रदर्शन करते हुए आक्रोश जताया। उक्त अवसर पर बाबासाहब का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान के नारों से पूरा कलेक्ट्रेट परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल महोदया को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी जौनपुर के माध्यम से सौंपा गया। इस अवसर पर ज़िलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी जौनपुर इस अत्यंत दुखद एवं निंदनीय घटना की कठोर निंदा करती है, इस घृणित कृत्य से पीडीए समाज, स्थानीय नागरिकों एवं बाबासाहब के अनुयायियों में काफी रोष और आक्रोश है, ये ना सिर्फ बाबासाहब का अपमान है बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र का अपमान है। समाजवादी पार्टी जौनपुर मांग करती है कि घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज से चिन्हित कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। समाजवादी पार्टी जौनपुर यह भी मांग करती है कि उस स्थान पर नई प्रतिमा स्थापित की जाए तथा जनपद में बाबासाहब की सभी स्थापित प्रतिमाओं की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज़िलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने आगे कहा कि जनपद में सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं की सीसीटीवी कैमरा लगाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। पिछले दिनों नगर के भंडारी स्टेशन स्थित अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थल, छोटी लाइन के इमामबाड़ा में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए तोड़फोड़ की घटना निंदनीय है इससे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साज़िश करार दिया इस घटना के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग किया। पांच मार्च को होली के दिन मियांपुर में दबंगों द्वारा बस चालक ललई यादव की पीट पीट कर हत्या किए जाने पर कानून व्यवस्था को चुनौती बताते हुए इस घटना के नामजद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग किया गया। धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, ज़िला महासचिव आरिफ हबीब, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपचंद राम, प्रदेश सचिव राजेश यादव, राजकुमार बिंद, श्रवण जायसवाल ज़िला उपाध्यक्ष गण श्यामबहादुर पाल, हीरालाल विश्वकर्मा, महेंद्र प्रताप यादव, नेपाल, राजेंद्र यादव टाइगर, सुरेश यादव, महेंद्र प्रताप यादव, सुशील दुबे, अनवारूल हक गुड्डू, डॉ अमित यादव, पूनम मौर्य, डॉ राजीव रत्न मौर्य, गुलाब यादव रीठी, मनोज कुमार मौर्य, विकास यादव, धीरज बिंद, दिलीप प्रजापति, गुड्डू सोनकर, अशोक यादव नायक, भानु मौर्य, बरसातू राम सरोज, सुहैल अंसारी, दीपक विश्वकर्मा, रुद्रप्रकाश यादव, डॉ शबनम नाज़, निजामुद्दीन अंसारी, दिनेश यादव फौजी, ऋषि यादव, पूनम यादव, राधिका यादव, रूबी बिंद, मालती निषाद, रजनीश मिश्र, शुभम यादव, रवि यादव बी एल भारती, गामा सोनकर, राधेश्याम यादव, सुनील वासुदेव यादव, रविशंकर, सौरभ यादव, बिक्कू यादव, विवेक यादव, रायसाहब यादव, रमाशंकर यादव, अशोक यादव नेता, आज़ाद यादव नेता, रामजतन यादव सहित सैकड़ों सपाजन उपस्थित रहे।

# मायके से पत्नी नहीं आई तो पति ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर खुटहन थाना क्षेत्र के ईश्वरपुर स्थित सलहदीपुर गांव में पति से विवाद होने के बाद मायके गई पत्नी होली पर नहीं आई तो पति ने फांसी पर लटक कर जीवनलीला समाप्त कर ली।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया।मृतक के छोटे भाई ने थाने में तहरीर देकर मौत का जिम्मेदार अपनी भाभी को बताया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी 25 वर्षीय शैलेन्द्र पुत्र राम अवध के परिजनों का कहना था कि लगभग एक सप्ताह पूर्व शैलेन्द्र का अपनी पत्नी शीलम देवी से किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई थी।जिससे नाराज होकर शीलम मायके चली गई।इस बीच शैलेन्द्र उसे वापस लिवा आने के लिए ससुराल भी गया था। लेकिन वह जिद पर अड़ी रही। होली के दिन उसने उसे कई बार फोन कर वापस घर आने को कहा। वह नहीं मानी तो उसने आत्मघाती कदम उठा लिया।तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर जन्मे शैलेन्द्र के घर होली के दिन परिवार के लोग उत्सव मना रहे थे। इसी बीच शैलेन्द्र सीमेंट शेड से बने कमरे में जाकर लोहे की पाइप में साड़ी के फंदे से लटक गया। इधर परिजन सोच रहे थे कि वह रंग अबीर से बचने के लिए खुद को कमरे में बंद किया है। घंटों बाद भी जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिवार के लोग दरवाजा खटखटाने लगे।कई बार आवाज देने के बाद भी भीतर से कोई हलचल न होने पर उन्हें शंका होने लगी। ऊपर रोशनदान से देखें तो अवाक रह गए।भीतर शैलेन्द्र का शव? फंदे के सहारे हवा में झूल रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर शव फंदे से नीचे उतारा। मृतक के छोटे भाई शनि ने थाने में तहरीर दिया है।

# हरैंया का लाल किया कमाल, सकरदहा के प्रखर शुक्ला बने आईएएस

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



आईएएस में चयनित प्रखर शुक्ला व पिता पंकजेश शुक्ला को माला पहनाकर बधाई देते शुभचिंतक।

कड़ी मेहनत, लगन और बड़े सपनों के दम पर हरैंया क्षेत्र के सकरदहा गांव के युवा प्रखर शुक्ला ने वह मुकाम हासिल कर लिया, जिसका सपना लाखों युवा देखते हैं। संघ लोक सेवा आयोग की कठिन परीक्षा पास कर आईएएस बनने की खबर जैसे ही क्षेत्र में पहुंची, परिवार और परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और बधाई देने वालों का तांता लग गया। सकरदहा गांव निवासी पंकजेश शुक्ला के सुपुत्र प्रखर शुक्ला की प्रारंभिक शिक्षा हरैंया स्थित गजाधर सिंह इंटर कॉलेज से हुई। इसके बाद उन्होंने अपनी स्नातक (ग्रेजुएशन) की पढ़ाई इलाहाबाद से पूरी की। बचपन से ही मेधावी रहे प्रखर ने अपनी लगन, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। प्रखर शुक्ला की इस सफलता से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा हरैंया क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। परिजनों का कहना है कि प्रखर ने यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास सच्चे हों तो गांव की मिट्टी से निकलकर भी देश की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा तक पहुंचा जा सकता है। आईएएस में चयन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगों ने उनके घर पहुंचकर परिवार व परिजनों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों का कहना है कि प्रखर शुक्ला की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है और उनकी उपलब्धि आने वाली पीढ़ी को बड़े लक्ष्य तय करने की प्रेरणा देगी। बधाई देने वालों में गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व प्रमुख हरैंया योगेन्द्र सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, गजाधर सिंह अंगद सिंह एकेडमी हरैंया के प्रबंधक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, भाजपा नेता चन्द्रमणि पांडेय 'सुदामा', मुख्य बीमा सलाहकार राम विनय पांडेय, नटवर सिंह, पत्रकार अनिल ओझा, अनिल पांडेय, शक्ति शरण उपाध्याय, आशू अनादि, अविनाश ओझा, डॉ. विनोद शुक्ला, डॉ. भारती शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि अशोक शुक्ला, कांग्रेस नेता नर्वदेश्वर शुक्ल सहित तमाम लोग शामिल रहे।

# कांधला की आस्था जैन ने यूपीएससी परीक्षा में नौवीं रैंक हासिल कर रचा इतिहास, सेल्फ स्टडी से पाई सफलता



**जन एक्सप्रेस । शामली**

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणामों ने शामली जनपद का नाम रोशन किया है। शहर की होनहार बेटी आस्था जैन ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया नौवीं रैंक प्राप्त कर नया इतिहास रचा है। आस्था की इस असाधारण उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। आस्था जैन का बचपन से ही मेधावी छात्रा के रूप में एक उज्ज्वल भविष्य रहा है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा शहर के प्रतिष्ठित स्कॉटिश स्कूल से प्राप्त की। वर्ष 2018-19 में उन्होंने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान हासिल कर अपनी शैक्षणिक क्षमता का लोहा मनवाया था।

### बिना कोचिंग, पहला प्रयास और असाधारण सफलता

आस्था जैन ने अपनी यूपीएससी की तैयारी के लिए किसी भी कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया। उन्होंने स्वयं अध्ययन और दृढ़ संकल्प के बल पर इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया। यह उनका तीसरा प्रयास था, जिसमें उन्होंने न केवल सफलता प्राप्त की, बल्कि टॉप 10 में स्थान बनाकर सभी को अचंभित कर दिया। इससे पहले वर्ष 2023 में अपने पहले प्रयास में उन्होंने 131वीं रैंक हासिल की थी और वर्तमान में वे पुलिस अकादमी हैदराबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

### आईएएस बनने का बचपन का सपना

आस्था जैन का बचपन से ही आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करने का सपना था। अपने तीसरे प्रयास में इस सपने को साकार कर उन्होंने साबित कर दिया कि अगर इरादे बुलंद हों और मेहनत में कोई कसर न छोड़ी जाए, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

### कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम

आस्था कांधला के बड़ा बाजार की निवासी हैं। ये सफलता उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और अपने लक्ष्य के प्रति अटूट समर्पण का परिणाम है।

# 'राजू नानू' नाम से कचौरी बेच रहा था आरिफ, क्यूआर कोड से खुला राज, बजरंगदल का हंगामा, स्टीकर हटाया

**जन एक्सप्रेस । मेरठ**

मेरठ के ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के शारदा सड़क पर शुक्रवार को कचौरी विक्रेता के नाम को लेकर विवाद खड़ा हो गया। एक युवक द्वारा ठेली पर राजू नानू नाम लिखकर कचौरी बेचने और ऑनलाइन भुगतान के दौरान उसका असली नाम आरिफ सामने आने पर बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। बताया गया कि एक ग्राहक ने कचौरी खरीदने के बाद ऑनलाइन भुगतान किया। जब उसने क्यूआर कोड स्कैन किया तो भुगतान विवरण में विक्रेता का नाम आरिफ दिखाई दिया, जबकि ठेली पर राजू नानू नाम लिखा हुआ था। ग्राहक ने इसकी जानकारी बजरंगदल के महानगर विद्यार्थी प्रमुख विशाल धानक और उज्ज्वल तायल को दी, जिसके बाद मामला थाने तक पहुंच गया। असली नाम सामने आने के बाद बजरंगदल कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और ठेली पर लिखा नाम हटाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि शुरुआत में विक्रेता ने खुद को राजू नानू बताया, लेकिन सख्ती करने पर उसने अपना असली नाम आरिफ बताया।

# नायब तहसीलदार अतुल सिंह का यूपीएससी में चयन, आईआरएस पद पर होंगे नियुक्त

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र ने बधाई और शुभकामनाएं दिए सदर तहसील जौनपुर में कार्यरत नायब तहसीलदार अतुल सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। उन्हें अखिल भारतीय स्तर पर 697वीं रैंक प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर उनका चयन भारतीय राजस्व सेवा के पद पर हुआ है। अतुल सिंह की इस उपलब्धि से प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों तथा क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। सहकर्मियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अतुल सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास और दृढ़ संकल्प से सफलता जरूर मिलती है। उनकी इस उपलब्धि पर जनपद के कई अधिकारियों, कर्मचारियों और गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए इसे जिले के लिए गौरव की बात बताया है।

# सिकरारा के देवपुर गांव के शुभम सिंह चंदेल ने आईएएस परीक्षा में पाई 378वीं रैंक, क्षेत्र में खुशी की लहर

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम में सिकरारा क्षेत्र के देवपुर (धोबहा) गांव निवासी शुभम सिंह चंदेल ने 378वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। शुभम सिंह चंदेल, सिकरारा ब्लॉक में तैनात सोशल ऑडिटर दीनानाथ सिंह 'छेदी' के पुत्र हैं। जैसे ही शुभम के चयन की खबर गांव और क्षेत्र में पहुंची, परिवार सहित पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभम की इस बड़ी सफलता पर बधाई दी। शुभम की इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि शुभम सिंह चंदेल ने कठिन परिश्रम और लगन के दम पर यह सफलता हासिल की है। परिवार और गांव के लोगों का कहना है कि शुभम बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और उनका सपना प्रशासनिक सेवा में जाकर देश की सेवा करना था। शुभम की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों और शुभचिंतकों ने परिवार को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# होली के दिन ड्राइवर की पीट-पीटकर हत्या करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर होली के दिन लाइनबाजार थाना क्षेत्र के मियांपुर मोहल्ले में ड्राइवर की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे जिले में हड़कंप मच गया था। जानकारी के अनुसार मियांपुर क्षेत्र में होली के दिन आपसी विवाद के बाद कुछ लोगों ने एक ड्राइवर ललई यादव की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। गंभीर रूप से घायल ड्राइवर की बाद में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मामले में मृतक के परिजनों की तहरीर पर लाइनबाजार थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच शुरू करते हुए आरोपितों की तलाश तेज कर दी थी। लाइनबाजार पुलिस ने दो वांछित आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान विशाल सिंह (25) पुत्र विकास सिंह व सुभांशु सिंह (28) पुत्र सुनील सिंह, निवासी तारापुर कॉलोनी थाना कोतवाली जौनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह के साथ हेड कांस्टेबल अमलेश सिंह, दीपक सिंह, दीपक भृगुवंशी और अवधेश सिंह शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले की अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है।

# मारपीट के बाद कुएं में गिरने से युवक की मौत के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




जौनपुर थाना केराकत पुलिस ने युवक की मौत से जुड़े मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार वादी विनोद कुमार पुत्र सामू राम निवासी ग्राम नाउपुर थाना केराकत, जनपद जौनपुर ने तहरीर देकर बताया कि 5 मार्च 2026 की रात करीब 8 बजे उनके भाई राजेश कुमार के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई। बताया गया कि मारपीट से बचने के लिए राजेश कुमार खेत में ट्यूबवेल की ओर भागे, जहां पीछे दौड़े लोगों के बीच धक्का-मुक्की के दौरान वह कुएं में गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। वादी की तहरीर के आधार पर थाना केराकत में धारा 191(2), 191(3), 115(2) व 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर अपराधियों और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को बराई गेट के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजकुमार पुत्र रिबई राम (55 वर्ष) तथा दिलीप उर्फ दीपू उर्फ दिल्पू पुत्र रिबई राम (36 वर्ष) निवासीगण ग्राम नाउपुर थाना केराकत जनपद जौनपुर शामिल हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल रणजीत सिंह और हेड कांस्टेबल राकेश कुमार सिंह थाना केराकत जौनपुर शामिल रहे।

# आबकारी निरीक्षक द्वारा किसान से वसूले गए रुपये का मामला : राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने दिया ज्ञापन

■ एसडीएम की गैर मौजूदगी में नायब तहसीलदार को सौंपा

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**

आबकारी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर किसान से कथित रूप से जबरन वसूली करने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने एसडीएम को संबोधित विज्ञापन उनकी गैर मौजूदगी में नायब तहसीलदार को सौंप कर कार्यवाही की मांग की है। संगठन द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि घटना 1 मार्च की है। ग्राम भैंसटा थाना हैदराबाद निवासी किसान मदन लाल का आरोप है कि वह चीनी मिल गोला गोकर्णनाथ में गन्ना बेचकर शाम को ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर लौट रहा



था। इसी दौरान चीनी मिल के निकट डाइवर्जन रोड पर आबकारी विभाग के कुछ लोग कार में मौजूद थे, जिनमें कुछ वर्दी में और कुछ सादे कपड़ों में बताए गए हैं।पीड़ित किसान का आरोप है कि आबकारी निरीक्षक अवनीश रावत ने उसकी ट्रैक्टर-ट्रॉली रुकवाकर कार का इंडिकेटर तोड़ने का आरोप लगाया और उसे जबरन कार में बैठाकर चीनी मिल परिसर स्थित आबकारी कार्यालय ले गए। वहां उसके साथ मारपीट की गई और 12 हजार की मांग की गई थी।आरोप है कि पैसे न देने पर झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी भी दी गई।भय के चलते किसान ने अपने घर फोन कर 5 हजार मंगवाकर आबकारी कर्मियों को दिए,जिसके बाद उसे छोड़ा था।राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा कि यह घटना कई गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि यदि सरकारी वर्दी का इस्तेमाल आम जनता, खासकर गरीब किसानों से वसूली के लिए किया जा रहा है, तो यह बेहद चिंताजनक है। उन्होंने यह भी कहा कि घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर अब तक उच्च स्तरीय जांच शुरू न होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।संगठन ने मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और किसान से लिए गए पांच हजार रुपये वापस कराए जाएं। साथ ही संगठन ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो किसानों को एकजुट कर आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।बताया गया कि इस संबंध में जिलाधिकारी,आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ और मुख्यमंत्री को भी रजिस्टर्ड डाक से भेजा गया है।ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया, सुरेश चंद्र कनौजिया एडवोकेट, विजेंद्र यादव एडवोकेट,विजय कुमार,अरुण कुमार यादव,लाल बहादुर सिंह यादव एडवोकेट,सुरेंद्र कुमार अग्निहोत्री सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# गोला गोकर्णनाथ में संघ का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोला गोकर्णनाथ नगर एवं कुंभी खंड द्वारा श्री सिद्धिविनायक गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर जिला बौद्धिक प्रमुख रामनरेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि होली सामाजिक समरसता और संगठन शक्ति का पर्व है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें आपसी मतभेद भुलाकर समाज में सद्भाव, भाईचारा और सामंजस्य के साथ रहने का संकल्प लेना चाहिए।कार्यक्रम में वक्ता राम नरेश ने कहा कि एक संगठित समाज ही भारत को परम वैभव के शिखर तक पहुंचा सकता है। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए संगठन शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि समाज की एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है।उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर चलाए जा रहे 'पंच परिवर्तन' अभियान के उद्देश्यों की भी जानकारी दी और बताया कि संघ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विभिन्न सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ा रहा है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र तथा समाज की उन्नति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर सह जिला कार्यवाह विवेक वर्मा, सह जिला व्यवस्था प्रमुख अनिरुद्ध गुप्ता, नगर कार्यवाह महेंद्र पाठक, सह नगर संघचालक कौशल किशोर, कुंभी खंड संघचालक दुष्यंत वर्मा,खंड कार्यवाह हेमंत वर्मा, सह खंड कार्यवाह महेंद्र वर्मा, नगर खंड प्रचारक अभिषेक कुमार, स्वयंसेवक तथा गोला नगर के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र स्थित नौशर जोगी गांव में एक घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें लाठी-डंडों से पीटकर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रामसेवक पुत्र मूलचंद के रूप में हुई है। यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, रामसेवक ने कुछ लोगों द्वारा गाली देने का विरोध किया, जिसके बाद विपक्षी पूरन पुत्र घुरई, अवधेश पुत्र पूरनलाल, नीरज, राजकुमार और उसके भाई ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जब रामसेवक का साढ़ू का लड़का अरविंद उसे बचाने आया, तो हमलावरों ने उसे भी पीटा।गंभीर रूप से घायल रामसेवक को तत्काल बिजुआ सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे और बिजुआ चौकी इंचार्ज सुशील तिवारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।



### संदिग्ध अवस्था में 35 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी मौत'

**जन एक्सप्रेस। इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी काजीकमालपुर के अंतर्गत पड़ने वाले आलमपुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव पेड़ पर झूलता हुआ दिखाई दिया देखते ही देखते शव मिलने की जानकारी आस पास के सभी गांवों में आग की तरह फैल गई। जिससे मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। मामले की जानकारी इमलिया पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया । शव की पहचान पंकज पुत्र हरीशचंद्र उम्र लगभग 35 के रूप में हुई जैसे इसकी खबर पंकज के परिजनों के पास पहुंची तो परिवार में मातम सा पसर गया परिजनों का रो रो कर बुराहाल है। अभी तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेज दिया है।

### शुगर यूनिट जवाहरपुर में सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, यूनिट जवाहरपुर में सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह सुरक्षा सप्ताह 5 मार्च से प्रारंभ होकर 11 मार्च तक मनाया जाएगा। इस दौरान कर्मचारियों और अधिकारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आज इकाई प्रमुख श्री कुलदीप कुमार द्वारा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उपस्थित युवाओं को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और प्रत्येक कर्मचारी का दायित्व है कि वह अपने कार्य को पूरी सावधानी और निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए करे।उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षित कार्य वातावरण न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि संस्थान की प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी उद्देश्य से सुरक्षा सप्ताह के दौरान कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सभी ने मिलकर सुरक्षा के नियमों का पालन करने और कार्यस्थल को सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया।सुरक्षा सप्ताह के दौरान आने वाले दिनों में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण सत्र और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिससे कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता और अधिक बढ़ाई जा सके।

# फ्रेंड्स क्लब मोहम्मदी,श्री राधा कृष्ण रंगारंग महोत्सव होली की दूसरे दिन की धमार सकुशल हुई संपन्न

■ सामाजिक समरसता का कमेटी ने रखा विशेष ध्यान झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र

**जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी**



**मोहम्मदी-खीरी।** नगर में होली के दूसरे दिन सामाजिक समरसता का विशेष ध्यान रखते हुए निकल गई धमार। धमार का शुभारम्भ विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह एड0,चेयरमेन संदीप मेहरोत्रा कन्हैया,ब्लॉक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई,उपजिलाधिकारी चुलुवाराजू,पुलिस उपाधीक्षक अरूण कुमार सिंह,वार एसो0 अध्यक्ष विवेक कुमार शुक्ला एड0,अलोक राठौर,मनोज गुप्ता,सौरभ गुप्ता,आलोक राठौर,समाजसेवी शिवम राठौर,राम जी आदि ने किया। नगर में बहुत ही धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया गुब्बारा पॉलिथीन मुक्त होली महोत्सव मनवाने में स्थानीय प्रशासन का विशेष सहयोग कमेटी प्रबंधन को प्राप्त हुआ।शोभा यात्रा में झांकी श्री गणेश,होलिका गायन मंडली,राधा कृष्ण,श्री राम लक्ष्मण सीता केवट,प्रेमानंद महाराज, महाकाल, परशुराम, गंगा जी भागीरथ, काली मां,तिरुपति बालाजी,नरसिंह भगवान, नानक साहब,शिवलिंग उठाते हुए रावण,शंकर पार्वती सहित लगभग दो दर्जन झांकियां का प्रदर्शन रहा।

# सचिन वर्मा ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर ऑल इंडिया रैंक 'एआईआर' 785 प्राप्त कर शहर और विद्यालय का बढ़ाया गौरव

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**




लखनऊ पब्लिक स्कूल,लखीमपुर शाखा के पूर्व छात्र सचिन वर्मा का चयन यू.पी.एस.सी.सिविल सेवा परीक्षा 2025 में हुआ है। सचिन वर्मा ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर ऑल इंडिया रैंक (ढ्ढक्र) 785 प्राप्त कर शहर और विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।सचिन वर्मा लखनऊ पब्लिक स्कूल,लखीमपुर शाखा के छात्र रहे हैं और उन्होंने सत्र 2017 में कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण की थी।विद्यालय के चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एस. पी. सिंह, पूर्व एम.एल.सी. श्रीमती कांति सिंह तथा प्रबंध निदेशक सुशील सिंह ने इस उपलब्धि पर सचिन वर्मा को प्रधानाचार्य विजय सचदेवा के माध्यम से हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।सचिन वर्मा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माता श्रीमती रमादेवी, पिता जगदीश वर्मा तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया है।

# प्रशासन की चेतावनी जनपद में पेट्रोल-डीजल की कमी की खबरें 'भ्रामक'

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**



थानाध्यक्ष हैदराबाद सुनील मलिक ने यह संदेश जारी करते हुये बताया कि जनपद लखीमपुर खीरी प्रशासन ने सोशल मीडिया पर पेट्रोल और डीजल की किल्लत को लेकर चल रही खबरों का खंडन करते हुए इसे पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में ईंधन की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से जारी है। ?ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता ?प्रशासन द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। सप्लाई चेन पूरी तरह सामान्य है और नागरिकों को घबराने की कतई,आवश्यकता नहीं है। अफवाहों से बचें, न करें साझा जिलाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही किसी भी अपुष्ट खबर पर विश्वास न करें। ऐसी भ्रामक सूचनाओं को आगे फॉरवर्ड या साझा न करें, जिससे जनता में अनावश्यक घबराहट पैदा हो। कठोर कार्रवाई के निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्त चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स की निगरानी की जा रही है। जो भी व्यक्ति शांति व्यवस्था भंग करने या भ्रामक सूचना फैलाने का दोषी पाया जाएगा,उसके विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य, डीएम ने किया भ्रामक खबरों का खंडन

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**

■ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने आमजन से अपील, केवल आवश्यकतानुसार ही ईंधन लें

जनपद में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने के बावजूद, सोशल मीडिया और अफवाहों से आमजन में भ्रम और घबराहट की स्थिति उत्पन्न न हो। ऐसे में जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए नागरिकों से अपील की है कि आवश्यकता अनुसार ही ईंधन खरीदें।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफवाहों का खंडन करते हुए आमजन से अपील की है कि वे केवल आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल और डीजल खरीदें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।डीएम ने जनपदवासियों से अपील की कि वे अफवाहों से प्रभावित न हों, केवल जरूरत के अनुसार ही ईंधन लें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस तरह के सहयोग से व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहेगी और सभी नागरिकों को ईंधन की आपूर्ति बिना किसी समस्या के उपलब्ध होती रहेगी। बताते चलें कि जिला प्रशासन की सक्रिय निगरानी,आमजन की समझदारी से पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है।

**पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक और नियमित आपूर्ति जारी : डीएसओ**

जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि तेल कंपनियों द्वारा नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और जनपद में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। घबराहट में अनावश्यक भंडारण करने से ही कृत्रिम संकट पैदा होता है और आम उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। डीएसओ ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की कालाबाजारी, अवैध भंडारण या भ्रामक प्रचार-प्रसार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 8 मार्च 2026 तक चीनी मिल को अपना आपूर्ति योग्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर दे

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**

बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड गोला द्वारा प्रथम मिल बंदी सूचना दिनांक 8 मार्च 2026 सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड को भेज दी है।इस संबंध में चीनी मिल के यूनिट हेड राकेश यादव ने बताया कि हमारे क्षेत्र के कृषकों के पास चीनी मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना प्रायः समाप्त हो गया है ,जिस कारण हमारी चीनी मिल को मांग के अनुसार गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ,इससे मिल का पेराई कार्य बाधित हो रहा है । अतः क्षेत्र के समस्त किसान भाइयों से अनुरोध है कि दिनांक 8 मार्च2026 तक चीनी मिल को अपना आपूर्ति योग्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर देवें।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत मृतका के परिजनों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी**

सिंगाही क्षेत्र के ग्राम निबौरिया में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है।घटना के बाद मायके पक्ष ने घरेलू हिंसा और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दी है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।मृतका की पहचान ग्राम सिधौना निवासी विजय



कुमार की पुत्री प्रज्ञा वर्मा के रूप में हुई है। प्रज्ञा का विवाह वर्ष 2017 में ग्राम निबौरिया में हुआ था। मृतका की माता नीलम देवी का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही उनकी बेटी को ससुराल में प्रताड़ित किया जाता था।रोते-बिलखते परिजन।नीलम देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 मार्च की सुबह करीब 4 बजे फोन पर प्रज्ञा की तबीयत खराब होने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही परिजन तुरंत ससुराल पहुंचे और उसे निघासन सीएचसीले गए। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।मौके पर पहुंची पुलिस।थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट होंगे और उसी आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पीटीओ ने सीज की बस श्रद्धालुओं ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

कस्बे में यात्रियों से भरी बस को एआरटीओ विभाग द्वारा सीज किए जाने के बाद उत्पन्न स्थिति को प्रशासन ने सूझबूझ और संवेदनशीलता के साथ संभालकर मिसाल पेश की। श्रावस्ती से मथुरा होते हुए नेमिषारण्य दर्शन कर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस को यात्री कर अधिकारी (पीटीओ) द्वारा सिधौली में सीज कर दमकल कार्यालय परिसर में खड़ा कराया गया था। बस में लगभग 80 श्रद्धालु, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, सवार थे। बस सीज होने की सूचना से आक्रोशित यात्रियों ने सिधौली मिश्रिख मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही मजिस्ट्रेट सत्यपाल सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और धैर्यपूर्वक श्रद्धालुओं को समझाकर स्थिति को शांत कराया। इस दौरान सिधौली पुलिस ने मानवीय पहल दिखाते हुए महिलाओं व बच्चों को पानी और बिस्कुट उपलब्ध कराए। प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए दो रोडवेज बसों की व्यवस्था भी कराई।

# एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में मानक विहीन कराया गया कार्य

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

**परसेण्डी।** विकास खण्ड परसेण्डी की ग्राम पंचायत मुबारकपुर में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आर.आर. सेंटर) के निर्माण में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। आरोप है कि ग्राम प्रधान, सचिव और कंसल्टिंग इंजीनियर की मिलीभगत से शासन द्वारा निर्धारित मानकों को दरकिनार कर घटिया निर्माण कार्य कराया गया, जिसके चलते कुछ ही समय में आर.आर. सेंटर जर्जर होकर लगभग ध्वस्त होने की स्थिति में पहुंच गया है।ग्रामीणों के अनुसार सेंटर का मुख्य गेट उखड़ चुका है, परिसर के अंदर बनाई गई फर्श कई जगह से टूट गई है और केंद्र के बाहर लगाया गया खंडजा भी पूरी तरह बिखर चुका है। इससे साफ जाहिर होता है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया और केवल कागजों में कार्य पूरा दिखाकर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया।गौरतलब है कि एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में उत्पन्न होने वाले कूड़े-कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करना है। इस केंद्र के माध्यम से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग कर उसका उचित प्रबंधन किया जाता है, जिससे गांव में स्वच्छता बनी रहती है और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है। साथ ही कचरे के सही निस्तारण से गंदगी और बीमारियों के फैलने की संभावना भी कम होती है।लेकिन मुबारकपुर में मानकों को ताक पर रखकर कराए गए निर्माण के कारण यह केंद्र अपने उद्देश्य को पूरा करने से पहले ही बदहाल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी और मिलीभगत के चलते सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया, जिससे सरकार की महत्वाकांक्षी स्वच्छता योजना पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।जब उक्त सम्बन्ध में कंसल्टिंग इंजीनियर संजय वर्मा से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि काम 3 साल पहले हुआ था अगर टूट गया है तो प्रधान व सचिव की कमी है उन्होंने देखरेख नही की है जिसके चलते ऐसा हुआ है।

**बता दीजिए साहब बालाजी, शगुन हाई फाई शो रूमों की पार्किंग कहा है?**

नगर के सबसे व्यस्त चैराहे लालबाग पर फुटापाथ से सटे हुए बाला जी सगुन, मां गारमेण्ट, मामाभांजे सहित करीब करीब जितने भी हाई फाई शो रूम है उनमें से आधे से भी ज्यादा शो रूमों के पास अपनी कोई पार्किंग नही है सड़क के किनारे ही वाहनों को खड़ा कराया जा रहा है। जिससे जाम की स्थित हमेशा बनी रहती है यहां पर भी जिम्मेदार अफसर सौतेले व्यवहार कर रहे है। कार्यवाही के नाम पर केवल ई रिक्शा चालकों को ही प्रताड़ित किया जा रहा है। उनके ऊपर तरह तरह के नियम लगाये जा रहे है लेकिन इन हाई फाई शोरूम के संचालकों से यह नही पूछा जा रहा है कि तुम्हारी पार्किंग कहा है जब पार्किंग नही है तो शोरूम बना कैसे है। इस कार्यशैली से यह समझ में नही आ रहा है कि प्रशासन और सवंधिान से नजूल विभाग चल रहा है या फिर बड़े कब्जेदारों के इशारे पर नजूल विभाग नाच र हा है। नगर पालिका के अफसर तो खुलेआम मनमानी करके बड़े कब्जेदारों से ऐसा मैत्री पूर्ण व्यवहार कर रहे है मानों यह अफसर बड़े कब्जेदारों संरक्षण पलने लगे है। अगर ऐसा नही होता तो अब तक कार्यवाही हो गई होती।

**घण्टाघर के पास बने मंदिर पर अतिक्रमण**

घण्टाघर वाली गली के पास बना मंदिर भी अतिक्रमण का शिकार हो गया हैं वहां पर जबरदस्त तरीके से अतिक्रमण है कई बार अतिक्रमण हटवाने की शिकायते की जा रही है और बताया जा रहा है कि मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा भी है उसको हटवाने की मांग लगातार की जा रही है इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा हैं अतिक्रमण के नाम पर केवल नगर में जहां तहां बुलडोजर चलवा कर दावा कर दिया जाता है कि अतिक्रमण अभियान के तहत अतिक्रमण हटाया गया लेकिन मंदिर की समस्या के पास अतिक्रमण को नही हटाया जा रहा है।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई को प्रोत्साहित करने हेतु नानपारा जोन के क्रयकेंद्र चहलुवा में विशाल कृषक जागरूकता संगोष्ठी सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**



खंभारखेडा बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खम्भारखेड़ा के तत्वावधान में नानपारा जोन के क्रयकेंद्र चहलुवा में बसंतकालीन गन्ना बुवाई को बढ़ावा देने एवं उन्नत कृषि तकनीकों के प्रसार हेतु एक भव्य कृषक जागरूकता संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों कृषि विशेषज्ञों एवं गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के पूर्व वैज्ञानिक डा.वी.सी. जादौन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बजाज चीनी मिल खम्भारखेड़ा के महाप्रबंधक (गन्ना) पुष्पेंद्र ढाका, सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) संजीव कुमार एवं राज सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी मंजीत सिंह तथा प्रगतिशील कृषक जगदीश प्रसाद मौर्य, पंजाब सिंह, राज किशोर मिश्रा, संतोष मौर्य सहित बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डा.वी.सी. जादौन ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई की उन्नत एवं वैज्ञानिक विधियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को भूमि एवं बीज शोधन, अधिक उत्पादन प्राप्त करने की तकनीकों तथा प्रभावी फसल संरक्षण उपायों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सुझाव दिया कि गन्ने की पंक्ति से पंक्ति की दूरी न्यूनतम 4 फीट रखी जाए मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों का उपयोग किया जाए तथा केवल स्वीकृत एवं उन्नत गन्ना प्रजातियों की ही बुवाई की जाए। साथ ही बीज उपचार (थायोफिनेट मिथाइल), भूमि उपचार (ट्राइकोडर्मा), सिंगल बड तकनीक, ट्रेंच विधि, जैविक खाद का समुचित प्रयोग संतुलित पोषण प्रबंधन एवं प्रभावी पेड़ी प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष जानकारी दी।उन्होंने किसान भाइयों से गन्ना प्रजाति को0 118, को0 98014, को0,15023, को0लख0 14201, की बुवाई करने की सलाह दी।उन्होंने किसानों को बताया कि को0 0238 की बुवाई कदापि ना करें साथ ही कोई भी अस्वीकृत या अपरिचित प्रजाति की बुवाई ना करें।जिस खेत में गत वर्ष लाल सड़न रोग लगा हो उसमें दोबारा गन्ना की बुआई ना करें।

# एक साथ 12 लक्ष्यों को भेदता है रूस का 'वीएल शितल हथियार'



■ इस प्रणाली के शामिल होने से भारत की समुद्री रक्षा क्षमता और मजबूत होगी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने नौसेना की हवाई सुरक्षा क्षमता को मजबूत करने के लिए बड़ा रक्षा सौदा किया है। रक्षा मंत्रालय ने कुल 5,083 करोड़ रुपये की खरीद को मंजूरी दी है, जिसमें ALH MK-III हेलीकॉप्टर और वर्टिकल लॉन्च शितल एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार, भारतीय नौसेना ने 2,182 करोड़ रुपये में सतह से हवा में मार करने वाले वीएल शितल मिसाइल सिस्टम की खरीद के लिए रूस की कंपनी जेएससी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ समझौता किया है। इस प्रणाली के शामिल होने से भारत की समुद्री रक्षा क्षमता और मजबूत होगी और पाकिस्तान जैसे नजदीकी दुश्मनों से आने वाले हवाई खतरों से निपटने में मदद मिलेगी। यह प्रणाली एक साथ 12 लक्ष्यों को निशाना बनाने की क्षमता रखती है।

### एसएआरएच प्रणाली की सीमाएं क्या है?

- हालांकि SARH प्रणाली के कुछ सीमित पहलू भी हैं। यह तकनीक अपेक्षाकृत कम दूरी के लक्ष्यों के लिए अधिक प्रभावी मानी जाती है।
- इसके अलावा, इस प्रणाली में लक्ष्य को जहाज के रडार से लगातार रोशन करना पड़ता है। जैसे-जैसे लक्ष्य की दूरी बढ़ती है, रडार से परावर्तित सिग्नल कमजोर होता जाता है, जिससे लक्ष्य की पहचान और ट्रैकिंग चुनौतीपूर्ण हो सकती है।
- फिर भी विशेषज्ञों का मानना है कि लागत, विश्वसनीयता और तेज प्रतिक्रिया क्षमता के कारण शितल-1 जैसी प्रणाली भारतीय नौसेना के लिए समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने वाला अहम कदम साबित हो सकती है।

### शितल-1 क्या है?

- शितल-1 एक मध्यम दूरी की नौसैनिक वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली है।
- इसे रूस की अलमाज-आंते कंपनी ने विकसित किया है।
- इसे मुख्य रूप से हल्के युद्धपोतों के लिए डिजाइन किया गया है ताकि समुद्र में जहाजों को हवाई हमलों से सुरक्षित रखा जा सके।
- यह प्रणाली 9एम317एमई सेमी-एक्टीव राडर होमिग मिसाइल का उपयोग करती है।
- यह एक सिंगल-स्टेज ठोस ईंधन आधारित इंटरसेप्टर मिसाइल है, जिसके पंख मोड़े जा सकते हैं और जिसे नौसैनिक युद्ध परिस्थितियों के अनुरूप तैयार किया गया है।

### शितल-1 क्या-क्या कर सकता है?

- शितल-1 अपनी तेज प्रतिक्रिया और लगातार फायरिंग क्षमता के लिए जाना जाता है।
- यह सिस्टम हर 2 से 3 सेकंड में एक मिसाइल दाग सकता है।
- यह प्रणाली सुपरसोनिक विमान, हेलीकॉप्टर, ड्रोन और एंटी-शिप मिसाइल जैसे हवाई खतरों को निशाना बनाने में सक्षम है।
- इसकी मारक क्षमता 3.5 किमी से 50 किमी तक है, जबकि ऊंचाई पर यह 5 मीटर से लेकर 15 किमी तक के लक्ष्यों को भेद सकती है।
- यह सिस्टम एक साथ 12 अलग-अलग लक्ष्यों को ट्रैक और नष्ट करने की क्षमता रखता है, जिससे युद्ध या संघर्ष की स्थिति में जहाजों की सुरक्षा कई गुना बढ़ जाती है।

### भारत ने शितल-1 को क्यों चुना?

- इस प्रणाली को चुनने के पीछे एक बड़ी वजह इसकी किफायती लागत भी है।
- विशेषज्ञों के अनुसार, SARH आधारित मिसाइलें बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए अपेक्षाकृत सस्ती और सरल होती हैं।
- इस प्रणाली में जहाज पर लगे हाई-पावर फायर-कंट्रोल रडार (जैसे MR-90 Orekh) लक्ष्य को लगातार रोशन करते हैं, जिससे मिसाइल को लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिलती है।
- इसके विपरीत, Active Radar Homing (ARH) सिस्टम, जैसे इस्राइल का बराक MR-SAM, मिसाइल के अंदर लगे छोटे रेडियो-फ्रीक्वेंसी ट्रांसमीटर पर निर्भर करते हैं। इससे लक्ष्य की पहचान अपेक्षाकृत कम स्पष्ट हो सकती है।

# अंधकार की ओर बढ़ रहे राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंध: राहुल गांधी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोल्लम**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा दौर की राजनीति में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मामले में हर कोई अंधकार की ओर बढ़ रहा है और ज्ञान से दूर जा रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे राजनीति हो या अंतरराष्ट्रीय संबंध, एक-दूसरे को समझने का कोई प्रयास नहीं किया जाता और असहमति के मामलों में हिंसा का सहारा लिया जाता है।

### असहमति को दबाने का आरोप लगाया

उन्होंने कहा, आज हम राजनीति में अंतरराष्ट्रीय संबंधों को देख रहे हैं कि हर कोई अंधकार की ओर बढ़ रहा है और ज्ञान से दूर जा रहा है। दूसरे व्यक्ति को समझने के प्रयास नहीं किया जाता है। बस, बम गिराकर उन्हें मार डाला जाता है। उन्होंने आरोप लगाया, हमारे यहां की राजनीति में भी यही हाल है। अगर आप किसी से सहमत नहीं होते, तो आप उस पर हमला करते हैं या उसके प्रति हिंसक हो जाते हैं। वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और समाज सुधार संत श्री नारायण गुरु की मुलाकात की जन्म



शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### महात्मा गांधी और नारायण गुरु का दिया उदाहरण

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और नारायण गुरु दोनों ही इस तरह की हिंसा के विरोधी थे और जनता के बीच प्रेम, सम्मान, क्षमता और समझदारी की पैरवी करते थे। अपने संबोधन में आगे उन्होंने कहा कि संविधान में भी वे मूल्य समाहित हैं, जिनकी पैरवी नारायण गुरु और महात्मा गांधी ने की थी। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि महात्मा गांधी ने उस समय दुनिया के सबसे ताकतवर साम्राज्य से लड़ाई लड़ी थी और उनके साथ जो कुछ भी किया गया, उन पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। (महात्मा) गांधी उस मजबूत व्यवस्था के खिलाफ अपने संघर्ष के दौरान नारायण गुरु जैसे लोगों से प्रेरित हुए और उनसे बातचीत की।

### कांग्रेस नेता ने बताया शक्ति और बल में अंतर

विपक्ष के नेता ने कहा, अंग्रेजों के खिलाफ महात्मा गांधी के संघर्ष से मुझे अहसास हुआ कि शक्ति और बल में अंतर होता है। उन्होंने आगे कहा, ब्रिटिश शासन के पास बल तो था, पर सत्ता नहीं। गांधीजी के पास बल नहीं था, पर सत्य था, इसलिए उनके पास शक्ति थी। इसी तरह नारायण गुरुजी के पास बल नहीं था। उनके पास अपार धन-दौलत नहीं थी। वह आलीशान वाहन में नहीं घूमते थे। फिर भी वह अपने समय में केरल के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति थे। उन्होंने आगे कहा, कल्पना कीजिए कि सौ साल बाद केरल का पूरा राजनीतिक वर्ग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के एकत्र हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि महात्मा गांधी और नारायण गुरु ने हिंसा और नफरत का इस्तेमाल करने वालों को यह संदेश दिया कि इससे कुछ हासिल नहीं होता, बल्कि नुकसान ही होता है।

# ट्रंप न्यूयॉर्क का मेयर चुन नहीं सकते, तेहरान पर दावा कर रहे: ईरान के उप-विदेश मंत्री



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में अमेरिका और इस्राइल के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच ईरान के उप-विदेश मंत्री डॉ. सईद खतीबजादेह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दिल्ली में रायसीना डायलॉग 2026 में बोलते हुए उन्होंने कहा कि तेहरान के पास आक्रामक शक्तियों के खिलाफ जहां से भी अमेरिकी हमले शुरू हो रहे हैं, उन्हें निशाना बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसी के साथ उन्होंने ट्रंप पर ईरान के नए सुप्रीम नेता को लेकर दिए बयान पर भी करार हमला बोला।

### अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन

ईरान के उप-विदेश मंत्री ने अमेरिका और इस्राइल की कार्रवाइयों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों के खिलाफ बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईरान की ओर से किसी भी प्रकार का उकसावा नहीं हुआ था। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के खिलाफ यह आक्रामकता क्यों शुरू की, और कहा कि अमेरिकी प्रशासन से इस सवाल का जवाब अलग-अलग मिलेगा। उन्होंने इस आक्रामकता के पीछे 'सत्ता की राजनीति और 'ग्रेटर इस्राइल' के भ्रम' को जिम्मेदार ठहराया।

### 'ग्रेटर इस्राइल' का भ्रम और अमेरिकी उपस्थिति का अंत

खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने का फैसला किया है, जबकि इस्राइल दशकों से 'ग्रेटर इस्राइल' के अपने भ्रम के कारण इसका वादा करता रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान के पास फारस की खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति को समाप्त करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

### 'ईरान के अस्तित्व पर हमला'

डॉ. खतीबजादेह ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और इस्राइल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने इस संघर्ष को 'वीरतापूर्ण, राष्ट्रवादी युद्ध' बताया, जिसका उद्देश्य आक्रामक शक्तियों को पीछे धकेलना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान को अपनी रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे।

### ईरानी मंत्री का ट्रंप पर करारा तंज

उप विदेश मंत्री डॉ. सईद खतीबजादेह ने ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर रहे हैं, जबकि वे न्यूयॉर्क के मेयर की नियुक्ति तक नहीं कर सकते। क्या आप इस औपनिवेशिक रवैये की कल्पना कर सकते हैं? एक ओर वे अपने देश में लोकतंत्र देखना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर वे ईरान के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को पद से हटाना चाहते हैं।'

# सिद्धारमैया ने पेश किया 4.48 लाख करोड़ का बजट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को अपना 17वां बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार संघीय शासन व्यवस्था का पालन नहीं कर रही है। इस वजह से कर्नाटक के साथ अन्याय हो रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार विकास की ऐसी रणनीति अपना रही है, जिसमें जन कल्याण योजनाओं और बुनियादी ढांचे में निवेश के बीच संतुलन बनाया गया है।

### देश के विकास में कर्नाटक सबसे आगे: सिद्धारमैया

उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि वह राज्य की मांगों के प्रति अधिक संवेदनशील बने। साल 2026-27 का बजट पेश करते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि कर्नाटक देश के विकास में सबसे आगे है। यह देश को सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले प्रमुख राज्यों में से एक है। उन्होंने जानकारी दी कि



साल 2026-27 के लिए कुल खर्च 4,48,004 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। सिद्धारमैया के राजनीतिक करियर का यह 17वां बजट है। बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कई बड़ी घोषणाएं भी की हैं। उन्होंने बताया कि आईआईआईएससी, इसरो और कीओनिक्स मिलकर बैंगलोर रोबोटिक्स और एआई इनोवेशन जोन नाम का एक खास कैंपस बनाएंगे। यह कैंपस रोबोटिक्स और एआई तकनीक को बढ़ावा देगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने जानकारी दी की बच्चों में मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल के बुरे असर को रोकने के लिए 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पाबंदी लगाई जाएगी।

### बंगलूरू को रहने के लिए दुनिया का सबसे बेहतर शहर बनाएंगे: सिद्धारमैया

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि उनकी सरकार मुख्य लक्ष्य बंगलूरू को दुनिया का सबसे अच्छा रहने लायक शहर बनाना है। सिद्धारमैया ने बताया कि बंगलूरू में विकास कार्यों के लिए ग्रेटर बंगलूरू प्राधिकरण के तहत आने वाले पांच नगर निगम अपनी बैलेंसशीट के आधार पर नगर निगम बॉन्ड जारी करके संसाधन जुटाएंगे। उन्होंने कहा कि बंगलूरू केवल एक शहर नहीं बल्कि अनगिनत सपनों की धरती है। केम्पेगौड़ा के प्रशासन से लेकर आज के स्टार्टअप्स के दौर तक, इस शहर ने अपनी अलग पहचान बनाए रखी है। सरकार मुख्य उद्देश्य इस शहर को दुनिया का सबसे बेहतर रहने वाला शहर बनाना है।

# 'रेड कॉरिडोर का सपना देखने वाले हो जाएंगे नाकाम'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश को 31 मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल उन लोगों के मंसूबों को विफल कर देंगे जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति से नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर तक तथाकथित रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं।

### शाह ने रेड कॉरिडोर को लेकर क्या कहा?

ओडिशा के कटक जिले के मुंडाली में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 57वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सुरक्षा बल उन ताकतों को हराएंगे, जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति से लेकर नेपाल के पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा एजेंसियों



ने नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है और अब देश लाल आतंक को समाप्त करने के करीब पहुंच गया है। शाह ने ष्टढ्ढस्स्न की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह बल देश के प्रमुख प्रतिष्ठानों को सुरक्षा देकर आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने देश की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में बड़ी प्रगति की है।

# समुद्र बन रहे वैश्विक शक्ति संतुलन का केंद्र: राजनाथ

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कोलकाता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने शुक्रवार को कोलकाता में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि बदलती वैश्विक राजनीति में समुद्र एक बार फिर दुनिया की शक्ति संतुलन का केंद्र में आ गए हैं। अब यह भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास और पूरी क्षमता के साथ समुद्री क्षेत्र में नेतृत्व करे।

### रक्षा मंत्री ने क्या कहा?

राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया के ताजा घटनाक्रम को असामान्य बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि इस इलाके के हालात पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर डाल सकते हैं। उन्होंने कहा, पश्चिम



एशिया में जो हो रहा है, वह सामान्य नहीं है। इस समय यह कहना मुश्किल है कि वहां के हालात आगे किस दिशा में जाएंगे।

### वैश्विक व्यापार को हो रहा नुकसान

रक्षा मंत्री ने होर्मुज जलडमरूमध्य और फारस की खाड़ी के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि यह इलाका दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। जब भी इस क्षेत्र में कोई रुकावट आती है, तो इसका सीधा असर तेल और गैस की सप्लाई पर पड़ता है। उन्होंने बताया कि आज सिर्फ ऊर्जा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि दूसरे सामानों की सप्लाई चेन में भी रुकावटें आ रही हैं। इन अनिश्चितताओं की वजह से वैश्विक व्यापार को नुकसान हो रहा है। सिंह ने कहा कि मौजूदा हालात ने एक बार फिर समुद्रों की अहमियत को साबित किया है। उन्होंने कहा, बदलती वैश्विक राजनीति के इस दौर में समुद्र शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं। एक बड़े समुद्री देश के तौर पर भारत को साफ विजन के साथ आगे आना होगा।

### पश्चिम में तनाव चरम पर

हालांकि, रक्षा मंत्री ने श्रीलंका के पास अमेरिकी हमले में ईरानी युद्धपोत के डूबने का सीधा जिक्र नहीं किया। बता दें कि ईरानी युद्धपोत 'आईआरआईएस डेना' भारत की मेजबानी वाले मिलान नौसैनिक अभ्यास से लौट रहा था, तभी उसे निशाना बनाया गया। इस हमले में 87 ईरानी नाविकों की मौत हो गई। इसके बाद अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। अमेरिका ने 28 फरवरी को ईरान पर बड़े सैन्य हमले किए थे, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की जान चली गई। इसके जवाब में ईरान ने इजरायल और कई खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इनमें यूएई, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन और सऊदी अरब जैसे देश शामिल हैं। पिछले तीन दिनों से दोनों तरफ से भीषण हमले जारी हैं।

# कोई देश खुद को नहीं कह सकता सर्वोच्च ताकत: जयशंकर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

वैश्विक तनाव के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि आज कोई भी देश पूरी तरह से हावी नहीं है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि 20वीं सदी के मध्य से एक निश्चित विश्व व्यवस्था बनाए रखने की वैश्विक अपेक्षा 'अवास्तविक' थी, और अब शक्ति विभिन्न आयामों में काफी हद तक फैल गई है।

### वैश्विक शासन का बदलता स्वरूप

रायसीना डायलॉग 2026 में बोलते हुए विदेश मंत्री ने पिछले सात दशकों में वैश्विक शासन के विकसित होते स्वरूप पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, 'जब हम इन 70 वर्षों को पीछे मुड़कर देखते हैं, तो मुझे लगता है कि 1945 या 1989 को हमेशा के लिए




स्थिर करने की उम्मीद एक बहुत ही अवास्तविक उम्मीद थी। दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग 2026 में जयशंकर ने कहा कि 1945 या 1989 के बाद बने विश्व व्यवस्था को हमेशा के लिए बनाए रखने की उम्मीद करना अवास्तविक था। उन्होंने कहा कि पिछले 70 साल को अगर इतिहास के नजरिए से देखें तो यह भारत के हजारों साल के इतिहास का सिर्फ एक छोटा हिस्सा है, इसलिए दुनिया का बदलना स्वाभाविक है।

### वैश्विक व्यवस्था में बदलाव के पीछे दो बड़ी ताकतें

जयशंकर ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था में बदलाव के पीछे दो बड़ी ताकतें काम कर रही हैं तकनीक (टेक्नोलॉजी) और जनसंख्या का स्वरूप (डेमोग्राफी)। आने वाले दशक में यही दोनों कारक दुनिया की दिशा तय करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आज वैश्विक राजनीति का विश्लेषण अक्सर अमेरिका के इर्द-गिर्द किया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दुनिया धीरे-धीरे कई ताकतों में बंट रही है। अब कोई भी देश ऐसा नहीं है, जो हर क्षेत्र-जैसे अर्थव्यवस्था, सैन्य शक्ति, तकनीक या कूटनीति में पूरी तरह से हावी हो। विदेश मंत्री के मुताबिक आज ताकत का मतलब सिर्फ जीडीपी या सैन्य शक्ति नहीं रह गया है। दुनिया के अलग-अलग हिस्से अलग-अलग क्षेत्रों में मजबूत हो रहे हैं, इसलिए वैश्विक शक्ति अब कई देशों और क्षेत्रों में फैली हुई है।

# भाजपा-चुनाव आयोग की साजिश को करूंगी बेनकाब: ममता बनर्जी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कोलकाता पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा चुनावों से ठीक पहले मतदाता सूची से कथित तौर पर मनमाने ढंग से नाम हटाए जाने के विरोध में एक धरना शुरू किया। इस कदम से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और चुनाव आयोग के बीच टकराव और बढ़ गया है।

### ममता बनर्जी ने शुरू किया धरना

कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू करते हुए, बनर्जी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर बंगाली मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया और उन्हें बेनकाब करने की कसम खाई। टीएमसी सुप्रीमो ने विरोध प्रदर्शन की शुरुआत में कहा, 'मैं बंगाली मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की भाजपा-चुनाव आयोग की साजिश को बेनकाब करूंगी।'

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लगाया आरोप

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संशोधित मतदाता सूची में कई मतदाताओं को मृत घोषित कर दिया गया है। बनर्जी ने कहा, 'मैं उन मतदाताओं को, जिन्हें चुनाव आयोग ने मृत घोषित कर दिया है, इस विरोध स्थल पर प्रस्तुत करूंगी।' यह धरना,



जो मध्य कोलकाता में दोपहर 2:15 बजे शुरू हुआ। इसकी घोषणा टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पहले ही कर दी थी। उन्होंने चुनाव आयोग पर राजनीतिक रूप से प्रेरित अभ्यास करने का आरोप लगाया था, जिससे लाखों योग्य मतदाता मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।

### कैस शुरू हुआ विवाद?

यह विवाद चुनाव आयोग की नई वोटर लिस्ट आने के बाद बढ़ा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर से एसआईआर शुरू होने के बाद से 63.66 लाख नाम लिस्ट से हटा दिए गए हैं। यह कुल मतदाताओं का लगभग 8.3 प्रतिशत है। इसके कारण बंगाल में मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गई है। इसके अलावा, 60.06 लाख से अधिक मतदाताओं को जांच के दायरे में रखा गया है। इसका मतलब है कि आने वाले हफ्तों में कानूनी जांच के माध्यम से उनकी पात्रता निर्धारित की जाएगी। यह प्रक्रिया निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावी समीकरणों को और भी बदल सकती है।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने का प्रस्ताव, 118 सांसदों ने किया समर्थन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू हो रहा है। माना जा रहा है कि लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है। विपक्ष ने उन पर आरोप लगाया है कि उन्होंने खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया है। कांग्रेस ने कहा है कि यह प्रस्ताव नियमों और परंपराओं के अनुसार है।

### 118 विपक्षी सांसदों ने दिया नोटिस

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर बाकी सभी विपक्षी दलों ने स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर



हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस पर 9 मार्च को चर्चा होगी। जयराम रमेश ने यह भी बताया कि इस नोटिस पर 118 विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। जयराम रमेश ने कहा, 'यह एक स्वस्थ और लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। हमने जो प्रस्ताव दिया है, वह नियमों और परंपराओं के मुताबिक है। इससे पहले भी ऐसा हो चुका है। उदाहरण के लिए, 1954 में महान स्पीकर जी वी मावलंकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। '

### कांग्रेस ने कहा, प्रस्ताव पर बहस होनी चाहिए

कांग्रेस नेता ने आगे कहा, 'ये संसदीय लोकतंत्र के साधन हैं। विपक्ष को इसका पूरा अधिकार है। इस पर बहस होगी, देखते हैं उसके बाद क्या होता है।' उन्होंने यह भी कहा कि हमने स्पीकर के पक्षपातपूर्ण व्यवहार के खास उदाहरण दिए हैं, जबकि विपक्षी सदस्यों पर झूठे आरोप लगाए गए। हमने पूरा संदर्भ बताया है और इस पर बहस होनी चाहिए।

### क्या है स्पीकर को हटाने की प्रक्रिया

अगले सोमवार को लोकसभा में ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इस दौरान वह अध्यक्ष की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। वह सदस्यों के बीच बैठेंगे। नियमों के अनुसार, बिरला को सदन में अपनी बात रखने और अपना बचाव करने का पूरा अधिकार होगा। वह प्रस्ताव के खिलाफ वोट भी दे सकते हैं। संविधान विशेषज्ञ पी डी टी आचार्य के अनुसार, जब प्रस्ताव पर चर्चा होगी तो बिरला सदन की कार्यवाही का संचालन नहीं करेंगे। वह सत्ता पक्ष की सीटों पर बैठेंगे। असल में, जिस दिन यह नोटिस दिया गया था, उसी दिन से बिरला ने सदन की अध्यक्षता करना बंद कर दिया था।